संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, मंगलवार, 11 जून 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने राष्ट्रपति द्रौपदी से मुलाकात की और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 13 अंकः 160 पृष्ठः 12

RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# नई सरकार में भी पीएम मोदी ने नहीं बदली अपनी कोर टीम

- सीसीसीएस में रिपीट हुए सभी मंत्रीः शिवराज को कृषि, खट्टर को आवास; शाह-गडकरी समेत पांच वरिष्ठ मंत्रियों की जिम्मेदारी में बदलाव नहीं










## विभागों का बंटवारा

**सूची राष्ट्रपति भवन के सचिवालय की ओर से जारी कर दी गई है। सूची के मुताबिक नितिन गडकरी को लगातार तीसरी बार सड़क परिवहन मंत्रालय सौंपा गया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंत्रिपरिषद सहयोगियों के बीच विभागों का बंटवारा कर दिया है। मंत्रियों के विभागों की सूची राष्ट्रपति भवन के सचिवालय की ओर से जारी कर दी गई है। सूची के मुताबिक नितिन गडकरी को लगातार तीसरी बार सड़क परिवहन मंत्रालय सौंपा गया है। अब तक की जानकारी के अनुसार पिछली सरकार में भाजपा के पांच प्रमुख मंत्रियों के विभागों को नई सरकार में भी जस का तस रखा गया है। इनमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारणम, विदेश मंत्री एस जयशंकर के नाम शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने अन्य कैबिनेट सहयोगियों के बीच भी मंत्रालय बांट दिए हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने कैबिनेट की पहली बैठक में पीएम आवास योजना को लेकर बड़े फैसले लिए। अजय टम्टा को सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री बनाया है। हर्ष मल्होत्रा भी सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री बनाए गए हैं।

**चिराग पासवान को खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालयः** सीआर पाटिल को जलशक्ति मंत्रालय, गजेंद्र शेखावत को संस्कृति-पर्यटन और चिराग पासवान को खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय मिला है। सबार्नंद सोनोवाल को बंदरगाह और जहाजरानी, राम मोहन नायडू को नागरिक उड्डयन, किरेन रिजिजू को संसदीय कार्य और भूपेंद्र यादव को पर्यावरण मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है। चुनाव हारने के बावजूद मंत्री बनाए गए रवनीत सिंह बिट्टू को अल्पसंख्यक मामलों का मंत्रालय दिया गया है। पिछली सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रहे मनसुख मांडविया को श्रम व रोजगार मंत्रालय के साथ-साथ युवा कल्याण एवं खेल मंत्रालय का भी जिम्मा सौंपा गया है।

**रक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे अहम विभाग भाजपा ने अपने पास ही रखा :** राजनाथ सिंह रक्षा मंत्री बरकरार रहेंगे। भाजपा के वर्तमान अध्यक्ष जेपी नड्डा को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और धर्मेंद्र प्रधान को शिक्षा मंत्रालय का जिम्मा मिला है। जीतनराम मांझी को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय की जिम्मेदारी मिली है।

**मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री को कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय मिलाः** पांच बड़े मंत्रालय यानी गृह, रक्षा, वित्त, परिवहन और विदेश में कोई बदलाव नहीं किया गया है। राजनाथ सिंह रक्षा मंत्री, अमित शाह गृह मंत्री, निर्मला सीतारमण वित्त मंत्री और एस जयशंकर विदेश मंत्री बने रहेंगे। कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ले चुके मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को कृषि मंत्रालय मिला है। अश्विनी वैष्णव को सूचना और प्रसारण मंत्रालय के साथ-साथ सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्रालय भी दिया गया है।

**हरियाणा के पूर्व सीएम को भी अहम जिम्मेदारी मिलीः** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और मोदी मंत्रिपरिषद में बतौर कैबिनेट मंत्री शपथ लेने वाले मनोहर लाल खट्टर को ऊर्जा व आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय का जिम्मा मिला है। उनके साथ तोखन साहू आवास और शहरी मामलों के राज्य मंत्री और श्रीपद नाईक ऊर्जा राज्य मंत्री बने हैं।

## मोदी कैबिनेट का पहला फैसला- 3 करोड़ नए घर बनेंगे



टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्लीः** मोदी कैबिनेट ने पहली बैठक में गरीबों के लिए तीन करोड़ नए घर बनाने को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गांवों और शहरों में बनने वाले इन घरों में टॉयलेट, बिजली, पानी और गैस कनेक्शन होगा। इस स्कीम के तहत पिछले 10 साल में कुल 4.21 करोड़ घर पहले ही बनाए जा चुके हैं। योजना के तहत घर बनाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार से आर्थिक मदद दी जाती है। मोदी 3.0 की पहली कैबिनेट बैठक सोमवार 10 जून को पीएम आवास पर हुई। इसमें सभी कैबिनेट मंत्री शामिल हुए।

**पीएम ने पहली फाइल पर साइन किए – 20 हजार करोड़ की किसान सम्मान निधि को मंजूरीः** पीएम मोदी ने सोमवार को प्रधानमंत्री कार्यालय पहुंचकर कार्यभार संभाला। उन्होंने सबसे पहले किसान सम्मान निधि की फाइल पर साइन किए। केंद्र की किसान कल्याण योजना के तहत देश के 9.3 करोड़ किसानों को सालाना 6 हजार रुपए की आर्थिक मदद दी जाती है। इसे ही किसान सम्मान निधि कहा जाता है। मोदी ने सोमवार को इसकी 17वीं किशत को मंजूरी दी। मोदी पीएमओ के अफसरों से बोले– बताएं कि हम और बेहतर काम कैसे कर सकते हैं

## मोदी कैबिनेट नहीं मिलने से एकनाथ शिंदे गुट सांसद नाराज



टीम एक्शन इंडिया

मुंबई

**महाराष्ट्र** में एनडीए की सहयोगी पार्टी शिवसेना (शिंदे गुट) के सांसद ने मोदी कैबिनेट में पार्टी के किसी सांसद को शामिल नहीं करने पर नाराजगी जाहिर की। पार्टी सांसद श्रीरंग बारणे ने कहा कि 7 सांसद होने के बावजूद हमें एक भी कैबिनेट पद नहीं दिया गया। शिवसेना (शिंदे गुट) के प्रतापराव जाधव ने मोदी 3.0 में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) की शपथ ली है। उन्होंने कहा कि, "हम कैबिनेट में जगह की उम्मीद कर रहे थे। चिराग पासवान के 5 सांसद हैं, जीतन राम मांझी का एक सांसद हैं, जेडीएस के 2 सांसद हैं, फिर भी उन्हें एक कैबिनेट मंत्रालय मिला। फिर 7 लोकसभा सीटें मिलने के बावजूद शिवसेना (शिंदे) को सिर्फ एक राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) क्यों मिला।" बारणे ने आगे कहा कि शिवसेना, भाजपा की पुरानी सहयोगी है। कम से कम इसके लिए तो शिवसेना को कैबिनेट पद मिलना चाहिए था। उन्होंने कैबिनेट पद बांटने में पक्षपात का आरोप भी लगाया है। बारणे ने कहा कि महाराष्ट्र में शिवसेना ने 15 सीटों पर चुनाव लड़ा था, जिसमें से 7 सीटें जीतीं, जबकि भाजपा ने 28 में से नौ सीटें जीतीं हैं। भाजपा को ध्यान में रखना चाहिए एकनाथ शिंदे के साहसिक कदम के कारण महाराष्ट्र में सत्ता परिवर्तन

## ओडिशा सीएम के लिए 3 नाम पर चर्चा

**भुवनेश्वरः ओडिशा** विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने बहुमत हासिल किया है। राज्य की 147 सीटों में से बहुमत का आंकड़े 74 को पार करते हुए बीजेपी ने 78 सीटें हासिल की। अब राज्य का सीएम कौन होगा, इसको लेकर कयास लगाए जाने शुरू हो गए हैं। पार्टी के तीन नेताओं सुरेश पुजारी, मनमोहन सामल और गिरीश मुर्मू के नाम सीएम की रेस में चल रहे हैं। इनमें भी सुरेश पुजारी सीएम पोस्ट के लिए मजबूत कैंडिडेट माने जा रहे हैं। सुरेश ब्रजराजनगर विधानसभा सीट से जीते हैं। वहीं, मनमोहन सामल ओडिशा बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष हैं। वहीं, गिरीश मुर्मू को पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का करीबी बताया जाता है। पहले केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का नाम भी इस लिस्ट में शामिल था, लेकिन मोदी 3.0 कैबिनेट में उन्हें जगह दी गई। लिहाजा वे सीएम की रेस से बाहर हैं। इधर, बीजेपी ने ओडिशा के नए सीएम के चयन के लिए केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और भूपेंद्र यादव को ओडिशा का पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। भाजपा के ओडिशा प्रभारी विजय पाल सिंह तोमर ने बताया कि पार्टी विधायक दल की मंगलवार 11 जून को बैठक होगी। नई सरकार का शपथ ग्रहण 12 जून को होगा। ब्रजराजनगर के विधायक सुरेश कुमार पुजारी पिछले लोकसभा चुनाव में बरगढ़ लोकसभा क्षेत्र से चुनाव जीतकर संसद पहुंचे थे।

# प्रेम सिंह ने सिक्किम के सीएम के रूप में शपथ ली

**टीम एक्शन इंडिया**

**गंगटोकः** सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) के अध्यक्ष प्रेम सिंह तमांग ने राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। यह लगातार दूसरी बार है, जब तमांग सिक्किम के मुख्यमंत्री बने हैं। शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन सिक्किम के पालजोर स्टेडियम में आयोजित कराया गया। राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने तमांग को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।




**एसकेएम ने 32 में से 31 सीटों पर दर्ज की थी जीतः** इस वर्ष अप्रैल के महीने में सिक्किम में विधानसभा चुनाव संपन्न हुए और 2 जून को नतीजे आए। एसकेएम ने प्रेम सिंह तमांग के नेतृत्व में राज्य में 32 में से 31 सीटों पर प्रचंड जीत हासिल की है। इस बार विधानसभा चुनाव में तमांग ने जिन दो सीटों से उन्होंने चुनाव लड़ा, वहां उन्हें जीत हासिल हुई।

**कार्यभार संभाला**

**एसकेएम ने प्रेम सिंह तमांग के नेतृत्व में राज्य में 32 में से 31 सीटों पर प्रचंड जीत हासिल की है।**

# भारत सरकार के कर्मचारी भी इस जीत के हकदार पदभारः मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को पीएमओ में कर्मचारियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में वैश्विक मापदंडों से भी आगे जाकर काम करना है। उन्होंने उन्होंने कहा कि जहां कोई नहीं पहुंचा, वहां अपने देश को हमें पहुंचाना है। प्रधानमंत्री ने कहा, "मेरा शुरू से प्रयास रहा है कि पीएमओ सेवा का अधिष्ठान और जनता का प्रधानमंत्री कार्यालय बने।

सरकार का मतलब सामर्थ्य, समर्पण और संकल्पों की नई ऊर्जा है। हमारी टीम के लिए ना तो समय का बंधन है, ना सोचने की सीमाएं और ना ही पुरुषार्थ के लिए कोई तय मानदंड।

# भारत के साथ काम करना चाहता है बांग्लादेशः हसीना



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** नरेंद्र मोदी ने ने राष्ट्रपति भवन में तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली है। इसके बाद से उनको देश -विदेश हर जगह से बधाई मिल रही है। कल शपथ समारोह में 7 विदेशी नेता भी मौजूद थे। इनमें बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। अब शेख हसीना भारत और बांग्लादेश के संबंधों को और मजबूत करने के लिए भविष्य में नई सरकार के साथ काम करना चाहती हैं। बांग्लादेश के विदेश मंत्री, मुहम्मद हसन महमूद ने इस बारे में जानकारी दी है।

हसन महमूद ने आगे बताया, शेख हसीना ने समारोह के बाद पीएम नरेंद्र मोदी से वन-टू-वन मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने एक बार फिर उन्हें और एनडीए को चुनाव जीतने के लिए बधाई दी। वह संबंधों को मजबूत करने के लिए भविष्य में नई सरकार के साथ काम करना चाहती हैं।

**शेख हसीना ने दिया बांग्लादेश आने का निमंत्रणः** हसन महमूद कहते हैं, शेख हसीना ने पीएम मोदी को बांग्लादेश आने का भी निमंत्रण दिया है। उन्होंने ये भी कहा, 'एक पड़ोसी के रूप में, हमारे पास कई अवसर हैं। हमें अपने लोगों के बीच संपर्क को मजबूत करना होगा, कनेक्टिविटी के मामले में,हमें और अधिक काम करना होगा क्योंकि इससे बांग्लादेश और भारत दोनों को लाभ मिलता है।'

# मणिपुर के सीएम की अग्रिम सुरक्षा टीम पर हमला

**टीम एक्शन इंडिया**

**इंफालः** हिंसाग्रस्त मणिपुर में मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के काफिले पर उग्रवादियों ने हमला कर दिया। हालांकि, काफिले में मुख्यमंत्री शामिल नहीं थे। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह की अग्रिम सुरक्षा टीम पर घात लगाकर किए गए हमले में दो सुरक्षाकर्मी घायल हो गया है। घटना सोमवार की सुबह की है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री मौजूदा स्थिति का जायजा लेने के लिए मंगलवार को संकटग्रस्त जिरीबाम जिले का दौरा करने वाले थे। घटना के बाद मणिपुर पुलिस कमांडो और असम राइफल्स ने एक संयुक्त टीम बनाई है और अपराधियों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को सीएम एन.बीरेन सिंह हिंसाग्रस्त जिरीबाम का दौरे पर जाने का कार्यक्रम था। इसी सिलसिले में सीएम की अग्रिम सुरक्षा टीम हालात का जायजा लेने के लिए जिरीबाम जा रही थी।

# भारत-मालदीव साथ मिलकर करेंगे कामः जयशंकर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** रविवार को केंद्रीय मंत्री पद की शपथ लेने के बाद एस जयशंकर ने सोमवार को विभिन्न विदेशी राष्ट्राध्यक्षों से मुलाकात की। वह मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू से भी मिले। इसके अलावा बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना और श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के साथ अलग-अलग द्विपक्षीय बैठकें कीं। गौरतलब है कि भारत ने नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में पड़ोसी एवं हिंद महासागर क्षेत्र के सात देशों के राष्ट्राध्यक्ष को बुलाया था। मालदीव, श्रीलंका,



बंग्लादेश के अलावा मॉरीशस, नेपाल, और भूटान के राष्ट्राध्यक्ष शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।

**मिलकर करेंगे कामः** एस जयशंकर ने मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू से मुलाकात के बाद कहा कि उम्मीद है कि भारत और मालदीव मिलकर काम करेंगे। एक्स पर उन्होंने लिखा "आज नई दिल्ली में मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू से मुलाकात करके खुशी हुई। भारत और मालदीव के साथ मिलकर काम करने की उम्मीद है।"

पिछले साल मालदीव का राष्ट्रपति बनने के बाद मोहम्मद मुइज्जू की यह पहली भारत यात्रा है।

**भारत यात्रा**

**पिछले साल मालदीव का राष्ट्रपति बनने के बाद मोहम्मद मुइज्जू की यह पहली भारत यात्रा है।**

**ऐतिहासिक**

## सूरज की सतह से उठने वाले तूफान को कैमरे में किया कैद

# सौर मिशन 'आदित्य एल-1' ने हासिल की उपलब्धि

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** इसरो के सौर मिशन आदित्य एल1 एक उपलब्धि हासिल की है। दरअसल आदित्य एल1 पर लगे दो उपकरणों ने सूर्य की सतह से उठने वाले सौर तूफान की घटना को कैमरे में कैद किया है। इसरो ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। इन सौर तूफानों का पृथ्वी पर भी असर होता है। हालांकि अभी तक वैज्ञानिक इस बात का पता नहीं लगा सके हैं कि सूर्य की सतह से उठने वाले इन सौर तूफानों का कारण क्या है।

**आदित्य एल1 पर लगे उपकरणों ने कैद की सौर तूफान की घटनाः** आदित्य एल1 पर लगे उपकरण द सोलर अल्ट्रा वॉयलेट इमेजिंग




टेलीस्कोप और अन्य उपकरण द विजिबल एमीशन लाइन कोरोनाग्राफ ने सूरज की सतह से उठे सौर तूफान को कैमरे में कैद किया। इसरो ने बताया कि मई 2024 को आदित्य एल1 पर लगे उपकरणों ने सौर तूफान को कैमरे में कैद किया था। इसरो ने बताया कि सूरज की सतह से विशाल तरंगे उठती हैं, इसे कोरोनल मास इजेक्शन या सौर तूफान भी कहा जाता है। ये तरंगे छोटी, मध्यम और विशाल आकार की होती हैं। माना जाता है कि सूर्य पर मौजूद चुंबकीय क्षेत्र की वजह से ये सौर तूफान उठते हैं। विशाल आकार की तरंगों का पृथ्वी पर भी असर होता है और कई बार इनकी वजहों से पृथ्वी पर पूरा संचार तंत्र और सैटेलाइट, ऊर्जा ग्रिड आदि पर असर हो सकता है और इन चुंबकीय तरंगों के असर से ये तबाह हो सकते हैं। आदित्य एल1 ने जो सौर तूफान कैमरे में कैद किया, वह विशाल और मध्यम आकार का था। यह घटना 8 और 9 मई को दर्ज की गई और इसके असर से 11 मई को बड़ा चुंबकीय तूफान दर्ज किया गया। इसरो ने सौर तूफान की ये तस्वीरें 17 मई को जारी की थीं। इसरो ने अपने पहले सौर मिशन आदित्य एल1 को सितंबर 2023 में लॉन्च किया था। करीब 127 दिन का सफर करने के बाद आदित्य एल1 अंतरिक्षयान इस साल जनवरी में लैंग्रेजियन पॉइंट पर पहुंचा। लैंग्रेजियन पॉइंट पृथ्वी से 15 लाख किलोमीटर दूर स्थित है।

**कैमरे में कैद**

**अभी तक वैज्ञानिक इस बात का पता नहीं लगा सके हैं कि सूर्य की सतह से उठने वाले इन सौर तूफानों का कारण क्या है।**

# सोनिया की पीएम हसीना से हुई मुलाकात

**गर्मजोशी से**

**रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी भी मौजूद रहे**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने सोमवार को बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के साथ नई दिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान उनके साथ रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी भी मौजूद रहे। इस बात की जानकारी कांग्रेस ने आधिकारिक



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर दी। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री सोनिया गांधी से गले लगाकर मिलीं। इसके साथ ही उन्होंने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को भी गले लगाया। शेख हसीना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए शनिवार को दिल्ली पहुंचीं। इसके बाद उन्होंने रविवार को राष्ट्रपति प्रांगण में पीएम मोदी की शपथ ग्रहण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' और श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे सहित भारत के पड़ोसी देशों और हिंद महासागर क्षेत्र के शीर्ष नेताओं ने हिस्सा लिया।

# ई बसों के लिए 327 करोड़ रुपये का बजट: मुख्यमंत्री

## निगम राज्य के लोगों को परिवहन सुविधाएं प्रदान करने में सबसे महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है

**चमन शर्मा**

**शिमला: मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि निगम राज्य के लोगों को परिवहन सुविधाएं प्रदान करने में सबसे महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने निगम के संचालन के लिए प्रदेश सरकार द्वारा हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।

ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि यात्रियों की सुविधा के लिए निगम द्वारा 25 नई वॉल्वों बसें तथा 50 टैम्पों ट्रैवलर खरीदे जाएंगे। इसके अतिरिक्त निगम के बेड़े में इलैक्ट्रिक बसें शामिल की



जाएंगी, जिनके प्रापण के लिए प्रक्रिया जारी है। वर्तमान वित्त वर्ष में इलैक्ट्रिक बसों की खरीद के लिए 327 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। प्रदेश में सीमित हवाई तथा रेल नेटवर्क के दृष्टिगत निगम की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल देते हुए मुख्यमंत्री ने लोगों को श्रेष्ठ सुविधाएं प्रदान करने के लिए निगम के संचालन को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार निगम को 63 प्रतिमाह करोड़ रुपये प्रदान करेगी। उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बैठक के दौरान कहा कि प्रदेश में परिवहन सुविधा को सुदृढ़ करने के साथ ही पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में इलैक्ट्रिक बसों की विशेष भूमिका रहेगी। बैठक में प्रधान सचिव परिवहन आरडी नजीम, मुख्यमंत्री के सचिव राकेश कंवर, एचआरटीसी के प्रबंध निदेशक रोहन चंद ठाकुर तथा मुख्यमंत्री के ओएसडी गोपाल शर्मा भी उपस्थित थे।

एमएल-11

# 150 पदो के लिए रोजगार कार्यालय जोगिंद्रनगर मे 13 को होगा साक्षात्कार

**संगराय**

**जोगिंद्रनगर :** एसआईएस सिक्योरिटी जिला बिलासपुर हि.प्र. द्वारा सिक्योरिटी गार्ड के 150 पद अधिसूचित किए हैं। इन पदों के लिए साक्षात्कार 13 जून को रोजगार कार्यालय जोगिंदर नगर में प्रातः 10:30 बजे से लिया जाएगा। रोजगार कार्यलय के सुमित ने बताया कि सिक्योरिटी गार्ड के इन पदों के लिए इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथि व स्थान पर उपस्थित होकर साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। गार्ड के इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दसवीं रखी गई है। आवेदक की



न्यूनतम लम्बाई 168 सेमी, वजन 55 किलोग्राम एवं आयु 19 से 40 वर्ष निर्धारित है। चयनित होने के उपरांत आवेदक को 8 घण्टे के प्रतिमाह 15 हजार से 16 हजार रुपए वेतन दिया जायेगा। जबकि 12 घण्टे का प्रतिमाह 17 हजार से 22 हजार रुपए वेतन दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक आवेदक

**नौकरी की उम्मीद**

**सिक्योरिटी गार्ड के इन पदों के लिए इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथि व स्थान पर उपस्थित होकर साक्षात्कार में भाग ले सकते है**

अपने मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्रों व अन्य प्रमाणपत्रों के साथ पासपोर्ट साइज के दो फ ोटोग्राफ सहित उप रोजगार कार्यालय जोगिंदर नगर में 13 जून को प्रातः 10:30 बजे से नियोक्ता के समक्ष साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं। साक्षात्कार में भाग लेने पर किसी भी प्रकार का दैनिक व यात्रा भता नहीं दिया जाएगा।

# एनआर हॉस्पीटल में चिकित्सा आपूर्ति की सुविधा उपलब्ध

## एनआर हॉस्पीटल में शीघ्र ही नई सुविधाएं मिलने जा रही हैं, जिनमें कुछ का संचालन शिद्दत से हो गया है

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** बहुत कम दामों में बेहतरीन सुविधाएं देने के लिए वचनबद्ध बिलासपुर के प्रसिद्ध एनआर हॉस्पीटल में शीघ्र ही नई सुविधाएं मिलने जा रही हैं। जिनमें कुछ का संचालन शिद्दत से हो गया है और लोग इसका लाभ भी उठा रहे हैं। प्रैस को जारी विज्ञप्ति में एनआर हॉस्पीटल प्रबंधन की एमडी पूजा पाल ने बताया कि एनआर अस्पताल में अनिमेश सिंह एमडी दवा रोग विशेषज्ञ और अस्थि रोग विशेषज्ञ सागर बंसल की सेवाएं शुरू हो चुकी हैं। जबकि वीरवार से सामान्य शल्य



चिकित्सक डा. ऋ षि नाभ की सेवाएं भी शुरू हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि डा. ऋ षि नाभ बिलासपुर अस्पताल में अपनी सेवाएं दे चुके हैं तथा अपने काम में माहिर डा. ऋ षि नभ बहुत कम समय में ख्याति प्राप्त कर चुके हैं।

**सेवा**

**एनआर अस्पताल में अनिमेश सिंह एमडी दवा रोग विशेषज्ञ और अस्थि रोग विशेषज्ञ सागर बंसल की सेवाएं शुरू हो चुकी है**

उन्होंने बताया कि एनआर हॉस्पीटल में हिम केयर कार्ड और आयुष्मान कार्ड भी मान्य है। यहीं नहीं सरकारी कर्मचारियों व पैंशनर्ज के लिए चिकित्सा आपूर्ति का भी प्रावधान है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में यूरोलॉजिस्ट अनुभवी चिकित्सक डा. यशपाल अपनी बेहतरीन सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। गुर्दे आदि की पत्थरी का दूरबीन से सफ ल इलाज में उनकी महारत है। उन्होंने बताया कि हर महीने के पहले और तीसरे वीरवार को ओपीडी तथा हर शनिवार को आपेरशन होते हैं एमडी पूजा पाल ने प्रबुद्ध जनता से एनआर हॉस्पीटल की उत्कृष्ट सेवाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया है। अपॉइंटमेंट के लिए डा. पंकज शर्मा 8219183377 से संपर्क कर सकते हैं। एमडी पूजा पाल ने बताया कि यह सुविधाएं चैबीसों घंटे मिलेगी।

# विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान करेगी एनएसयूआई




**एसपी जैरथ**

**नाहन:** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई की जिला सिरमौर इकाई की बैठक कांग्रेस भवन में आयोजित हुई। इस दौरान एनएसयूआई के छात्र पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों के विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया। प्रेस को जारी बयान में एनएसयूआई ने कहा कि हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2024-25 के लिए कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। किसी भी छात्र को जिला सिरमौर के किसी भी कॉलेज में दाखिला लेते समय यदि किसी भी प्रकार की समस्या हो तो एनएसयूआई इसका समाधान करेगी। एनएसयूआई के जिला सचिव विक्रम शर्मा ने कहा कि यदि कोई ऐसा छात्र हो जिसकी आर्थिक स्थिति ठीक न होने से पढ़ाई जारी रखने में दिक्कत आ रही हो तो वह एनएसयूआई के छात्र साथियों से संपर्क कर सकता है।

# मोदी टीम में बिलासपुर के जेपी नड्डा को जगह मिलने पर मनाया जश्न



**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर: जिला** मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय में रविवार शाम को जश्न का माहौल रहा। प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी की तीसरी पारी के आगाज के साथ ही बिलासपुर के रहने वाले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को केबिनेट में शामिल करने से उत्साहित भाजपा कार्यकताओं ने इसका जश्न धूमधाम से मनाया। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री पद की शपथ ग्रहण करते ही शुरू हुआ आतिशबाजी और मिठाई खिलाकर एक-दूसरे का मुंह मीठा करवाने का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। कार्यकताओं ने नरेंद्र मोदी और जेपी नड्डा के समर्थन में जोरदार नारेबाजी करते हुए एक-दूसरे को इसकी बधाई दी। प्रधानमंत्री पद पर हैट्रिक के साथ नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह के लिए बिलासपुर स्थित भाजपा कार्यालय को रंगण्बिरंगी रोशनियों से आकर्षक ढंग से सजाया गया। कार्यकर्ता जिला मुख्यालय में पार्टी कार्यालय में एकत्रित हुए। शपथ ग्रहण समारोह शुरू होते ही आतिशबाजी और मिठाई खिलाने का सिलसिला शुरू हो गया। जैसे ही जेपी नड्डा ने केबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की, कार्यकताओं का जोश कई गुना बढ़ गया। मोदी सरकार1 में स्वास्थ्य जैसा बड़ा और महत्वपूर्ण मंत्रालय संभाल चुके नड्डा को फिर से केबिनेट में शामिल करने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया। भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी स्वदेश ठाकुर ने कहा कि जेपी नड्डा को मोदी केबिनेट में शामिल किया जाना इस छोटे से पर्वतीय राज्य विशेष तौर पर बिलासपुर जिला के लिए गर्व की बात है। संगठन में हर दायित्व को बखूबी निभाने वाले जेपी नड्डा ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के रूप में आयुष्मान भारत जैसी कई महत्वाकांक्षी योजनाएं शुरू की थीं।

# कार्तिक सिंह ने जेईई एडवांस-2024 में पाया 2037वां रैंक

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर:** आर्यनस द गुरू हमीरपुर अकादमी के होनहार छात्र कार्तिक सिंह की परीक्षा में एस सी वर्ग में अखिल भारतीय स्तर पर 2037वां रैंक प्राप्त करने में सफ ल हुआ। प्रेम को यह जानकारी देते हुए अकादमी के अध्यक्ष योग प्रकाश नन्दा ने बताया कि कार्तिक इस शानदार रैंकिंग के आधार पर आईआईटी में प्रवेश पाने में सफ ल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इसी साल जहां उनके 3 छात्र प्रखर भारद्वाज, अनुज शर्मा व कार्तिकेय सिंह ने अप्रैल 2024 में हुईं देश



की प्रतिष्ठित की परीक्षा उत्तीर्ण करके अकादमी व परिजनों को गौरवान्वित किया वहीं सीडीएस-2024 की परीक्षा के आधार पर रिषव कुमार आफिसर ट्रेनिंग अकादमी चेन्नई में प्रवेश पाने में सफ ल हुआ। नन्दा ने बताया कि उनके छात्र भारतीय सेना में अधिकारी बनने के लिए पिछले 3 सालों से लगातार नेशनल डिफें स एकेडमी पुणे में प्रवेश पा रहें है। जिनमें 2021 में एकांत शर्मा, 2022 में संस्कार डौड व 2023 में कार्तिक शर्मा सम्मिलित हैं।

# नरेंद्र मोदी व नड्डा की ताजपोशी पर प्रदेश भाजपा में खुशी की लहर

**एसपी जैरथ**

**नाहन:** सिरमौर प्रदेश भाजपा विशेष कार्यकारिणी सदस्य बलवीर सिंह ठाकुर एवं भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने मीडिया को संयुक्त बयान जारी करते हुए जहां नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी है वहीं पर जगत प्रकाश नड्डा को भी केंद्रीय कैबिनेट मंत्री बनने पर भाजपा नेताओं तथा कार्यकताओं ने बधाई दी है इन दोनों नेताओं ने अपने संयुक्त बयान में बताया कि नरेंद्र मोदी की राजपोशी से भाजपा नेताओं तथा कार्यकताओं में नए रक्त का संचार हो रहा है इन दोनों नेताओं ने बताया कि देश व विदेश की कुछ ताकते मिलकर नरेंद्र



मोदी का विजय रथ रोकना चाहती थी लेकिन यह सारी ताकते मिलकर भी नरेंद्र मोदी का विजय रथ नहीं रोक पाई क्योंकि नरेंद्र मोदी के साथ देश की जनता चट्टान की तरह खड़ी है इन नेताओं ने बताया कि नरेंद्र मोदी देश के ऐसे पहले ताकतवर नेता है जिन्होंने अपने काम के दम पर लगातार तीसरी बार सरकार को रिपीट किया है इन्होंने बताया कि जवाहरलाल नेहरू भी लगातार तीन बार देश के प्रधानमंत्री रहे लेकिन उसे समय एक ही पार्टी का बोलबाला होता था दूसरी पार्टी कहीं

**जश्न**

**जहां नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी है**

पर भी दिखाई नहीं देती थी लेकिन नरेंद्र मोदी को रोकने के लिए विपक्ष की सभी पार्टिया एक मंच पर आई थी लेकिन उसके उपरांत भी नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनने से नहीं रोक पाई जबकि इन्होंने देश व प्रदेश की जनता को झूठी गारंटी देकर बड़े-बड़े सपने दिखाए थे लेकिन देश की जनता सब जानती है।

# अगस्त में मनाया जाएगा आउटर सिराज का स्थापना दिवस

## स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर होंगे आउटर सिंराज के प्रतिभावान बच्चे सम्मानित

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू :** सोशल वेलफेयर एसोसिएशन फ ार आउटर सिराज पीपल की बैठक ढालपुर कुल्लू में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश कुमार ने की। बैठक में सोशल वेलफेयर एसोसिएशन फ ार आउटर सिराज पीपल के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। इसमें एसोसिएशन के स्थापना दिवस, योगा दिवस, खीर भंडारा, सदस्यता बढ़ाने के बारे में सभी की राय ली गई । बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सोशल वेलफेयर एसोसिएशन फ ार



आउटर सिराज पीपल का स्थापना दिवस अगस्त महीने में मनाया जाएगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश कुमार ने बताया कि स्थापना दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर, आउटर सिराज के प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित करने, सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बैठक में स्थापना दिवस के सफ ल आयोजन के लिए आगामी बैठक में कमेटियों का गठन किया जाएगा। इसके अलावा योगा दिवस 21 जून को कुल्लू कान्वेंट स्कूल में मनाया जाएगा। बैठक में सर्वसहमति से निर्णय लिया गया कि 22 जुलाई को कालेज गेट के पास सावन महीने के उपलक्ष्य पर खीर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा एसोसिएशन की सदस्यता को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है जिसमें आउटर सिराज के कुल्लू में रहने वालों के अलावा आनी निरमंड से भी सदस्य बनाए जाएंगे।

# मोदी 3.0, भारत के विकास की यात्रा अब तेजी पकड़ेगी: बिंदल

**चमन शर्मा**

**शिमला:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार शपथ लेने एवं केंद्र मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को दूसरी बात केंद्रीय मंत्री बनने पर खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा की भारत के विकास की यात्रा अब तेजी पकड़ेगी, जिस प्राकर से भारत ने अभी तक प्रगिति की गाथा लिखी है वह स्वर्णिम है और आने वाले समय में भी यह जोरदार रहने वाली है। उन्होंने कहा पीएम किसान योजना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरकार बनते ही पहले दिन पीएम किसान योजना की फ ाइल पर दस्तखत कर दिए हैं। पीएम मोदी



ने 17वीं किस्त जारी करने की फ ाइल को पास कर दिया है ऐसे में अब लाभार्थियों को 17वीं किस्त मिलने का रास्ता साफ हो गया है। मोदी सरकार ने 17वीं किस्त जारी होने का रास्ता साफ कर दिया है। ऐसे में इस बार 9.3 करोड़ किसानों को 17वीं किस्त का लाभ मिलेगा। वहींए इस बार किस्त के रूप में 20 हजार करोड़ रुपये जारी होंगे। मोदी सरकार जिस प्रकार से काम कर रही थी उससे तेज गति से मोदी 3.0 काम करेगी।

उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में लगातार तीसरी बार बनी एनडीए सरकार के मंत्रिमंडल में सात महिला मंत्रियों को जगह मिली है। प्रधानमंत्री ने पूर्व वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर एक बार फि र भरोसा दिखाया है। सीतारमण के अलावा पूर्व राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी, उत्तर प्रदेश से निर्वाचित अनुप्रिया पटेल और कर्नाटक से निर्वाचित शोभा करंदलाजे को एक बार फि र मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। पहली बार मंत्री बनने वाली महिला नेताओं में 37 वर्षीय रक्षा निखिल खड़से का नाम भी शामिल है, सावित्री ठाकुर और निमूबेन बंभानिया को भी मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। महिला सम्मान में भी भाजपा का कोई मुकाबला नहीं है। उन्होंने कहा की मोदी सरकार में दूसरी बार कैबिनेट मंत्री बने जगत प्रकाश नड्डा को भी बहुत बहुत सुभकामनाएं। राष्ट्रीय अध्यक्ष रहते लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन और उससे पहले कई राज्यों के चुनावों में भाजपा को शानदार जीत दिलाने वाला नड्डा को यह जिम्मेदारी अति शोभनीय हैं।

# उद्योग मंत्री ने राजगढ़ में सुनी लोगों की समस्याएं

**जनसमस्या**

**जनता को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा रखी गई सभी मांगो को वह प्रदेश सरकार के समक्ष गम्भीरता से उठाएंगे**

**एसपी जैरथ**

**नाहन:** उद्योग एवं संसदीय मामले मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने पच्छाद विधानसभा क्षेत्र के अपने प्रवास कार्यक्रम के दौरान आज सायं राजगढ़ स्थित विश्राम गृह परिसर में क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों के चुने हुए प्रतिनिधि व स्थानीय लोगों ने मंत्री से मुलाकात की और



क्षेत्र की सामूहिक व व्यक्तिगत समस्याएं उनके समक्ष रखी। उद्योग एवं संसदीय मामले मंत्री ने इनमें से अधिकांश समस्याओं का निपटारा मौके पर किया तथा कुछ समस्याओं को सम्बंधित विभागों को तुरंत निराकरण के लिये सौंप दिया। उन्होंने क्षेत्र की जनता को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा रखी गई सभी मांगो को वह प्रदेश सरकार के समक्ष गम्भीरता से उठाएंगे। उद्योग मंत्री ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता की ओर से प्राप्त होने वाली समस्याओं का समय पर निराकरण करना सुनिश्चित करें। इससे पूर्व, राजगढ़ पहुंचने पर मंत्री हर्षवर्धन चौहान का फू ल मालाओं से लोगों ने भव्य स्वागत किया। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस सचिव दयाल प्यारी, नगर पंचायत अध्यक्षा ज्योति साहनी, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष रणधीर सिंह पंवार, नायब तहसीलदार दयानंद शर्मा, कांग्रेस पदाधिकारी एवं क्षेत्र के अन्य गणमान्य लोग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# गदरोली के जंगल में लगी आग, अग्निशमन विभाग ने पाया काबू

## करीब 20 लाख रु की निजी संपति जलने से बचाई

**विजय समयाल**

**कांगड़ा:** आपको बता दें उपमण्डल इंदौरा की सीमा पर स्थित गदरोली के जंगल में अचानक आग लग गई। जिसकी सूचना तुरंत स्थानीय व्यक्ति लक्की द्वारा अग्निशमन विभाग चौकी फतेहपुर दी गई। जिस पर अग्निशमन विभाग की टीम तुरन्त अग्निशमन वाहन लेकर घटनास्थल पर पहुंचे लेकिन वाहन योग्य रास्ता न होने कारण काफ ी समय तक टीम को आग का इंतजार करना पड़ा व जैसे ही आग अग्निशमन वाहन के पहुंच क्षेत्र में पहुंची तुरन्त टीम ने कार्रवाही करते हुए कुछ ही समय में आग पर काबू पा लिया। इस दौरान जानकारी देते हुए चौकी प्रभारी राजीव बलौरिया ने बताया कि आगजनी कारण वन विभाग की भूमि से कुछ खैर व सफेदे के पेड़ झुलसे हैं। वहीं करीब 20 लाख रु की निजी संपति जलने से बचाई है। जिसमे एक लक्की का बकरी फार्म व उसका ही मकान शामिल रहा उन्होंने लोगों से अपील की है कि सूचना देने से पहले यह सुनयश्चियत कर ले कि वाहन योग्य रास्ता है या नहीं। ताकि उसी स्थिति में पहुंचा जा सके।

# रविवार को दुकानें खुली रखने पर बीस दुकानदारों के काटे चालान

## रविवार को दुकानें खुली रखने पर बीस दुकानदारों के काटे चालान

**हामिद**

**चंबा: शहर** में रविवार के दिन दुकान खुली रखने पर शॉप एक्ट के अंतर्गत बीस दुकानदारों के चालान काटे गए हैं। यह कार्रवाई श्रम विभाग की टीम ने रविवार को उन दुकानदारों पर अमल में लाई जिन्होंने छुट्टी वाले रोज दुकान खोल रखी थी। श्रम विभाग की टीम ने रविवार को शहर में औचक निरीक्षण करते हुए 20 दुकानदारों को शॉप एक्ट की अवहेलना करते पाया गया। गौर तलब है कि शॉप एक्ट के तहत सप्ताह में एक दिन दुकान बंद करने का प्रावधान है। श्रम विभाग को इस संदर्भ में सूचना मिली थी कि कुछ दुकानदार इन नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं इस पर श्रम विभाग द्वारा उक्त कार्रवाई की गई जिसके चलते 20 दुकानदारों के शॉप एक्ट के तहत चालान किए गए। अब यह चालान अदालत में पेश किए जाएंगे तथा न्यायालय दुकानदारों के जुमार्ने पर फैसला करेगा। नियमों के तहत अवहेलना करने पर एक हजार रुपए से लेकर पांच हजार रुपये तक का जुमार्ना किया जा सकता है। इस संदर्भ में श्रम निरीक्षक ऋ षभ चौधरी ने बताया कि शॉप एक्ट के तहत दुकानों को सप्ताह में एक दिन बंद रखना अनिवार्य है मगर चंबा के कुछ दुकानदार इसकी अवहेलना कर रहे थे इसको लेकर उनके विरुद्ध कार्वाई की गई है।

# कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में लगातार कानून व्यवस्था ध्वस्त हो रही है: रणधीर

चमन शर्मा

**शिमला: भाजपा** के वरिष्ठ नेता एवं नैना देवी से विधायक रणधीर शर्मा में पीएम नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को दूसरी बार केंद्रीय मंत्री बनने पर बधाई देते हुए कहा की एनडीए की सरकार जन सेवा के लिए कटिबद्ध है। इसका सबसे बड़ा उद्धारण किसान सम्मान निधि है। रविवार को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद सोमवार की सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साउथ ब्लॉक पहुंचे। साउथ ब्लॉक पहुंचे ही तीसरे कार्यकाल का पीएम मोदी ने धमाकेदार आगाज किया। दरअसल तीसरे कार्यकाल के अपने पहले फैसले में पीएम मोदी ने



किसान निधि के 20 हजार करोड़ रुपये जारी किए। इससे देश के 9.3 करोड़ किसानों को फ ायदा होगा। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। शर्मा ने कहा कि आने वाले दिनों में पीएम मोदी सरकार किसानों और कृषि क्षेत्र के लिए और काम करेगी। उन्होंने कहा की वर्तमान कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में लगातार कानून व्यवस्था ध्वस्त हो रही है। बरमाणा थाना के तहत ग्राम पंचायत सिकरोहा के चंदपुर गांव में

**आरोप**

**एनडीए की सरकार जन सेवा के लिए कटिबद्ध है। इसका सबसे बड़ा उद्धारण किसान सम्मान निधि है**

अज्ञात लोगों ने बुजुर्ग दंपती की हत्या कर दी। दोनों के शव घर के पास गोशाला में मिले हैं। दोनों की गर्दन के पास तेजधार हथियार से वार किया गया है। जिला कांगड़ा के पुलिस थाना डमटाल के तहत पंचायत भदरोया में पिछले काफ ी समय से रह रहे राजस्थान से एक प्रवासी व्यक्ति ने अपने ही पड़ोस में रहने वाली एक नाबालिग लडकी की दराट से हमला कर हत्या कर दी। नाबालिग लडकी घर पर सो रही थी। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस थाना डमटाल में दी गई जिस पर तुरंत कारवाई करते हुए थाना डमटाल की टीम घाटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आस पास से साक्ष्य जुटाए और शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल नूरपुर को भेज दिया गया। उन्होंने कहा की ना जाने इस सरकार को होश कब आएगा। प्रदेश में कानून व्यवस्था तब से लगातार खराब हो रही है जब से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार ने सत्ता संभाली है।

# नाहन के रुखड़ी में संगतों के लिए विशेष लंगर का आयोजन

**विशेष आयोजन**

**श्रद्धालुओं के लिए प्रत्येक वर्ष नाहन के रुखड़ी में लंगर का विशेष आयोजन करते हैं**



एसपी जैरथ

**नाहन** : जिला सोलन के नालागढ़ से आने वाले आधा दर्जन गांव के लोग नेशनल हाईवे कालाअंब-पांवटा साहिब से होकर हेमकुंड साहिब को जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रत्येक वर्ष नाहन के रुखड़ी में लंगर का विशेष आयोजन करते हैं। यात्रा के दौरान यहां से गुजरने वाले श्रद्धालुओं को रहने खाने पीने समेत स्वास्थ्य सुविधाएं भी मुहैया करवाई जाती है। प्रत्येक वर्ष यहां आधा दर्जन गांवों के लोग संयुक्त रूप से इस सेवा कार्य को अंजाम देते हैं और यहां सभी धर्मों के स्थानीय लोग भी लंगर में सेवा करने व अपना सहयोग देने पहुंचते हैं। मीडिया से बात करते हुए लंगर के मुख्य सेवादार अमरीक सिंह ने बताया कि वह 2011 से यहां लंगर समेत श्रद्धालुओं के लिए रहने खाने पीने और. स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए कार्य करते आ रहे है। उन्होंने बताया कि गांव लही, गुल्लरवाला, गनुवना की संगतों द्वारा मिलकर यह कार्य किया जाता है। यहां से गुजरने वाले श्रद्धालुओं को तीनों समय लंगर, रहने के लिए कमरे व यदि किसी की तबियत बिगड़ती है तो उन्हें स्वास्थ्य सुविधा भी दी जाती है। उनका मकसद सिर्फ यहां से गुजरने वाले सभी श्रद्धालुओं की सेवा करना है। जिसमें उन्हें स्थानीय सभी धर्मों के।

## संक्षिप्त खबरें

### अमेजन.इन ने लॉन्च किया क्रिएटर यूनिवर्सिटी और क्रिएटर कनेक्ट

**शिमला: अमेजन.इन ने** आज क्रिएटर यूनिवर्सिटी और क्रिएटर कनेक्ट लॉन्च करने की घोषणा की। क्रिएटर यूनिवर्सिटी एक शैक्षणिक कार्यक्रम है जिसे कंटेंट क्रिएटरों को गतिशील क्रिएटर अर्थव्यवस्था में सफल होने के लिए जरूरी टूल और ज्ञान से लैस करने के लिए तैयार किया गया है।यह कार्यक्रम विभिन्न किस्म के कंटेंट क्रिएटरों की जरूरतों पूरा करेगा,जिसमें स्थापित और आकांक्षी इन्फ्लुएंस दोनों शामिल हैं। यह कार्यक्रम संसाधनों का क्यूरेटेड तरीके से चयन कर प्रतिभागियों को अमेजन मार्केट प्लेस पर एक वहनीय व्यवसाय विकसित करने के लिए मौलिक ज्ञान और व्यावहारिक रणनीतियां प्रदान करता है।क्रिएटर कनेक्ट व्यक्तिगत कार्यक्रमों की एक श्रृंखला है जिसे अमेजन इकोसिस्टम के भीतर क्रिएटरों के लिए कनेक्शन,सीखने और विकास को बढ़ावा देने के लिए तैयार किया गया है।ये कार्यक्रम दो लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रमुख बिक्री और अमेजन पहलों से रणनीतिक रूप से समयबद्ध हैं आगामी प्रमोशन के लिए उत्साह पैदा करना और अमेजन इन्फ्लुएंसर प्रोग्राम में नए क्रिएटरों को आकर्षित करना।क्रिएटर कनेक्ट कई तरह के इंटरैक्टिव अनुभव प्रदान करता है जिसमें इन्फ्लुएंसर द्वारा संचालित वर्कशॉप, अमेजन के वरिष्ठ अधिकारियों और स्थापित क्रिएटरों से मिलने के अवसर,प्रोडक्ट शोकेस,ट्रेंड के बारे में चर्चा और बहुत कुछ शामिल हैं। अमेजन में डायरेक्टर,शॉपिंग एक्सपीरियंस इंडिया एंड इमर्जिंग मार्केट्स किशोर थोटा ने कहा अमेजन में हम आज के उपभोक्ताओं पर कंटेंट क्रिएटरों का जो बेइंतहा असर है हम उसे पहचानते हैं। क्रिएटर यूनिवर्सिटी और क्रिएटर कनेक्ट इन क्रिएटरों को सशक्त बनाने का हमारा तरीका है चाहे वे स्थापित हों या आकांक्षी।उन्हें वे टूल और ज्ञान प्रदान किये जाएं जिनकी उन्हें अमेजन इकोसिस्टम में सफल होने के लिए जरूरत है। इन कार्यक्रमों के जरिये क्रिएटरों को बहुमूल्य संसाधन मिलेंगे,उद्योग की शीर्ष हस्तियों से जुड़ेंगे और हमारे प्लेटफॉर्म पर एक वहनीय व्यवसाय का निर्माण कर सकेंगे। हम एक सहयोगी समुदाय को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं जहां क्रिएटर एक दूसरे से सीख सकते हैं और हमारे ग्राहकों के लिए सोच समझकर खरीद का फैसला करने में मदद कर सकते हैं।

### चंडीगढ़ ग्रुप ऑफ कॉलेजेज (सीजीसी), लांडरां ने अपने विभिन्न एकेडमिक प्रोग्रामों के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू की

**शिमला: चंडीगढ़** ग्रुप ऑफ कॉलेजेज (सीजीसी), लांडरां ने अपने विभिन्न एकेडमिक प्रोग्रामों के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है।चारों ओर हरियाली से घिरा, आधुनिक बुनियादी सुविधाओं से युक्त सीजीसी लांडरां का कैम्पस छात्रों को ऐसा वातावरण प्रदान करता है जहां उन्हें अकादमिक उत्कृष्टता, इनोवेशन एवं व्यक्तिगत विकास के अवसर मिलते हैं।छात्र ऑफिशियल लिंक के जरिए एकेडमिक प्रोग्रामों के लिए रजिस्टर कर सकते हैं।सीजीसी लांडरां विभिन्न विषयों में कई प्रकार के एकेडमिक प्रोग्रामों की व्यापक रेंज पेश करता है।इनके इंजीनियरिंग प्रोग्रामों में कई स्पेशलाइजेशन्स में बी.टेक शामिल है, जहां आधुनिक लैब्स एवं इंडस्ट्री प्रोजेक्ट्स के माध्यम से सैद्धान्तिक ज्ञान एवं व्यवहारिक कौशल पर जोर दिया जाता है।इसी तरह बीसीए प्रोग्राम, प्रोग्रामिंग, डेटा बेस मैनेजमेन्ट, नेट वर्किंग, सॉफ्टवेयर डेवलपमेन्ट को कवर कर छात्रों को आईटी करियर के लिए तैयार करता है।बिजनेस मैनेजमेन्ट प्रोग्राम जैसे बीबीए और एमबीए, केस स्टडीज एवं इंटर्नशिप्स के माध्यम से लीडरशिप स्ट्रैटेजिक थिंकिंग एवं एंटरेप्रेन्योरशिप पर फोकस करते हैं।फामेर्सी प्रोग्रामों में बी.फार्म और एम.फार्म शामिल हैं जिसमें लैब वर्क के साथ मेडिसिनल कैमिस्ट्री और फामेकीलोजी पर ध्यान दिया जाता है।वहीं कॉमर्स प्रोग्रामों में बी.कॉम और एम.कॉम शामिल हैं, जो छात्रों को अकाउन्टिंग, फाइनैंस और बिजनेस लॉज में शिक्षा प्रदान करते हैं।बायोटेक्नोलॉजी प्रोग्रामों की बात करें तो बायोटेक्नोलॉजी और माइक्रोबायोलोजी में बी.एससी. और एम.एससी. प्रोग्राम शामिल है, जो बायोलोजी एंव टेक्नोलॉजी के संयोजन के साथ प्रेक्टिकल लैबवर्क और रीसर्च का अवसर प्रदान करते हैं।होटल मैनेजमेन्ट प्रोग्रामों में होटल ऑपरेशन्स और मैनेजमेन्ट शामिल हैं, जहां व्यवहारिक प्रशिक्षण पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाता है।बी.एससी प्रोग्राम रीसर्च एवं इनोवेशन पर फोकस करते हैं फिजिक्स, कैमिस्ट्री, मैथेमेटिक्स एवं एनवायरनमेंटल साइंस में स्पेशलाइजेशन उपलब्ध कराते हैं। सीजीसी लांडरां के साथ रिक्रुटमेन्ट के लिए 900 से अधिक कंपनियां जुड़ी हुई है और 9000 से अधिक प्लेसमेन्ट ऑफर्स के साथ संस्थान का बेहतरीन प्लेसमेन्ट रिकॉर्ड है।संस्थन के छात्रों को अधिकतम 54.75 लाख सालाना का पैकेज मिला है, जो छात्रों की सफलता के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता को दशार्ताहै। 44000 से अधिक ग्रेजुएट्स के सशक्त एल्युमनाई नेटवर्क और 50 से अधिक ग्लोबल अलायन्सेज के साथ सीजीसी लांडरां छात्रों को व्यापक अवसर एवं मजबूत सपोर्ट सिस्टम उपलब्ध कराता है।

# मुख्यमंत्री ने शहीदी दिवस पर श्री गुरुद्वारा साहिब में माथा टेका

चमन शर्मा

**शिमला:** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज सिक्ख धर्म के पांचवें गुरु श्री अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस पर शिमला के कॉर्ट रोड स्थित गुरुद्वारा साहिबए श्री गुरु सिंह सभा में माथा टेका। इस मौके पर उन्होंने श्री गुरूद्वारा साहिब में शब्द कीर्तन श्रवण किया और समाज से गुरु श्री अर्जुन देव जी की शिक्षाओं से प्रेरणा लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि गुरु श्री अर्जन देव जी ने सच्चाई, अहिंसा और करूणा से समाज को सशक्त बनाने का प्रयास किया। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी



ने मुख्यमंत्री को सिरोपा और तलवार भेंट कर सम्मानित किया। शिमला शहरी के विधायक हरीश जनारथा, भोरंज के विधायक सुरेश कुमार, उपायुक्त अनुपम कश्यप और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी इस मौके पर उपस्थित थे।

# मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार एनडीए सरकार बनने की खुशी में भाजपाईयों ने बांटी मिठाई

श्याम कुल्वी

कुल्लू : जिला कुल्लू भाजपा के पदाधिकारियों ने जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल की अध्यक्षता में केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार एनडीए सरकार बनने की खुशी में मिठाई बांटी व रथ मैदान कुल्लू में जमकर आतिशबाजी की। भाजपा पदाधिकारियों ने तीसरी बार मोदी सरकार बनने पर जम कर नारे बाजी की। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पहली बार लगा तार तीसरी बार गैर कांग्रेस एनडीए सरकार बनी है।



नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार देश का प्रधान मंत्री बन कर इतिहास रचा है। अरविंद चंदेल ने पूरे जिला वासियों को केंद्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनने पर बधाई दी।अरविंद चंदेल ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को केंद्रीय मंत्री बनने पर प्रसन्नता जताई। उन्होंने बताया की जगत प्रकाश नड्डा के मंत्री बनने पर हिमाचल के चहुमुखी विकास को पंख लगेंगे। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकरिणी सदस्य नरोतम ठाकुर, जिला महामंत्री अमर ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष सुभाष शर्मा, संजीव शर्मा, भाजपा मीडिया प्रभारी श्याम कुल्वी, सह मिडिया प्रभारी लोकेश भवानी, प्रभारी विवेक भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## हंस राज बने एसएमसी कोठीपुरा प्रधान

कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर:** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोठीपुरा जिला बिलासपुर में विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्या निर्मला ठाकुर ने की। बैठक में हंस राज को सर्वसम्मति से प्रधान चुना गया। स्कूल में पुरानी कमेटी को भंग कर नई कमेटी का गठन किया गया। शिक्षक कमल सिंह, प्रवक्ता वाणिज्य ने बताया कि इस दौरान सर्वसम्मति से अभिभावक मनोरमा देवी, सुषमा कुमारी, नीलम, पवन कुमार, संजय कुमार और किशोरी लाल का चयन किया। चयनित कमेटी को कमल सिंह, प्रभारी स्कूल प्रबंधन समिति ने नवनिर्वाचित प्रधान व सदस्यों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलवाई।

# काईस स्कूल में जिला भर के स्काउट्स एवं गाइड्स का हो रहा तृतीय सोपान प्रशिक्षण

श्याम कुल्वी

**कुल्लू** : राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला काईस में भारत स्काउट्स और गाइड्स जिला कुल्लू, हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित पांच दिवसीय तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन भी रहा जारी। तीसरे दिन की गतिविधियों में खोज चिन्ह, प्राथमिक चिकित्सा तथा स्काउटिंग इतिहास के विभिन्न पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया। प्रतिभागियों ने इन सभी महत्वपूर्ण पहलुओं के व्यावहारिक अभ्यास किए। इस अवसर पर विशेष रूप से आयोजित सत्रों में राज्य प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट्स मनोहर लाल ठाकुर, राज्य संगठन आयुक्त



स्काउट्स पंकज गुप्ता ने बच्चों को प्रेरित किया और महत्वपूर्ण शिक्षाएं प्रदान कीं। साथ ही एकेडमी ऑफ सेल्फ डिफेंस कुल्लू के संस्थापक सेंसई हरीश शर्मा तथा सहयोगी चेतन सिंह ने स्काऊट्स एवं गाइड्स को आत्मसुरक्षा के गुर सिखाए। कार्यक्रम में जिला संगठन आयुक्त गाइड्स रीना परमार, जिला संगठन आयुक्त स्काउट्स नारायण देव, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड्स शांति देवी, सहायक जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट्स विजय ठाकुर, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड्स अंशुमाला, वरिष्ठ स्काउट मास्टर रूम सिंह, श्याम शर्मा, वेद राम, वरिष्ठ गाइड कैप्टन बंती देवी, राम देई, दुर्गा देवी, चंद्र वती, रजनी, रोवर स्काउट लीडर बीजू, सर्विस रोवर अमन, देवेंद्र, तेज सिंह, सर्विस रेंजर पूजा और हेमलता उपस्थित रहे।

## जेपी नड्डा के मंत्रिमंडल में शामिल होने से विकास को मिलेगी गति: महेंद्र

कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर** : भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धमार्णी ने जगत प्रकाश नड्डा को केंद्रीय मंत्री मंडल में कैबिनेट मंत्री बनने पर बधाई देते हुए कहा कि हिमाचल व विशेष कर बिलासपुर के लिए यह गर्व की बात है कि जगत प्रकाश नड्डा को मंत्रिमंडल में स्थान मिला है उनके मोदी मंत्रिमंडल में शामिल होने से प्रदेश के विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र में तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अब विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा और देश दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर होगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने अपने परिश्रम और संगठन की कार्य कुशलता से यह मुकाम हासिल किया है।

# सामुहसाद संगत की सहयोग से ठंडे मीठे जल की लगाई छबील



खेमचंद शास्त्री

**मंडी:** ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु गोविंद सिंह मंडी द्वारा श्री अर्जुन देव के शहीदी दिवस पर चौहाटा बाजार में सामुहसाद संगत की सहयोग से ठंडे मीठे जल की छबील लगाई गई। इस दौरान गुरु गोविंद सिंह गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान गुरुचरण सिंह ने गुरु अर्जुन देव के जीवन बारे जानकारी दी गई। मुगल बादशाह अकबर के देहांत के बाद दिल्ली की गद्दी पर बैठा बादशाह जहांगीर कट्टरपंथी था। अपने धर्म के अलावा उसे और कोई धर्म पसंद नहीं था। गुरुजी के धार्मिक और सामाजिक कार्य भी उसे बुरे लगते थे। सिख धर्म के बढ़ते प्रचार प्रसार से डरे जहांगीर ने मुस्लिम कट्टपंथियों के कहने पर उनके विरुद्ध सख्त रुख अपनाने का मन बनाया। जहांगीर के आदेश पर गुरु अर्जुन देव को गिरफ्तार कर लाहौर शहर लाया गया। जहां के सूबेदार को गुरु जी को मृत्युदंड सुनाने का फ रमान दे दिया गया। इसके साथ ही अमानवीय यातनाओं का अंतहीन दौर चल पड़ा। लाहौर के वजीर ने गुरुजी को एक रुढ़िवादी सोच के व्यवसायी चंदू के सुपुर्द कर दिया। कहा जाता है कि चंदू ने गुरुजी को तीन दिनों तक ऐसी-ऐसी शारीरिक यातनाएं दी, जो न तो शब्दों में ब्यां की जा सकती है। दर्दनाक अवस्था में ही उन्हें लोहे की जंजीरों से बांधकर 30 मई, 1606 ईस्वी को रावी नदी में फैंकवा दिया गया। गुरु अर्जुन देव जी ने ही 1604 में गुरु ग्रंथ साहिब का संपादन भाई गुरुदास की सहायता से किया। अमृतसर में रामदास सरोवर के बीच हरमंदिर साहिब का निर्माण भी गुरु अर्जुन देव ने करवाया। हरमंदिर साहिब में चार दरवाजे बनवाये जो इस बात का प्रतीक है कि हरमंदिर साहिब हर धर्म और जातिवालों के लिए खुला है।

**छबील**

**गुरु गोविंद सिंह गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान गुरुचरण सिंह ने गुरु अर्जुन देव के जीवन के बारे में जानकारी दी गई**

# वुशु स्टेट चैंपियनशिप में मंडी बना ओवर आल चैंपियन

## सांसु इवेंट में बिलासपुर की दीया शर्मा ने झटका गोल्ड मैडल

कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर: डीएवी** पब्लिक स्कूल आवासीय शाखा बरमाणा में चल रही 20वीं एचपी स्टेट जूनियर वुशु चैंपियनशिप के ताऊलू इवेंट में मंडी ने पहला, शिमला ने दूसरा और बिलासपुर ने तीसरा स्थान हासिल किया। जूनियर वर्ग में लड़कियों के सांसु इवेंट के 45 किलोग्राम भार वर्ग में बिलासपुर की दीया शर्मा ने स्वर्ण, मंडी की बंदू बाला ने रजत और कांगड़ा की समीक्षा ने कांस्य पदक जीता। 48 किलोग्राम भार वर्ग में सोलन की शिवाली ने स्वर्ण, शिमला की विरोनिका ने रजत और बिलासपुर की आकृति ठाकुर ने



कांस्य पदक जीता। 52 किलोग्राम भार वर्ग में बिलासपुर की अदिति ने स्वर्ण, मंडी की हिमांशी ने रजत और सोलन की नंदिता ने कांस्य पदक जीता। 56 किलोग्राम भार वर्ग में मिशल ने स्वर्ण, सोलन की तनिशा ने रजत, मंडी की नीलम देवी ने कांस्य पदक जीता। 60 किलोग्राम भार वर्ग में शिमला की जन्नत ने स्वर्ण और हमीरपुर की ओजस्वी ने रजत पदक जीता। लडकों के सांसु इवेंट के 45 किलोग्राम भार वर्ग में मंडी के उत्तंक्षित ने स्वर्ण, मंडी के अनुज चैधरी ने रजत और बिलासपुर के अमन ने कांस्य पदक जीता। 48 किलोग्राम भार वर्ग में सोलन के कीर्तन ने स्वर्ण, ऊना के प्रभजोत ने रजत और मंडी के विश्वास ने कांस्य पदक जीता। 52 किलोग्राम भार वर्ग में सिरमौर के शिवांग ने स्वर्ण, मंडी के आदर्श ने रजत और मंडी के अभिषेक ने कांस्य पदक जीता। 56 किलोग्राम भार वर्ग में सोलन के प्रांजल ने स्वर्ण, हमीरपुर के रिजुल ने रजत और सिरमौर के रूद्र ने कांस्य पदक जीता।

# स्पीति के स्वयं सहायता समूहों को वितरित की ऑटोमैटिक बुनाई मशीनें

टीम एक्शन इंडिया/काजा

**काजा: जाइका** वानिकी परियोजना के अंतर्गत स्पीति के विभिन्न स्वयं सहायता समूहों को बुनाई और कताई की ऑटोमैटिक मशीनें वितरित की। सोमवार को वाइल्ड लाइफ डिविजन स्पीति के काजा में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान चार स्वयं सहायता समूहों को 35 बुनाई मशीनें और 13 कताई मशीनें बांटी। बीएमसी सब कमेटी शैगो के स्वयं सहायता समूह सरचेन को 15 बुनाई मशीनें, बीएमसी सब कमेटी क्यूलिंग के स्वयं सहायता समूह जोमसा को 5 बुनाई मशीनेंए बीएमसी सब कमेटी खुरिक के स्वयं सहायता समूह नगकित को 6 बुनाई और 4 कताई मशीनें वितरित की गई। बीएमसी सब कमेटी रंगरिक के स्वयं सहायता समूह मैनतोक को 9 बुनाई और 9 कताई मशीनें दी गई।




अरण्यपाल वण्य प्राणी दक्षिण प्रीति भंडारी ने स्वयं सहायता समूहों को बुनाई और कताई मशीनें भेंट कर बेहतर आर्थिकी कमाने के लिए आजीविका सुधार के टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जाइका वानिकी परियोजना के तहत 884 स्वयं सहायता समूह तरह.तरह के उत्पाद तैयार कर आर्थिकी को मजबूत कर रहे हैं। प्रीति भंडारी ने कहा कि वाइल्ड लाइफ स्पीति में जाइका परियोजना की गतिविधियां सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में यहां के स्वयं सहायता समूह ऑटोमैटिक बुनाई और कताई मशीनों से स्वेटर, मफ लर, दस्ताने, जुराबें समेत बैबी सैट तैयार करेंगे। इस अवसर पर डीसीएफ वाइल्ड लाइफ स्पीति मंदार उमेश जेवरे, एसीएफ वाइल्ड लाइफ स्पीति चमन लाल ठाकुर, एसएमएस आशुतोष पाठक, एफ टीयू कॉ-ऑर्डिनेटर मिनाक्षी बोद्ध, छोडन

, वन विभाग और जाइका वानिकी परियोजना के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

**स्वरोजगार**

**कार्यक्रम के दौरान चार स्वयं सहायता समूहों को 35 बुनाई मशीनें और 13 कताई मशीनें बांटी**

# डीपीई कपिल मोहन ठाकुर को सौंपी जिलाध्यक्ष पद की कमान, इन्हें भी मिली जिम्मेदारी

एसपी जैरथ

**नाहन:** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जिला सिरमौर हिमाचल प्रांत के त्रैवार्षिक चुनाव में कपिल मोहन ठाकुर को अध्यक्ष पद की बड़ी जिम्मेदारी मिली है। ये चुनाव पर्यवेक्षक महासंघ के राष्ट्रीय सचिव पवन मिश्रा और संगठन मंत्री विनोद सूद हिमाचल प्रांत की देखरेख में सर्वसम्मति से संपन्न हुए। ददाहू के एक होटल में आयोजित चुनाव प्रक्रिया के दौरान जिला सिरमौर के सभी खंडों की कार्यकारिणी, जिला प्रतिनिधियों और जिला कार्यकारिणी के सभी दायित्ववान कार्यकताओं ने हिस्सा लिया। इस मौके पर सभी लोगों



ने सर्वसम्मति से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रजाना के डीपीई कपिल मोहन ठाकुर को जिला अध्यक्ष पद की कमान सौंपी गई। दीपक त्रिपाठी को जिला महामंत्री, श्यामलाल को जिला संगठन मंत्री, रोहित कुमार कोषाध्यक्ष, राधेश्याम शास्त्री को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विजेशपाल पुंडीर को अतिरिक्त महामंत्री, बलदेव सिंह को अध्यक्ष प्रवक्ता संवर्ग चुना गया। इसके साथ-साथ विजय कंवर, मामराज चौधरी और ऋषिपाल को प्रांत प्रतिनिधि, राजेश शर्मा को सह संगठन मंत्री, सतीश कंवर, शिवानी शर्मा, ओंकार शर्मा, रत्नलाल, यशपाल शर्मा आदि को जिला व खंड स्तर के दायित्व के लिए चुना गया। इस दौरान राष्ट्रीय सचिव पवन मिश्रा, हिमाचल प्रांत अध्यक्ष पवन कुमार, प्रांत संगठन मंत्री विनोद सूद और विभागाध्यक्ष सोलन विभाग बलबीर नेगी ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष और नई कार्यकारिणी को बधाई दी।

# ऊना की गोल्ड लोन ब्रांच में बंदूक की नोक पर लूट का प्रयास

**राजन पुरी**

**ऊनाः ऊना** शहर के हमीरपुर रोड़ पर स्थित एक गोल्ड लोन ब्रांच में सुबह सवेरे बंदूक की नोक पर लूटपाट के प्रयास का मामला सामने आया है। बाइक पर सवार होकर पहुंचे चार युवक ने ब्रांच को लूटने के इरादे से पहुंचे थे, लेकिन ब्रांच में लगे सायरन बजने के बाद ब्रांच कर्मियों व महिला ग्राहक से मारपीट करने के बाद मोबाइल फोन लेकर फरार हो गए। ब्रांच कर्मियों की सूचना के बाद पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ ही आसपास के सीसीटीवी फुटेज को भी अपने कब्जे में ले लिया है। वहीं एसपी ऊना



राकेश सिंह ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित बैंक कर्मचारियों से पूछताश की। जानकारी के मुताबिक हमीरपुर रोड़ ऊना पर स्थित एक गोल्ड लोन ब्रांच में कर्मी रोजाना की तरह सोमवार सुबह करीब पौने 8 बजे पहुंचे थे। इसी दौरान ब्रांच के बाहर पहले से खड़े दो युवक भी कर्मी के पास आए और गोल्ड लोन के बारे में पूछा और कर्मियों के साथ पीछे-पीछे साथ ऊपरी मंजिल पर स्थित ब्रांच में पहुंच गए। ब्रांच कर्मियों ने जैसे ही ब्रांच का गेट खोला तो उसी समय यह दोनों लोग ब्रांच के अंदर घुस आये और बंदूक की नोक पर ब्रांच कर्मियों सहित एक महिला ग्राहक से मारपीट करने लगे, इसके बाद इनके दो और साथी ब्रांच में घुसे और वो भी लूट का प्रयास करने लगे। लेकिन गेट खुलने के बाद बायोमीट्रिक में कोड न लग पाने के कारण ब्रांच में लगा सायरन बज उठा और सभी आरोपी ब्रांच कर्मियों के साथ मारपीट कर उनके मोबाइल फोन लेकर मौका से फरार हो गए। सूचना मिलने के पुलिस मौके पर पहुंचे और आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में पुलिस ने पाया कि दो बाइक सवार पर चार युवक लूट के इरादे से ब्रांच में पहुंचे थे। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं मामले की सूचना मिलते ही खुद एसपी ऊना राकेश सिंह पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले को लेकर ब्रांच कर्मियों से जानकारी हासिल की। इस पूरे मामले का पटाक्षेप करने के लिए पुलिस ने गोल्ड लोन ब्रांच और इसके आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालना शुरू कर दिया है। एसपी ऊना राकेश सिंह ने कहा कि पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और आरोपियों को जल्द ही पकडकर जेल की सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

# कुटलैहड़ नवनिर्वाचित विधायक विवेक ने 4 दर्जन गांवो में निकाली धन्यवाद यात्रा

**राजन पुरी**

**ऊनाः** कुटलैहड़ के नवनिर्वाचित विधायक विवेक शर्मा ने सोमवार को क्षेत्र के चार दर्जन से अधिक गांव में अपनी धन्यवाद यात्रा निकाल जनता का आभार जताया। विधायक विवेक शर्मा नलवाड़ी से बंगाणा होते हुए चराड़ा, पिपलू सरोह व लठियाणी से होते हुए बंगाणा पहुंचे। इस मौके पर कुटलैहड़ के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए समर्थक भी विधायक विवेक शर्मा के साथ रहे। बता दें कि विवेक शर्मा ने जीतने के बाद बाबा डेरारूद्रानंद से अपनी धन्यवाद यात्रा को शुरू किया। सोमवार को कुटलैहड़ के चार दर्जन से अधिक गांव का रोड शो के माध्यम से जनता का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि मेरा लक्ष्य क्षेत्र में सबसे बड़ी पानी की समस्या, सडको का सुधार, मुद्रिका बसों के संचालन सहित युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाना



है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में दर्जनों पानी की स्कीमें है, जो कि 80 के दशक के आसपास स्वीकृत हुई थी। अब उन स्कीमों का विस्तार की जाएगा और क्षेत्र के लोगों को लाभ पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ को पर्यटन की दृष्टि बढ़ावा देने के लिए कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब युवाओं के लिए रोजगार के साधन क्षेत्र में उपलब्ध कराना मेरा लक्ष्य है। उन्होंने समस्त जनता का धन्यवाद करते हुए कहा कि अब आपने मुझे अपना आशीर्वाद दिया है। अब मेरा लक्ष्य क्षेत्र का विकास करना है। इस अवसर पर कुटलैहड़ कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, प्रवीण शर्मा, केसी शर्मा, दौलत राम, प्रवीण दुआ, अनिल मनकोटिया, संजीव कुमार, मोहित, पंकज, अक्षय, सौरव, अशोक, सोहन, मोहन, छोटू राम, भाग सिंह, सत्या देवी, ऊषा शर्मा, मृदु शर्मा, पूनम शर्मा, कुसुम शर्मा, रेनू वाला, सरोज, सुषमा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## हिमाचल प्रदेश में उप-चुनावों के लिए अनुसूची तथा दिशा-निर्देश जारी

**चमन शर्मा**

**शिमलाः** मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने गत दिवस को बताया कि भारतीय निर्वाचन आयोग ने सात राज्यों में 13 विधानसभा क्षेत्रों के रिक्त स्थानों के लिए उप-चुनावों की अनुसूची जारी की है। इसके अतिरिक्त बिहार, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडू, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब और हिमाचल प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों में उप-चुनाव आयोजित किए जाएंगे, जिसमें जिला कांगड़ा के देहरा, जिला हमीरपुर के हमीरपुर तथा जिला सोलन के नालागढ़ में चुनाव आयोजित होंगे। हिमाचल प्रदेश में उप-चुनावों के लिए विस्तृत अनुसूची इस प्रकार हैः राजपत्रित

# शिकायतकर्ता ने अपने रिश्तेदार संग मिलकर रची थी स्कूटी चोरी होने की कहानी

**नया मोड़**

**▶▶व्यक्ति से पूछताछ में पता चला कि किरण ने उसके पास कुछ महीने पहले कुछ स्कूटियां खड़ी की हुई थी**

**राजन पुरी**

**ऊनाः** उपमंडल हरोली के हीरां थड़ा से स्कूटी चोरी के मामले में पुलिस जांच के दौरान नया मोड़ आया है। जांच में सामने आया कि शिकायतकर्ता ने अपने रिश्तेदार संग मिलकर ही स्कूटी चोरी होने की झूठी कहानी रची थी। पुलिस झूठी रिपोर्ट करने व इंश्योरेंस के पैसे हड़पने की तैयारी में शिकायतकर्ता महिला व उसके रिशतेदार को गिरफ्तार किया



है। साथ ही स्कूटी भी बरामद की है। बता दें कि किरण कुमारी निवासी हीरां थड़ा ने बताया कि बीती 29 अप्रैल को मेरी ननद उषा व ननदोई कमलजीत सिंह नई स्कूटी मेरे घर पार्क करके अन्य गाड़ी में ज्वालाजी माता के मंदिर माथा टेकने चले गए। अगली सुबह देखा, तो स्कूटी गायब थी। जिसको लेकर किरण कुमारी ने पुलिस के पास स्कूटी चोरी की शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने महिला और उसके रिश्तेदार कमलजीत की बात को सच मानते हुए मामला दर्ज किया। पुलिस ने दोनों को स्कूटी से संबंधित कागजात देने के लिए कहा। काफी दिन तक स्कूटी के कागज न जमा करवाने पर पुलिस को दोनों पर शक हुआ। पुलिस ने अपनी जांच में पाया कि दुलैहड़ में एक व्यक्ति के पास किरण ने चार स्कूटीयां खड़ी की हुई हैं। व्यक्ति से पूछताछ में पता चला कि किरण ने उसके पास कुछ महीने पहले कुछ स्कूटियां खड़ी की हुई थी। स्कूटियों के चैसी नंबर और इंजन नंबर चेक करने पर एक स्कूटी वही पाई गई, जिसकी चोरी की रिपोर्ट किरण ने अपने रिश्तेदार के साथ मिलकर की थी। पुलिस ने स्कूटी को संबंधित व्यक्ति से अपने कब्जे में ले लिया और धीरे-धीरे सारी कडि?ां जब जुड़ी, तो पता चला की किरण और उसके रिश्तेदार कमलजीत ने मिलकर पूरी घटना को अंजाम दिया था। जांच में सामने आया कि किरण पिछले एक-दो वर्षों से एक अनरजिस्टर्ड एजेंट के तौर पर काम कर रही थी, जो आसपास के कई लोगों को विश्वास में लेकर टाहलीवाल की एक एजेंसी से स्कूटीयां डाउन पेमेंट पे खरीद करवाती थी और खरीद करने के बाद अगर उक्त व्यक्ति को पैसे की थोड़ी कमी रहती थी, तो उक्त स्कूटीयों को अन्य लोगों के पास गिरवी रखवा देती थी और उनसे पैसे लेकर खुद व उक्त व्यक्ति को पैसे उधार दे दिए जाते थे। इस तरह करीब 14 से 15 स्कूटियां किरण द्वारा खरीद करवाना पाई गई।

पुलिस ने कमलजीत और किरण को पूछताछ करने के बाद गिरफ्तार कर लिया है। दोनों ने अपनी गलती मान ली है। पूछताछ में यह भी पता चला की किरण तथा कमलजीत चोरी हुई स्कूटी की इंश्योरेंस लेने के लिए संबंधित कंपनी से प्रयास कर रहे थे।

## संक्षिप्त खबरें

### सनोली में अध्यापिका के घर से सोने के आभूषण व नगदी चोरी

**राजन पुरी**

**ऊनाः सदर थाना** के तहत सनोली की एक अध्यापिका के घर से सोने के आभूषण सहित नगदी चोरी हुई है। वारदात के दौरान घर पर कोई भी नहीं था। मामले को लेकर अध्यापिका ने पुलिस के पास शिकायत दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में निजी स्कूल की अध्यापिका मंगला रानी पत्नी विकास कौशल निवासी सनोली ने बताया कि रविवार को अपनी पति संग अपने निजी काम से अमृतसर पंजाब गए हुए थे। जबकि घर के मेन गेट को ताला लगाकर बंद किया था। देर शाम वापिस घर आया, तो पाया मकान के दो अलग-अलग कमरों मे रखी अलमारियां खुली थी। अलमारी के साथ वाले दराज को चैक किया, तो उसके अंदर रखे मेरे सोने के गहने, 2 सोने की चूडि?ां, दो अंगूठियां, एक जोड़ी टॉपस तथा दूसरे कमरे में दरवाजे के हैंडल के साथ लटकाए कैरी बैग में 20,000 रुपये गायब थे। मंगला रानी ने बताया कि घर में कोई तोड़ फोड़ नहीं हुई और घर के पिछली तरफ का गेट खुला था। पुलिस ने महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक ऊना राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। उन्होंने कहा कि शातिर जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

### गोंदपुर जयचंद में सफेदे के पौधे जलाने के आरोप, मामला दर्ज

**राजन पुरी**

**ऊनाः** पुलिस थाना हरोली के तहत गोंदपुर जयचंद में एक महिला ने चाचा ससुर व उसके बेटे पर 15 कनाल भूमि पर लगे सफेदे के पौधे जलाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर बाप व बेटे के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में नमनीश कौर निवासी गोंदपुर जयचंद ने बताया कि रविवार को चाचा ससुर सुरेंद्र व उसका बेटा अमरीक सिंह ने अपने खेत में आग लगाई। आग बढ़ते हुए इनके खेत में भी फैल गई और 15 कनाल भूमि में लगाए गए सफेदे के सारे पौधे जल गए। डीएसपी हरोली मोहन रावत ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर पिता व पुत्र के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### लंगर के बर्तन ले उड़ा जालंधर का व्यक्ति, मामला दर्ज

**राजन पुरी**

**ऊनाः** समूरकलां के टैंट हाऊस व कैटरिंग मालिक ने जालंधर के एक व्यक्ति पर धोखे से लंगर के बर्तन ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने टैंट हाऊस मालिक की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में यशपाल निवासी लमलैहड़ी ने बताया कि गत शनिवार को एक ऑटो चालक मुनीश कुमार का फोन आया कि विकास कुमार निवासी जालंधर को लंगर लगाने के लिए बर्तन चाहिए। जिसको लेकर मुनीष कुमार ने विकास कुमार से सीधी बात भी करवाई। यशपाल ने बताया कि रविवार दोपहर को माया होटल में 14 पतीले व ढक्कन, सात टप व 5 प्रातें छोड़ चला गया, लेकिन विकास कुमार सारा सामान बोलेरो में डालकर कहीं ले गया। अब विकास कुमार ने फोन बंद कर लिया है। पुलिस अधीक्षक ऊना राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### माजरा झोला स्कूल में बच्चों को बांटी पानी की बोतलें

**राजन पुरी**

**ऊनाः** राजकीय प्राथमिक पाठशाला माजरा झोला में सोमवार को एम्स बिलासपुर की स्टाफ नर्स शेफाली राणा बच्चों को पानी की बोतलें वितरित की। पाठशाला के मुख्य अध्यापक जसविंदर कुमार ने इसके लिए शिफाली राणा और उनके पिता सतीश कुमार का इस कार्य के लिए आभार जताया। इस मौके पर पंच संदीप कुमार, अमरजीत, सपना देवी, ज्योति वाला, रजनी देवी, नीलम देवी, नीतू देवी, रेणु वाला व बलवीर कौर सहित अन्य उपस्थित रहे।

### शिवबाड़ी मंदिर ट्रस्ट फिर शुरू करेगा एक पौधा अपनों के नाम योजना

**राजन पुरी**

**ऊनाः द्रोण** महादेव शिव मंदिर शिवबाड़ी में फिर से एक पौधा अपनों के नाम योजना की शुरूआत होने जा रही है। बता दें कि मंदिर में एसडीएम सौमिल गौतम द्वारा एक पौधा अपनों के नाम योजना शुरू की थी। योजना के अनुरूप कोई भी व्यक्ति किसी अपने की याद में यहां पौधा लगा सकता है। पौधा व गमला मंदिर ट्रस्ट द्वारा उपलब्ध करवाया जाता है और इसकी एवज में पौधा लगवाने वाले को एक हजार रुपये ट्रस्ट के पास जमा करवाने पड़ते हैं।

# राष्ट्रीय वेकबोर्डिंग व वाटर स्कीइंग प्रतियोगिता हुई

## डब्ल्यूडब्ल्यूएसएफ आई के सहयोग से प्रदेश को पहली बार मिला राष्ट्रीय मेजबानी का मौका



**प्रतिभाग**

**▶▶इस दो दिवसीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप में विभिन्न राज्यों के 30 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं**

**एसपी जैरथ**

**नाहनः** वॉटर एडवेंचर स्पोर्ट्स को लेकर पहली बार प्रदेश को भी मेजबानी करने का मौका मिला है। वॉटर स्पोर्ट्स क्लब रुखड़ी के द्वारा वेक बोर्ड वॉटर्स स्कीइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के सौजन्य से आयोजित इस दो दिवसीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप में विभिन्न राज्यों के 30 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। जिसमें जूनियर वर्ग से मंसूरी के सेंट जॉर्ज स्कूल कक्षा 10वीं सी छात्र जयवीर सिंह चौहान, पंजाब के हरजोत सिंह, जम्मू व कश्मीर के फैजान, कश्मीर से आफ रीन भट्ट, चंडीगढ़ की महक चोपड़ा तथा पंजाब के राजवीर सिंह हिस्सा ले रहे हैं। वहीं वरिष्ठ वर्ग में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व कर रहे अरविंद, प्रवीण, पंजाब के जगजीवन, हिमाचल प्रदेश के दिनेश, गुजरात से ठाकरे विलास, चंडीगढ़ से राहुल रैना, जम्मू से गुलजार अहमद, कश्मीर के शौकत खालिद अहमद तथा हिमाचल प्रदेश के राकेश हिस्सा ले रहे हैं। बड़ी बात तो यह है कि इन सभी ने पहले ही दिन फ इनल क्वालीफ ई कर लिया था। उधर, जूनियर वर्ग में नाहन से ताल्लुक रखने वाले पूर्व विधायक के पोते जयवीर चौहान जोकि मंसूरी के सेंट जॉर्ज स्कूल में पढ़ रहे हैं। उन्होंने बेहतर प्रदर्शन करते हुए फाइनल के लिए क्वालीफ ई कर लिया है। बड़ी बात तो यह है कि आईओसी इंटरनेशनल स्पोर्ट्स फेडरेशन से संबंध वाले वेकबोर्ड व वॉटर्स स्की फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप ने झीलों पर आधारित एडवेंचर टूरिज्म को प्रवेश भी दे दिया है।

## विनोद कुमार बने सायर डोभा स्कूल एसएमसी प्रधान

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** राजकीय उच्च पाठशाला सायर डोभा में मुख्याध्यापक अमृत पाल सिंह की अध्यक्षता में आम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें तीस अभिभावकों ने भाग लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि विद्यालय का समय 11 जून 2024 से नौ बजे सुबह से शाम तीन बजे तक किया जाए। इस दौरान नई स्कूल प्रबंधन समिति का गठन भी किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से विनोद कुमार को प्रधान तथा सपना देवी को उपप्रधान चुना गया। नई एसएमसी कार्यकारिणी में निरमा, चमन लाल, सुमना, सोनू कुमारी, जयलता, रीना, अंजू देवी, उर्मिला देवी, कोमल, अमरनाथ, संजीव कुमार को सदस्य के रूप में शामिल किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत प्रधान डोभा रीता देव को पदेन सदस्यता प्रदान की गई।

# शिक्षा उपनिदेशक ने किया स्काउट एंड गाईड कैंप का औचक निरिक्षण

**राजन पुरी**

**ऊनाः** महाराणा प्रताप अंब कॉलेज में भारत स्काउट एंड गाईड के अंतर्गत चल रहे पांच दिवसीय लड़कियों के कैंप का रविवार रात्रि उच्च शिक्षा उपनिदेशक राजेंद्र कौशल ने अपनी टीम के साथ औचिक निरिक्षण किया गया। निरिक्षण के दौरान टीम न कैंप में चल रहीं विभिन्न गतिविधियों का विवरण लिया। जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों की ट्रेनिंग, शिक्षा, रहने की व्यवस्था, खाने की व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, अनुशासन और दिनभर की अन्य गतिविधियों की



जानकारी ली। इस दौरान विद्यथियों से बातचीत कर कैंप की फीडबैक ली। निरीक्षण के दौरान टीम सारी व्यवस्था सही पाई। बता दें कि कैंप का संचालन 5 जून से चल रहा है, जिसमें 52 गाईड अध्यापकों के मार्गदर्शन में कुल 190 गाईड लड़कियां हिस्सा ले रही हैं। शिक्षा उपनिदेशक राजेन्द्र कौशल ने बताया कि कैंप सुचारू ढंग से चल रहा हैं। कैंप में किसी भी प्रकार की अनियमिता नहीं पाई गई। इस मौके पर कोर्स लीडर प्रिया कंबर, डीओसी सोनूकुमारी, डीटीसी सुमन देवी, स्टाफ सदस्य संतोष कुमारी, पूनम जसवाल, शिवानी देवी व निरीक्षण टीम वरष्ठि सहायक वरूण पाठक भी मौजूद रहे।

# सीटू द्वारा मिड डे मील वर्कर्स नाहन ब्लॉक का वार्षिक अधिवेशन संपन्न

**एसपी जैरथ**

**नाहनः** सीटू कार्यालय नाहन में मिड डे मील वर्कर्स नाहन ब्लॉक का वार्षिक अधिवेशन संपन्न हुआ। सीटू के बैनर तले आयोजित इस अधिवेशन में मिड डे मील वर्कर्स से जुड़ी कई मांगो और समस्याओं पर मंथन किया गया। मीडिया से बात करते हुए सीटू के जिला महासचिव आशीष कुमार ने बताया कि आज इस नाहन ब्लॉक के मिड डे मील वर्कर्स अधिवेशन में कई मुद्दों पर चर्चा व विचार विमर्श किया गया। जिसमें मुख्य रूप से न्यायालय के आदेशों के मुताबिक मिड डे मील वर्कर्स को 12 महीने का वेतन दिलाने को लेकर रणनीति तैयार की जा रही है ताकि



सरकार पर दबाव बनाया जा सके। इसके अलावा चुनाव ड्यूटी के दौरान मिड डे मील वर्कर्स को रू 800 प्रतिदिन के हिसाब से अतिरिक्त वेतन देने के लिए भी प्रस्ताव पारित किया गया। उन्होंने बताया कि चुनाव ड्यूटी के दौरान तैनात सभी कर्मचारियों को किसी न किसी रूप में कंपनसेट किया जाता है परंतु मिड डे मील वर्कर्स को किसी भी प्रकार का कोई भत्ता नहीं दिया जाता जोकि मिड डे मील वर्कर्स के साथ अन्याय है। आशीष कुमार ने बताया कि मिड डे मील वर्कर्स पिछले लंबे समय से स्कूलों में काम कर रहे हैं जहां बच्चों की संख्या घटती और बढ़ती रहती है। ऐसे में किसी कारणवश जिन स्कूलों में बच्चों की संख्या निर्धारित संख्या से कम हो जाती है तो वहां मिड डे मील वर्कर को काम से हटा दिया जाता है जोकि न्याय संगत नहीं है। बैठक के दौरान विचार विमर्श किया गया और सरकार से मांग की गई है कि ऐसे मिड डे मील वर्कर्स को किसी अन्य स्कूल या फि र किसी अन्य कार्य में लगाकर उसकी सेवाएं जारी रखी जाए। अधिवेशन के बाद मिड डे मील वर्कर्स नाहन ब्लॉक की नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया जो आने वाले समय में संगठन की समस्याओं और मांगों को लेकर सरकार के समक्ष रखेगी।

# मानसून सीजन से पहले आपदा से बचाव को लेकर तैयारियां शुरू

**खेमचंद शास्त्री।**

**मंडीः** मानसून सीजन से पहले आपदा से बचाव को लेकर जिला प्रशासन मंडी ने तैयारियां शुरू कर दी है ताकि किसी भी आपात स्थिति से कारगर तरीके से निपटा जा सके। उपायुक्त अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में सोमवार को तैयारियों को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि जिला में भू.स्खलन की दृष्टि से संबेदनशील क्षेत्रों में 25 जून तक सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से तीन महीने का राशन उपलब्ध करवा जाएगा। उन्होंने कहा कि मानसून में सभी अधिकारी अलर्ट पर रहें और जिम्मेदारी से अपना काम करें। उन्होंने सभी




एसडीएम और विभागों को उपमंडल स्तर पर मानसून से बचाव को लेकर 15 जून से पहले उपमण्डल स्तर पर बैठक करने और भू.स्खलन को लेकर संवेदनशील सडकों और गांवोंए उपलब्ध संसाधनों और अस्थायी आश्रयों की सूची बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने जेसीबीए डोजर और अन्य मशीनरी या उपकरण आदि की पहचान करने और 15 जूनए 2024 से पहले सारी सूची उपायुक्त कार्यालय को भेजने और मानसून से पहले क्लस्टरवार पर्याप्त जनशक्ति और मशीनरी तैनात करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपमंडल स्तर पर आपदा प्रबंधन कन्ट्रोल रूम खोलने और इसके 24 घंटे कार्यशील रखने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएमए आयुक्त एमसीए पीओ डीआरडीए को संवेदनशील क्षेत्रों में की पानी की उचित निकासी के लिए नालों की तुरंत सफाई करवाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में पिछली बरसात में मंडी से कुल्लू मार्ग के क्षतिग्रस्त होने से हुई भारी परेशानी को मध्यनजर रखते हुए एनएचएआई के अधिकारियों को इस मार्ग पर थोड़ी-थोड़ी दूरी पर आवश्यक मशीनरी तैनात करने के निर्देश दिए हैं ताकि किसी भी आपदा की स्थिति में सडक को बिना किसी देरी के बहाल किया जा सके। उन्होंने एनएचएआई को बरसात से पहले इस मार्ग की मुरम्मत करने तथा पक्का करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने मंडी से कुल्लू वाया कटौला सडक को भी बरसात में दुरस्त रखने के लिए आवश्यक कार्य समय पर करने के निर्देश दिए।

# नंदपुर स्कूल में प्रमोद बने एसएमसी कमेटी के प्रधान

**राजन पुरी**

**ऊनाः राजकीय** उच्च पाठशाला नंदपुर में नए शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए एसएमसी कमेटी का गठन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमर की अध्यक्षता में पुरानी कमेटी भंग कर नई कमेटी गठित की गई।

जिसमें प्रमोद कुमार को दूसरी बार कमेटी के प्रधान पद पर चयन किया गया है। कमेटी के अन्य सदस्यों में सपना देवी, सुष्मा देवी, कविता वर्मा, रजनी देवी, संतोष कुमारी, रशपाल सिंह, सुरजीत सिंह और नवीन कुमार को चयनित किया है। वहीं मनोनित सदस्यों में ग्राम पंचायत नंदपुर श्रवण कुमार, उप प्रधान




ओम प्रकाश, वार्ड पंच जीवन कुमार शामिल हैं। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ, विद्यार्थियों के अभिभावक और कमेटी सदस्य मौजूद रहे। एसमएल-27

## न्यूज फ्लैश

### सीजीसी लांडरां की कैम्पस लाईफः जहां छात्रों को किताबी शिक्षा के दायरे से बढ़कर व्यवहारिक ज्ञान पाने का मौका मिलता है

**हिसार ।** चंडीगढ़ ग्रुप ऑफ कॉलेजेज (सीजीसी), लांडरां ने अपने विभिन्न एकेडमिक प्रोग्रामों के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। चारों ओर हरियाली से घिरा, आधुनिक बुनियादी सुविधाओं से युक्त सीजीसी लांडरां का कैम्पस छात्रों को ऐसा वातावरण प्रदान करता है जहां उन्हें




अकादमिक उत्कृष्टता, इनोवेशन एवं व्यक्तिगत विकास के अवसर मिलते हैं। छात्र ऑफिशियल लिंक के जरिए एकेडमिक प्रोग्रामों के लिए रजिस्टर कर सकते हैं और बेहतरीन कैम्पस लाईफ का उत्कृष्ट अनुभव पा सकते हैं। सीजीसी लांडरां विभिन्न विषयों में कई प्रकार के एकेडमिक प्रोग्रामों की व्यापक रेंज पेश करता है। इनके इंजीनियरिंग प्रोग्रामों में कई स्पेशलाइजेशन्स में बी.टेक शामिल है, जहां आधुनिक लैब्स एवं इंडस्ट्री प्रोजेक्ट्स के माध्यम से सैद्धान्तिक ज्ञान एवं व्यवहारिक कौशल पर जोर दिया जाता है। इसी तरह बीसीए प्रोग्राम, प्रोग्रामिंग, डेटाबेस मैनेजमेन्ट, नेटवर्किंग, सॉफ्टवेयर डेवलपमेन्ट को कवर कर छात्रों को आईटी करियर के लिए तैयार करता है। बिजनेस मैनेजमेन्ट प्रोग्राम जैसे बीबीए और एमबीए, केस स्टडीज एवं इंटर्नशिप्स के माध्यम से लीडरशिप स्ट्रैटेजिक थिंकिंग एवं एंटरेप्रेन्योरशिप पर फोकस करते हैं। फार्मेसी प्रोग्रामों में बी.फार्म और एम.फार्म शामिल हैं जिसमें लैब वर्क के साथ मेडिसिनल कैमिस्ट्री और फार्मेकोलोजी पर ध्यान दिया जाता है। वहीं कॉमर्स प्रोग्रामों में बी.कॉम और एम.कॉम शामिल हैं, जो छात्रों को अकाउन्टिंग, फाइनैंस और बिजनेस लॉज में शिक्षा प्रदान करते हैं। बायोटेक्नोलॉजी प्रोग्रामों की बात करें तो बायोटेक्नोलॉजी और माइक्रोबायोलोजी में बी.एससी. और एम.एससी. प्रोग्राम शामिल है, जो बायोलोजी एंव टेक्नोलॉजी के संयोजन के साथ प्रेक्टिकल लैब वर्क और रीसर्च का अवसर प्रदान करते हैं। होटल मैनेजमेन्ट प्रोग्रामों में होटल ऑपरेशन्स और मैनेजमेन्ट शामिल हैं, जहां व्यवहारिक प्रशिक्षण पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाता है। बी.एससी प्रोग्राम रीसर्च एवं इनोवेशन पर फोकस करते हैं फिजिक्स, कैमिस्ट्री, मैथेमेटिक्स एवं एनवायरनमेंटल साइंस में स्पेशलाइजेशन उपलब्ध कराते हैं।

### इस सीजन खेलों के रोमांच का अनुभव पाएं वी मुवीज एंड टीवी ऐप के साथ

**गुरुग्राम।** हाल ही में ओरमैक्स मीडिया द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में 678 मिलियन दर्शक स्पोर्ट्स देखते हैं, इनमें सबसे ज्यादा देखे जाने वाले खेल क्रिकेट और फुटबॉल हैं, 612 मिलियन दर्शक क्रिकेट और 305 मिलियन दर्शक फुटबॉल देखने के शौकीन हैं। दर्शकों की डिजिटल व्यूइंग की



बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए जाने-माने टेलीकॉम ऑपरेटर वी ने स्पोर्ट्स कंटेंट को ढूंढना और देखना बेहद आसान बना दिया है।
इस सीजन वी के यूजर, वी मुवीज एण्ड टीवी ऐप के सिंगल सब्सक्रिप्शन प्लान के साथ डिजनी प्लस हॉटस्टार पर दुनिया के सबसे बड़े टी20 क्रिकेट टूनार्मेन्ट से लेकर यूईएफए यूरो 2024 और कोपा अमेरिका तक हर तरह के स्पोर्ट्स का लुत्फ उठा सकते हैं। उनके अनुभव को बेहतर बनाने के लिए वी कनेक्टेड टीवी के माध्यम से भी स्ट्रीमिंग का मौका देता है और उन्हें व्यूइंग का शानदार अनुभव प्रदान करता है।

# जेईई एडवांस्ड : आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड कुरूक्षेत्र के छात्रों ने किया कमाल

## जश्न जिंदल ऑल इंडिया रैंक 1695 के साथ बने टॉप परफार्मर, 21 छात्रों ने किया क्वालीफाई

**दलबीर मलिक**
**टीम एक्शन इंडिया**
**कुरूक्षेत्रः परीक्षण** तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने कुरूक्षेत्र में अपने 21 स्टूडेंट्स की उल्लेखनीय उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया, जिन्होंने संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) एडवांस्ड 2024 में उल्लेखनीय ऑल इंडिया रैंक (अक्फ़) हासिल कर क्वालीफाई किया है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और एईएसएल द्वारा प्रदान की गई उच्च गुणवत्ता वाली



कोचिंग का प्रमाण है. आईआईटी मद्रास की ओर से रविवार को परिणाम जारी किए गए.प्रभावशाली ऑल इंडिया रैंक हासिल करने वाले छात्रों में टॉप स्कोरर जश्न जिंदल ने एआईआर 1695, गुरुरपन सिंह ने एआईआर 3451, प्रणव सैनी ने एआईआर 3908 औ? आकर्षित ने एआईआर 5166 हासिल की है। वहीं, कुरूक्षेत्र के कुल 21 स्टूडेंट्स ने उत्कृष्ट ऑल इंडिया रैंक प्राप्त कर जेईई एडवांस्ड क्वालीफाई किया। स्टूडेंट्स की उपलब्धि में उनके परिवार, शिक्षकों, और आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड का बड़ा हाथ है। उनके साथी, परिवार और समर्थकों के एकजुट समर्थन ने उन्हें इस महत्वपूर्ण मील के पत्थर पर पहुंचाया है। स्टूडेंट्स ने प्रभावशाली स्कोर हासिल करके अपने माता-पिता और आकाश इंस्टिट्यूट के पूरे स्टाफ को गौरवान्वित किया है.
जेईई एडवांस्ड की तैयारी के लिए छात्रों ने एईएसएल के क्लासरूम प्रोग्राम में दाखिला लिया था, जिसे व्यापक रूप से विश्व स्तर पर सबसे कठिन प्रवेश परीक्षाओं में से एक माना जाता है. वे अपनी उल्लेखनीय सफलता का श्रेय अवधारणाओं की कठोर समझ और अनुशासित अध्ययन कार्यक्रम के कड़ाई से पालन को देते हैं. "हम आभारी हैं कि आकाश ने दोनों में हमारी मदद की है. लेकिन एईएसएल की सामग्री और कोचिंग के लिए, हमने कम समय में विभिन्न विषयों में कई अवधारणाओं को नहीं समझा होगा," छात्रों ने व्यक्त किया. आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के रीजनल डायरेक्टर श्री परमेश्वर झा ने छात्रों को उनकी असाधारण उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा", "हम छात्रों को उनके अनुकरणीय सफलाता के लिए बधाई देते हैं।

## डीसी ने समाधान प्रकोष्ठ के तहत सुनी समस्याएं



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत कमाल हुसैन**
**डीसी डॉक्टर वीरेंद्र कुमार** दहिया ने मुख्यमंत्री नायब सैनी की पहल पर जिला में समाधान प्रकोष्ठ के तहत लोगों की समस्याएं सुननी शुरू कर दी हैं। सोमवार को उन्होंने अपने कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश भी दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वें सरकार के निर्देशानुसार समाधान प्रकोष्ठ के तहत जनता की समस्याओं का समाधान करें। उन्होंने निर्देश दिए की जनता की मुलभूत सुविधाओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारी प्रत्येक कार्य दिवस पर सुबह 9 बजे से 11 बजे तक जनता की समस्याएं लिखित में लेंगे। मौके पर उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे व रिकॉर्ड मेन्टेन करेंगे। समाधान प्रकोष्ठ में आकर लोग पीपीपी, प्रॉपर्टी आईडी, जमीन रजिस्ट्रेशन, नगर निकायों के नो ड्यूज, नक्शा, पेंशन, राशन कार्ड, अपराध संबंधित शिकायत, बिजली, पानी से जुड़ी समस्याओं का समाधान करा सकेंगे।

## भाविप की श्रीराधा कृष्ण शाखा ने जरूरतमंद बेटी को भेंट की सिलाई मशीन




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। भारत विकास परिषद** के आत्मनिर्भर भारत अभियान के निहितार्थ भारत विकास परिषद की श्री राधा कृष्ण शाखा की ओर से गांव भैणीखुर्द में एक जरूरतमंद बेटी को सिलाई मशीन भेंट की गई। यह बालिका अपनी शिक्षा जारी रखने के साथ-साथ अपने परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए सिलाई कार्य करना चाहती है। इस प्रकल्प के प्रमुख मीनू सिंगला व प्रमोद नागपाल रहे। उन्होंने कहा कि भारत विकास परिषद की श्री राधा कृष्ण शाखा द्वारा समय-समय पर समाज की भलाई के लिए कार्य किए जाते हैं और जरूरतमंदों की सहायता की जाती है। शाखा सदैव समाजसेवा के कार्यो के लिए तत्पर रहती है। उन्होंने कहा कि सभी को जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए। इस अवसर पर प्रियंका कठपाल, प्रभा, सरिता तनेजा, रंजना पुरी, मीनू सिंगला, दलबीर, अनुज सिंगला, अनिल अरोड़ा व देवेन्द्र रोहिल्ला उपस्थित रहे।

## योग दिवस की तौयारियों को लेकर डीसी ने की बैठक

### जिला स्तर एवं खंडस्तर पर आयोजित किए जाएंगे योग दिवस पर कार्यक्रमः डीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
**पानीपत जिला में अंतर्राष्ट्रीय** योग दिवस पर 21 जून को होने वाले कार्यक्रम को लेकर डीसी वीरेन्द्र कुमार दहिया ने सोमवार को जिला सचिवालय में सभी संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले के सभी खण्डों में भी योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। डीसी ने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिला में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम बड़े ही भव्य तरीके से होना चाहिए, जिसके लिए हर व्यवस्था समय रहते कर ली जाए। उन्होंने कहा




कि योग दिवस पर स्थानीय शिवाजी स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नागरिकों को लाइव दिखाया जाएगा। उन्होंने जिला के आम नागरिकों से भी आह्वान किया है कि योग दिवस पर कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा भाग लें। इस कार्यक्रम में युवाओं का अहम रोल रहेगा इसलिए वे अपनी भागीदारी अवश्य सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में भारतीय योग संस्थान, पंतजंलि योगपीठ सहित खेल विभाग का भी सहयोग लिया जाएगा। बैठक के दौरान जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. संजय राजपाल ने बताया कि योग दिवस की तैयारियों को लेकर जिले भर में विभिन्न स्थानों पर योग शिविर लगाकर योग साधकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इन शिविरों में योग सहायक लोगों को योग के प्रति जागरूक कर रहें हैं और प्रशिक्षण दे रहें हैं। इस अवसर पर एसडीएम मनदीप कुमार, एसडीएम समालखा अमित कुमार, एसडीएम इसराना ज्योति मित्तल, डीएसपी सतीश गौतम, सिविल सर्जन डॉ जयंत आहूजा जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता संजय शर्मा, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट से जिला प्रभारी शीशपाल, पतंजलि योग सेवा समिति से अशोक अरोड़ा, बलवान सिंह सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## मनोहर लाल के कैबिनेट मंत्री बनने से प्रदेश की जनता को होगा लाभ : योगेन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। नरेंद्र मोदी को** तीसरी बार प्रधानमंत्री चुने जाने एवं करनाल के सांसद मनोहर लाल को केन्द्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने की खुशी में घंटाघर चौक पर भाजपा कार्यकताओं ने पटाखे फोड़े एवं ढोल व नगाड़े बजाकर तबले की थाप पर नाचते हुए लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया । भाजपा जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा ने अपनी खुशी का इजहार करते हुए कहा कि मनोहर लाल ने पहले साढ़े नौ वर्ष हरियाणा प्रदेश के लोगों की सेवा की है और अब केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल होकर देश के लोगों की सेवा करेंगे। उन्होंने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी तथा



करनाल से सांसद मनोहर लाल को केन्द्रीय मंत्रिमंडल में शामिल करने पर प्रधानमंत्री मोदी का धन्यवाद किया। उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि करनाल से सांसद मनोहर लाल के केंद्र में मंत्री बनने से करनाल में नये प्रौजेक्ट आएंगे, जिसका लाभ स्थानीय लोगों को मिलेगा। इसके अलावा उन्होंने करनाल विधानसभा से नायब सैनी की जीत पर भी खुशी जताई। उन्होंने कहा कि भारत अब तक विश्व बंधू के रूप में काम करता था और अब विश्व गुरु बनेगा। पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष व मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार जगमोहन आनंद ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि करनाल के लोगों के लिए बहुत ही खुशी की बात है कि हमारे यहां से पूर्व मुख्यमंत्री और करनाल लोकसभा से नवनिर्वाचित सदस्य मनोहर लाल को केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। करनाल लोकसभा और हरियाणा के लोगों का मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि भारत में तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं, जिसके चलते एक बार फिर से देश विकास की नहीं राह पर जाएगा और अपने देश को विकसित बनाने का काम किया जाएगा। पूर्व मेयर रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि करनाल के लोगों के लिए बहुत ही बड़ी बात है, क्योंकि करनाल से दो मुख्यमंत्री चुनाव लड़ रहे थे। जहां पर पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल संसद के लिए चुनाव लड़ रहे थे तो वहीं मौजूदा मुख्यमंत्री नायब सैनी विधायक के लिए चुनाव लड़ रहे थे। करनाल की जनता ने भारतीय जनता पार्टी पर विश्वास जताया है और दोनों को यहां से जीत दिलाने का काम किया है। इस मौके पर भाजपा प्रवक्ता प्रोफेसर वीरेंद्र चौहान, पूर्व उद्योग मंत्री शशि पाल मेहता, निर्मला बैरागी, अशोक भंडारी, अमरनाथ सौदा, जिला उपाध्यक्ष राजबीर शर्ता, प्रवीण लाठर, जिला महामंत्री सुनील गोयल, जिला कोषाध्यक्ष बृज गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी डाङअशोक कुमार, जिला सचिव मंजू खैंची, संकल्प भंडारी, मेघा भंडारी, मुकेश अरोडा, रघुमल भट्ट, विकास कथुरिया, हरपाल कलामपुरा सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जेईई एडवांस्ड 2024: आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड अंबाला के छात्रों ने किया कमाल




**अंबालाः** परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने अंबाला में अपने 20 स्टूडेंट्स की उल्लेखनीय उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया, जिन्होंने संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) एडवांस्ड 2024 में उल्लेखनीय ऑल इंडिया रैंक (अक्फ़) हासिल कर क्वालीफाई किया है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और एईएसएल द्वारा प्रदान की गई उच्च गुणवत्ता वाली कोचिंग का प्रमाण है. आईआईटी मद्रास की ओर से रविवार को परिणाम जारी किए गए.प्रभावशाली ऑल इंडिया रैंक हासिल करने वाले छात्रों में टॉप स्कोरर हार्दिक अग्रवान ने एआईआर 93, कुनाल कुमार ने एआईआर 356, एकमजोत सिंह संधू ने एआईआर 1232 और देव गुलाटी ने एआईआर 2428 हासिल की है। वहीं, अंबाला के कुल 20 स्टूडेंट्स ने उत्कृष्ट ऑल इंडिया रैंक प्राप्त कर जेईई एडवांस्ड क्वालीफाई किया।
स्टूडेंट्स की उपलब्धि में उनके परिवार, शिक्षकों, और आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड का बड़ा हाथ है। उनके साथी, परिवार और समर्थकों के एकजुट समर्थन ने उन्हें इस महत्वपूर्ण मील के पत्थर पर पहुंचाया है। स्टूडेंट्स ने प्रभावशाली स्कोर हासिल करके अपने माता-पिता और आकाश इंस्टिट्यूट के पूरे स्टाफ को गौरवान्वित किया है.

## सार्थक साहित्य मंच कुरुक्षेत्र की काव्य गोष्ठी आर के पुरम में हुई आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : सार्थक साहित्य** मंच कुरुक्षेत्र की जून मास की काव्य गोष्ठी श्री शिव किरमच जी की मेजबानी में उनके निवास स्थान मकान नंबर 13 आर के पुरम. में आयोजित की गई ।इस काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता आदरणीय रतन चंद सरदाना जी ने की । इसका कुशल मंच संचालन डॉ, बलवान जी ने किया । यह सफल काव्य गोष्ठी हंसी ठहाकों के बीच बड़ी शानदार रही । गोष्ठी का आरंभ सिद्धू के मधुर गीतों से हुआ । सबसे पहले मां को याद करते हुए दूसरी तरफ किशोर जी के कई गीतों को सुना कर वातावरण संगीतमय कर दिया ।डॉ.शिव किरमच ने जहां हरियाणवी चुटकुले सुनाए वही संजीदा करने वाले कविताएं भी रखी जो समाज को एक सार्थक संदेश दे रही थी ।इसी प्रकार डॉक्टर शकुंतला शर्मा ने व्यंग्यात्मक हरियाणा लोकगीत सुनाया ।श्री रतनचंद सरदाना जी ने अपने दोस्त को याद करते हुए और देश के वीर जवानों पर शौर्य गीत भी सुनाया ।डॉ. ममता सूद जहां एक व्यंग्यात्मक कविता सुनाई वहीं खामोशी कैसे करती है बातें उसे पर अपनी कविता रखी । राधा अग्रवाल जी ने गीता पर सुंदर रचना सुनाकर सारा वातावरण भक्तिमय में कर दिया । डॉक्टर बलवान ने समाज में फैले नशे पर अपनी कविता के साथ-साथ एक गजल भी सुनाई ।जैसे काव्य गोष्ठी का आरंभ हुआ वैसे ही काव्य गोष्ठी का समापन भी डॉक्टर सहदेव शर्मा जी के मधुर गीतों से हुआ।

## गुरु अर्जन देव जी के अनमोल विचार प्रेरणापरक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : श्रीकृष्ण** आयुष विश्वविद्यालय द्वारा गुरु अर्जन देव के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को ठंडे मीठे पानी की छबील सेवा लगाई गई। छबील सेवा की शुरूआत अरदास के बाद की गई। इस अवसर पर कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान, कुलसचिव डॉ. नरेश भार्गव, डॉ. विदुषी त्यागी, डॉ. रवि राज, डॉ. राजेंद्र चौधरी, सहायक कुलसचिव अतुल गोयल, फाइनेंस ऑफिसर सत्यनारायण शर्मा, अकाउंट




ऑफिसर आलोक नाथ शर्मा, एक्सिएन भूपेंद्र सिंह व छबील आयोजक टीम में मनप्रीत सिंह, इंद्र प्रताप सिंह, मोहित, अमित, कर्ण, दीपक, चंद्र शेखर, अरविंद, गौरव, आशीष, शुभम, गुरूप्रीत व चिराग मौजूद रहे। इस अवसर पर कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि सनातन संस्कृति के गौरवपूर्ण इतिहास में सिख पंथ के पांचवें गुरु श्री गुरू अर्जन देव जी के अनमोल विचार समस्त मानव जाति को सन्मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने जीवन पर्यन्त न केवल मानव को ज्ञान का प्रकाश दिखाया बल्कि सनातन हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए जब मुगल आक्रांता ने उन्हें तपते तवे पर बैठाया और ऊपर से गर्म रेत सिर पर डाला गया तब भी उन्होंने शारीरिक यातनाओं को सहते हुए सनातन हिन्दू धर्म को नहीं त्यागा। पांच दिन यातनाएं देने के बाद छठे दिन गुरु अर्जुन देव को मुगल आक्रांता ने पत्थर बांधकर पानी में बहा दिया था।

## मनोहर लाल के कैबिनेट मंत्री बनने से पानीपत के विकास को लगेंगे पंख

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
**करनाल पानीपत के** सांसद मनोहर लाल के केंद्रीय मंत्री बनाए जाने पर पानीपत जिला में चारो ओर खुशी की लहर दौड़ गई है सोमवार को भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट के वीवर्स कॉलोनी कार्यालय और भाजपा जिला कार्यालय में बधाई देने वालों का तांता लगा रहा और भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट का मुह मीठा करवाकर कार्यकताओं ने भी खुशी का इजहार कियो इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि भाजपा सिद्धांतवादी पार्टी है जिसमें कर्मठ और समर्पित कार्यकताओं को पूरा मान-सम्मान दिया जाता है कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल ने अपना सारा जीवन पार्टी को समर्पित कियो पहले वह



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में प्रचारक थे और बाद में वह भारतीय जनता पार्टी से सक्रिय तौर से जुड़कर भाजपा में अपनी अलग पहचान बनाई जिसके बल पर वह प्रथम प्रयास में ही उन्होंने करनाल से विधायक बन कर हरियाणा के मुख्यमंत्री के तौर पर जनता की सेवा की और अब करनाल लोकसभा क्षेत्र से सांसद बनकर केन्द्रीय मंत्री पद की शपथ ग्रहण की मनोहर लाल की कर्मठता, कार्यकुशलता, पारदर्शिता, सुशासन, दूरदर्शिता और लोकप्रियता का ही परिणाम है कि उन्होंने अपने जीवन में पहली बार करनाल से लोकसभा का चुनाव लड़ा और भारी बहुमत से जीत हासिल कर सांसद बनते ही केन्द्रीय मंत्रिमंडल में शामिल होने का सौभाग्य इन्हें प्राप्त हुओ

**करनाल की जीत में पानीपत का रहा अग्रणी योगदान झ दुष्यंत भट्ट**

भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि यूं तो करनाल जिला की 5 विधानसभा क्षेत्रों में भी इन्हें अच्छा समर्थन मिला है लेकिन जीत के मामले में पानीपत शहरी विधानसभा प्रथम और ग्रामीण विधानसभा ने दूसरे स्थान पर रहा जबकि इसराना और समालखा में भी अच्छी बढ़त मिली इससे यह बात सिद्ध हो गई है कि पानीपत जिला के लोग मनोहर लाल की कार्यशैली को कितना पसंद करते हैं यही नहीं भारत के मंत्रीमंडल में छोटे से प्रदेश हरियाणा के तीन सांसदों का शपथ ग्रहण करना और इन तीनों में मनोहर लाल का कैबिनेट मंत्री बनना इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि 25 वर्षों से अधिक समय के बाद इस लोकसभा क्षेत्र को यह गौरव प्राप्त हुआ है और यह बात इससे भी और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है कि 25 वर्ष पूर्व भी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के मंत्रीमंडल में करनाल सांसद आईडी स्वामी को भी गृह राज्य मंत्री ही बनाया गया थो भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पं. दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, केशव बलिराम हेडगेवार, कुशाभाऊ ठाकरे, अशोक सिंघल और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी के बताए मार्ग पर चलते हुए सबका साथ-सबका विकास करते हुए समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का अन्त्योदय के सिद्धांत पर उत्थान करती है।

## कुवि के विधि विभाग में सत्र 2024 25 से नए कोर्स की शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के निदेर्शानुसार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विधि संस्थान ने सत्र (2024-25) से विधि के छात्र व छात्राओं के लिए दो वर्षीय स्नातक कार्यक्रम एल. एल. एम,आरम्भ किया है। इस कोर्स को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मानकों के अनुसार तैयार किया गया है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विधि संस्थान के पास कुशल ० अनुभवी शिक्षक और अच्छे संसाधन है। यह कार्यक्रम समाज में विधि के क्षेत्र में एक नए अध्याय का संकलन करेगा।



इसके माध्यम से जहां संस्थान के संसाधनों का अत्यधिक समाज को मिलेगा वहीं दूसरी तरफ यह कोर्स एल.एल.एम. के पाठ्यक्रम को नई दिशा देने का कभी करेगा। विधि संस्थान की निदेशिका प्रोफेसर सुशीला देवी चौहान ने बताया कि इस कार्यक्रम को तैयार करने में विधि संस्थान के सभी शिक्षकों ने अथक मेहनत की है और पाठ्यक्रम की संरचना इस प्रकार की गई है कि इसमें सैद्धांतिक व व्यावहारिक पाठ्यक्रम का उचित समन्वय किया गया है। पाठ्यक्रम को छात्र उन्मुख बनाया गया है।

## संपादकीय

# पर्यावरण एवं स्वास्थ्य को निगलते रासायनिक उर्वरक

**उर्वरक** भारत में कृषि उत्पादन और किसानों की आय बढ़ाने के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण आदानों में से एक है। कुल उर्वरक खपत के मामले में भारत दुनिया में दूसरे और दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क) देशों में पहले स्थान पर है। उर्वरक वितरण और उपयोग से संबंधित सरकारी नीतियों में बदलाव ने पोषक तत्व उपयोग अनुपात को काफी प्रभावित किया है। उर्वरक पोषक तत्वों का अत्यधिक उपयोग या दुरुपयोग या असंतुलित उपयोग पर्यावरणीय गिरावट और जलवायु परिवर्तन का कारण बन रहा है। असंतुलित उर्वरक उपयोग के मिश्रित हानिकारक प्रभाव न केवल मिट्टी और वायुमंडलीय प्रदूषण को बढ़ा रहे हैं, बल्कि जल निकायों (यूट्रोफिकेशन) को भी प्रभावित कर रहे हैं और जैव विविधता और मानव स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं। उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से पर्यावरण प्रदूषण होता है क्योंकि उनकी अवशिष्ट और अप्रयुक्त मात्रा हवा, पानी और मिट्टी के लिए प्रदूषक बन जाएगी। यह जल निकायों में यूट्रोफिकेशन की प्रक्रिया भी शुरू करता है, जिससे मिट्टी के माइक्रोफ्लोरा को मारकर मिट्टी की गुणवत्ता कम हो जाती है, आदि। उर्वरकों के अधिक प्रयोग से मिट्टी की अम्लता भी बढ़ती है। उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग मिट्टी के पारिस्थितिकी तंत्र को भी परेशान करता है जो अंततः मिट्टी की उत्पादकता को बाधित करता है। रासायनिक उर्वरकों के अपने उपयोग हैं, लेकिन उनके छुपे खतरे भी हैं। चाहे खेत में या लॉन में उपयोग किया जाए, पौधों को बढ़ने में मदद करने के लिए जितना उपयोग किया जा सकता है उससे अधिक लगाने से पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य को नुकसान होता है। चूँकि रासायनिक उर्वरकों से होने वाली क्षति अक्सर दीर्घकालिक और संचयी होती है, इसलिए मिट्टी को उर्वरित करने के वैकल्पिक और टिकाऊ तरीकों पर विचार करना बुद्धिमानी हो सकती है। रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से पर्यावरण संबंधी समस्याएं खराब हैं, और उन्हें हल करने में कई साल लगेंगे। हालाँकि, रासायनिक उर्वरकों से एक तात्कालिक चिंता मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर है। कम से कम, रासायनिक उर्वरकों का उपयोग करके उत्पादित खाद्य फसलें उतनी पौष्टिक नहीं हो सकती हैं जितनी होनी चाहिए। ऐसा इसलिए है क्योंकि रासायनिक उर्वरक पौधों के स्वास्थ्य के लिए तेजी से विकास करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप ऐसी फसलें होती हैं जिनका पोषण मूल्य कम होता है । पौधे एनपीके से थोड़े अधिक पर बढ़ेंगे, लेकिन उनमें कैल्शियम, जिंक और आयरन जैसे आवश्यक पोषक तत्व नहीं होंगे या कम विकसित होंगे। इसका उपभोग करने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ सकता है। सबसे खराब स्थिति में, रासायनिक उर्वरक वयस्कों और बच्चों में कैंसर के विकास के जोखिम को बढ़ा सकते हैं और भ्रूण के मस्तिष्क के विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं। वर्तमान में पर्यावरण एवं स्वास्थ्य के लिए उर्वरक के उपयोग में संतुलन की आवश्यकता महती आवश्यकता है। किसानों को उर्वरकों के उपयोग की सर्वोत्तम प्रक्रियाओं के बारे में शिक्षित करें, जिसमें सही मात्रा, समय और उपयोग की तकनीकें शामिल हैं। जो किसान अधिक ज्ञान प्राप्त करेंगे वे निर्णय लेने में बेहतर ढंग से सुसज्जित होंगे।

# सफल भी एवं सक्षम भी होगी मोदी की तीसरी पारी

ललित गर्ग

> पिछले दस वर्षों का मोदी का कार्यकाल यह बताता है कि जहां उन्होंने देश विकास की एक अमिट गाथा लिखी, वहीं वे देश में सबसे सशक्त और लोकप्रिय नेता के रूप में उभरे और विश्व पटल पर अपनी एक गहरी छाप छोड़ते हुए भारत को एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में खड़ा किया। इससे विश्व में भारत का मान बढ़ा और इसे उनके विरोधी भी स्वीकार करते हैं। प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने न केवल साहसिक फैसले लिए, बल्कि विकास और जनकल्याण के ऐसे कार्य किए जिसने देश की तस्वीर बदली, भारत का विकास हुआ। अब वह विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। चूंकि गठबंधन सरकार के बावजूद कमान प्रधानमंत्री के हाथ में है और उन्होंने यह कहा है कि वह अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और इस एजेंडे के प्रति सहयोगी दलों और विशेष रूप से टीडीपी और जेडीयू ने भी अपनी संकल्पबद्धता जताई है इसलिए मोदी की प्रधानमंत्री के रूप में तीसरी पारी निरंतरता, साहसिकता, दृढ़ता का परिचायक ही होगी

**एक और** इतिहास रचते हुए नरेन्द्र मोदी ने तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। इसके साथ ही वह पंडित जवाहरलाल नेहरू के बाद लगातार तीसरा कार्यकाल हासिल करने वाले पहले प्रधानमंत्री बन गए। यह देश ही नहीं दुनिया के लिए एक अद्भुत एवं विलक्षण राजनीतिक घटना है, क्योंकि दुनिया में बहुत कम शासनाध्यक्षों को यह सौभाग्य प्राप्त हुआ। मोदी के इस तीसरे कार्यकाल पर देश-दुनिया की नजरें इसलिये भी टिकी हैं कि मोदी सरकार 3.0 का अजेंडा पिछली गठबंधन सरकारों से अलग होकर भी सशक्त है। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को लेकर काम करने वाली इस सरकार में 71 मंत्रियों ने प्रधानमंत्री के साथ शपथ ली। मोदी के करिश्माई नेतृत्व में पिछले दस साल में देश को विकास के कहीं ज्यादा ऊंचे मुकाम पर खड़े करते हुए दुनिया को चौंकाया है। 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से हम पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं। जीडीपी के आकार के हिसाब से हमने पिछले साल ब्रिटेन को पीछे छोड़ा और 2026 तक जापान तो 2027 तक जर्मनी को पीछे छोड़ने की उम्मीद कर रहे हैं। इन लक्ष्यों की ओर तेजी से कदम बढ़ाना नई सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसक साथ ही सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास इस सरकार का ध्येय है।

प्रधानमंत्री मोदी इस बार गठबंधन सरकार का नेतृत्व करते हुए एक नया इतिहास बनायेंगे, उम्मीद की जा रही है कि बिना बाधा एवं गठबंधन की शर्तों के वे देश-विकास के अपने एजेंडे को सफलतापूर्वक एक नई ऊंचाई देंगे। उनकी लोकसभा चुनाव-2024 की उपलब्धि की महत्ता इसलिये भी कम नहीं हो जाती, क्योंकि भाजपा बहुमत से कुछ ही दूर है। चूंकि सहयोगी दल मोदी सरकार को सहयोग और समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध हैं और मंत्रियों का चयन सुगम तरीके से हो गया इसलिए यह आशा की जाती है कि मोदी की तीसरी पारी भी सुगमता एवं त्वरित गति से चलेगी। इसका एक कारण यह भी है कि उनके पास व्यापक राजनीतिक अनुभव है और चुनौतियों का सामना करने की क्षमता तथा समन्वय की राजनीति करने का कौशल भी। गठबंधन दलों को भी समन्वय एवं सौहार्द का वातावरण बनाना होगा, इसी में उनका राजनीतिक हित है। वे विपक्षी दलों के बहकावे में न आये, वरना यहां मोदी एवं शाह के पास अन्य विकल्प हैं जो मोदी सरकार को संकट में नहीं जाने देंगे। मोदी की राजनीतिक यात्रा को देखा जाए तो उन्होंने अनेक ऐसी



चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया है जिनकी कल्पना नहीं की जाती थी-पहले गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में और फिर देश के प्रधानमंत्री के रूप में। मोदी के सामने चुनौतियां पूर्ण बहुमत के दौर में भी रही है और अब भी कायम है। इस राह पर दो बड़ी चुनौतियां खड़ी हैं, जिनकी अनदेखी करते हुए आगे बढ़ना मुमकिन नहीं है। ये हैं बेरोजगारी और असमानता। इंटरनैशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन की इंडिया एम्प्लॉयमेंट रिपोर्ट के मुताबिक देश में 80 प्रतिशत बेरोजगार युवा हैं। गरीब मुक्त भारत बनाने का लक्ष्य भी सामने हैं। पूर्व के दो कार्यकाल में मोदी ने इसमें बड़ी सफलता हासिल की है। जहां तक असमानता की बात है तो उसे अक्सर तेज विकास के आगे ज्यादा तवज्जो नहीं मिलती, लेकिन याद रखने की बात है कि तेज विकास को अगर टिकाऊ बनाना हो तो असमानता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इसी मौलिक सोच एवं दृष्टि से मोदी सरकार 3.0 का अजेंडा दुनिया में भारतीय अर्थव्यवस्था को एक चमकते सितारे के रूप में स्थापित करने एवं सुदृढ़ आर्थिक विकास के लिये आगे की राह दिखाने वाला होगा। संभावना है कि मोदी की तीसरी पारी में समावेशी विकास, वंचितों को वरीयता, बुनियादी ढांचे में निवेश, क्षमता विस्तार, हरित विकास, महिलाओं एवं युवाओं की भागीदारी, मोदी की गारंटियों पर बल दिया जायेगा। इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल और सामाजिक विकास की दृष्टि से देश को आत्मनिर्भर बनाने की रफ्तार को भी गति दी जायेगी। वन नेशन, वन इलेक्शन और यूनिफॉर्म सिविल कोड जैसे मुद्दों पर राजनीतिक मजबूरी की विशेष छाप देखने को मिल सकती है। लेकिन मोदी की कोशिश रहेगी कि वे अपने इन मुद्दों को भी आकार दे सके। इनमें कुछ विलम्ब हो सकता है, लेकिन ये और ऐसे अनेक मुद्दें मोदी की प्राथमिकता बने रहेंगे।

पिछले दस वर्षों का मोदी का कार्यकाल यह बताता है कि जहां उन्होंने देश विकास की एक अमिट गाथा लिखी, वहीं वे देश में सबसे सशक्त और लोकप्रिय नेता के रूप में उभरे और विश्व पटल पर अपनी एक गहरी छाप छोड़ते हुए भारत को एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में खड़ा किया। इससे विश्व में भारत का मान बढ़ा और इसे उनके विरोधी भी स्वीकार करते हैं। प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने न केवल साहसिक फैसले लिए, बल्कि विकास और जनकल्याण के ऐसे कार्य किए जिसने देश की तस्वीर बदली, भारत का विकास हुआ। अब वह विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। चूंकि गठबंधन सरकार के बावजूद कमान प्रधानमंत्री के हाथ में है और उन्होंने यह कहा है कि वह अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और इस एजेंडे के प्रति सहयोगी दलों और विशेष रूप से टीडीपी और जेडीयू ने भी अपनी संकल्पबद्धता जताई है इसलिए मोदी की प्रधानमंत्री के रूप में तीसरी पारी निरंतरता, साहसिकता, दृढ़ता का परिचायक ही होगी। राजनीति की लंबी पारी ने मोदी को दृढ़ता के साथ ही लचीलेपन का भी पाठ पढ़ाया है। कोई कारण नहीं कि राजनीतिक विरोधियों को साथ लेने में दिखाया गया लचीलापन सहयोगियों को बनाए रखने में काम नहीं आएगा। दूसरी बात यह कि चाहे चंद्रबाबू नायडू हों या नीतीश कुमार, दोनों विकास की राजनीति का चेहरा रहे हैं।

मंत्रिमण्डल का गठन करते हुए ऐसा नजर नहीं आया कि भाजपा गठबंधन सहयोगियों के किसी तरह के दबाव में हो। पिछली सरकार में महत्वपूर्ण मंत्रालय संभालने वाले भाजपा के सांसद वरिष्ठता क्रम में शपथ लेते नजर आए। मंत्रिमंडल के गठन में गठबंधन के हितों के साथ ही जातीय संतुलन और महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व देने का प्रयास किया गया। हरियाणा में भले भी पांच सांसद इस बार चुने गए हों, लेकिन इस साल राज्य में विधानसभा चुनाव को देखते हुए पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को कैबिनेट व राव इंद्रजीत सिंह तथा कृष्णपाल सिंह को राज्यमंत्री बनाया गया। वहीं पंजाब से कोई भाजपा सांसद नहीं चुना गया लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पोते रवनीत बिट्टू को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। झारखंड में इस साल चुनाव होने हैं तो राज्य को तीन मंत्री दिये गए हैं। मोदी का मंत्रिमण्डल देश विकास के साथ राजनीतिक अपेक्षाओं के अनुरूप प्रभावी एवं सशक्त एक तीर से अनेक निशाने साधते हुए दिखा। निश्चित रूप से भाजपा अपने सहयोगी दलों के प्रति उदार एवं समन्वयमूलक रवैये अपनाएगी। राजग की कोशिश है कि गठबंधन को मजबूत करके इस बार सशक्त होकर उभरे विपक्ष का मुकाबला किया जा सके। इतना तय है कि कांग्रेस के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन अग्निपथ, समान नागरिक संहिता, बेरोजगारी व महंगाई जैसे संवेदनशील मुद्दों पर राजग सरकार के लिये कड़ी चुनौती पेश करेगा, लेकिन सहयोगी दलों के साथ भाजपा उनका मुकाबला करने के लिये तैयार है। एक सवाल यह भी है कि क्या नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाली राजग सरकार सहयोगी दलों की आकांक्षाओं के बीच पिछले दो कार्यकाल की गति से काम कर पाएगी? निश्चित ही मोदी उसी अंदाज एवं दबंगता से अपनी योजनाओं एवं नीतियों को आगे बढ़ायेंगे। मोदी के विजन में जहां हर हाथ को काम का संकल्प साकार होगा, वहीं सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास का प्रभाव भी स्पष्ट रूप से उजागर होगा। मोदी के नये संकल्पों एवं योजनाओं से देश विकास की दशा एवं दिशा स्पष्ट होगी। आदिवासी समुदाय एवं अर्थव्यवस्था के उन्नयन एवं उम्मीदों को आकार देने की दृष्टि से मोदी सरकार मील का पत्थर साबित होगी। साथ-ही-साथ समाज के सभी वर्गों का सर्वांगीण एवं संतुलित विकास सुनिश्चित होगा। सशक्त होती अर्थव्यवस्था इस मायने में उम्मीद की छांव देने वाली साबित होगी, जिससे शहर एवं गांवों के संतुलित विकास पर बल मिल सकेगा।

## कविता

### "झूमता बसन्त है"

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

संजीव

# एमबीबीएस नहीं तो और क्या?

विजय गर्ग

**डॉक्टर** बनना कम उम्र से ही कई बच्चों का सपना होता है। बीमारों को ठीक करने और साथ ही लोगों से कृतज्ञता और सम्मान पाने से बेहतर जीवन बिताने का इससे बेहतर तरीका क्या हो सकता है? और पहले के वर्षों के विपरीत, आज सक्षम डॉक्टर भी अच्छी आय अर्जित करते हैं। दुर्भाग्य से भारत में, 2 साल की एमबीबीएस (बैचलर ऑफ मेडिसिन एंड बैचलर ऑफ सर्जरी) डिग्री के लिए उपलब्ध सीटों की संख्या पूरे भारत में लगभग 100,000 तक सीमित है, जो 1000 से अधिक कॉलेजों में फैली हुई है। इसलिए, कई उम्मीदवारों को अपने सपनों का कोर्स करने का मौका नहीं मिलता है। साथ ही, चिकित्सा अध्ययन बहुत अधिक विस्तृत होते हैं, जिसके लिए बड़े हिस्से को कवर करने, नैदानिक कार्य और अंत में, इंटर्नशिप के एक कठोर वर्ष की आवश्यकता होती है। इसलिए, कई अच्छे इरादे वाले छात्र जो अपने स्कूल के दिनों में डॉक्टर बनने का सपना देखते थे, वे चिकित्सा पेशे में आने की उम्मीद छोड़ देते हैं और किसी ऐसी चीज की ओर बढ़ जाते हैं जिसके बारे में वे बहुत भावुक नहीं होते हैं। वैकल्पिक लेकिन बहुत से लोग इस बात से अवगत नहीं हैं कि एमबीबीएस की पढ़ाई स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर बनने का एकमात्र तरीका नहीं है। ऐसे कई अन्य विकल्प भी हैं जो आशाजनक और फायदेमंद हैं और ये क्षेत्र तेजी से बढ़ रहे हैं। प्रौद्योगिकी विकास के साथ, स्वास्थ्य देखभाल अधिक स्वचालित होती जा रही है, जिसके लिए उच्च योग्य पैरामेडिकल पेशेवरों की आवश्यकता होती है। एमबीबीएस किए बिना एक योग्य डॉक्टर बनने के लिए, कोई भी आयुष (आयुर्वेद, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी) पाठ्यक्रमों में से किसी एक में प्रवेश ले सकता है, जिसे अब सरकार द्वारा नियमित कर दिया गया है और पूर्ण व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के रूप में पेश किया जाता है। यदि कोई इन प्रणालियों में विश्वास करता है तो वह बीएचएमएस (बैचलर ऑफ होम्योपैथिक मेडिसिन एंड सर्जरी), बीएएमएस (बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक एम एंड एस), बीयूएमएस (बैचलर ऑफ यूनानी एम एंड एस) या बीएनवाईएस (बैचलर ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगिक साइंसेज) का विकल्प चुन सकता है। इनमें से प्रत्येक एमबीबीएस के समान अवधि के लिए है, और उसके बाद इंटर्नशिप होती है। इनमें से प्रत्येक क्षेत्र में तीन वर्षीय स्नातकोत्तर एमडी पाठ्यक्रम भी हैं। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश तुलनात्मक रूप से आसान है और ट्यूशन फीस भी कम है। हालाँकि, एक उम्मीदवार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उसे वास्तव में चुनी गई वैकल्पिक चिकित्सा धारा में विश्वास है, उसने उस पद्धति के माध्यम से उपचार का प्रयास किया है और संतुष्ट है - क्योंकि तभी वह व्यक्ति उस धारा का अभ्यास करने के लिए प्रेरित होगा और रोगियों को ठीक करने में सफल होगा। जो लोग एलोपैथिक साइंस में स्वास्थ्य क्षेत्र में काम करना चाहते हैं, उनके लिए पांच वर्षीय बीडीएस (बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी) जैसे विकल्प हैं, जिसके बाद वे ओरल, ऑर्थोडॉन्टिक, पेरियोडॉन्टिक में तीन साल के एमडीएस कोर्स में विशेषज्ञता हासिल कर सकते हैं। कृत्रिम या मैक्सिलो-चेहरे की सर्जरी।

## विचार

# भाजपा जानती है गठबंधन सरकार का धर्म

आर.के. सिन्हा

**नरेंद्र मोदी के** नेतृत्व में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने रविवार को शपथ ग्रहण समारोह के बाद अपना कामकाज संभाल लिया है। यह पहली बार नहीं है जब भारतीय जनता पार्टी गठबंधन सरकार का नेतृत्व करेगी। वास्तव में, भाजपा की पहली सरकार, जो 1996 में गठित हुई थी, अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में एक गठबंधन की सफल प्रयोग वाली सरकार थी। भले ही वह केवल 13 दिनों तक चली। अटल जी 1998 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार के प्रधानमंत्री के रूप में पुनः वापस आए थे। इसलिए यह कहना सरासर गलत होगा कि भाजपा को गठबंधन सरकारों का नेतृत्व करने का अनुभव नहीं है। भाजपा को 2014 में 283 और 2019 में 303 सीटें मिली थीं। उन जीतों में मोदी जी की सबसे अहम भूमिका रही थी। लेकिन , पूर्ण बहुमत के बाद भी मोदी जी ने गठबंधन का धर्म निभाया । हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 240 सीटें जीतीं - बहुमत से 32 कम। यह तय मानिए कि जो विकास का पहिया 2014 में घूमना शुरू हुआ था वह अब गठबंधन सरकार के दौर में भी आगे बढ़ता ही रहेगा। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ( एनडीए) में 14 पार्टियां शामिल हैं। उसमें भाजपा को 240 सीटों पर विजय मिली और शेष 53 सीटें हासिल कीं , उसकी सहयोगी दलों ने। अगर हम गुजरे दौर के पन्नों को खंगाले तो पता चलेगा कि कि भारत में सबसे पहले 1977-1979 गठबंधन सरकार बनी थी। कांग्रेस के 1977 में चुनाव हारने के बाद जनता पार्टी की सरकार देश में बनी थी। 1977 के चुनाव प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश में आपातकाल की स्थिति लागू करने के लगभग दो साल बाद हुए थे। श्रीमती गांधी ने आपातकाल हटा दिया और जनवरी 1977 में अचानक चुनावों की घोषणा की। श्रीमती गांधी की अगुवाई वाली कांग्रेस पार्टी को जनता पार्टी नामक कई पार्टियों के एक गठबंधन द्वारा हराया गया था, जिसमें भाजपा की पूर्ववर्ती, भारतीय जनसंघ शामिल थी। जनता पार्टी को देश की जनता का भरपूर आशीर्वाद मिला था। उस सरकार में अटल बिहारी वाजपेयी विदेश मंत्री थे और लाल कृष्ण आडवाणी सूचना और प्रसारण मंत्री थे। उस सरकार में बाबू जगजीवन राम, हेमवती नंदन बहुगुणा, जॉर्ज फनार्डीज जैसे जननेता भी शामिल थे। बहरहाल, जनता पार्टी की उस चुनाव में जीत के बाद मोरारजी देसाई प्रधान मंत्री बने। मोरारजी देसाई के नेतृत्व वाली जनता पार्टी सरकार दो साल तक चली। उसके बाद वैचारिक मतभेदों के कारण जनता पार्टी बिखर गई। मोरारजी देसाई सरकार में गृह मंत्री चरण सिंह को कैबिनेट से इस्तीफा देने के लिए कहा गया था। संयोग देखिए कि अब चरण सिंह के पौत्र जयंत चौधरी उस एनडीए सरकार का हिस्सा हैं जिसके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं।

बहरहाल, चरण सिंह 1979 में जनता पार्टी के बिखरे हुए समूहों के समर्थन और कांग्रेस पार्टी के बाहरी समर्थन से प्रधान मंत्री बने। लेकिन चरण सिंह का प्रधानमंत्री का कार्यकाल केवल 23 दिनों तक चला क्योंकि कांग्रेस पार्टी ने अपना समर्थन वापस ले लिया, जिससे चरण सिंह को इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस स्थिति के कारण देश में लोकसभा भंग करने के बाद 1980 में फिर चुनाव हुआ। इस बार इंदिरा गांधी सत्ता में वापस आ गईं, जब कांग्रेस ने 353 सीटें जीतीं। लोकसभा के 1989 के चुनाव परिणाम भारत के लिए एक नये दौर को लेकर आए। यह पहली बार था जब राजीव गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस द्वारा 529 सीटों में से 197 जीतने के बाद किसी भी पार्टी या चुनाव पूर्व गठबंधन ने स्पष्ट बहुमत हासिल नहीं किया था। इसके बाद विश्वनाथ प्रताप सिंह 1989 में भाजपा के समर्थन से प्रधान मंत्री बने। उनकी सरकार 1990 में गिर गई जब भाजपा ने अपना समर्थन वापस ले लिया , जब उस समय के सबसे बड़े नेता, लाल कृष्ण आडवाणी को अयोध्या में राम मंदिर बनाने के लिए आयोजित उनकी यात्रा के दौरान गिरफ्तार किया गया था।1989 से 2004 तक, छह आम चुनावों में एक भी पार्टी को बहुमत नहीं मिला।

इनमें से कुछ गठबंधन विशेष रूप से अराजक रहे : 1989 और 1999 के बीच, आठ गठबंधन बनाए गए और कई जल्दी ही ढह गए। इस बीच, ये मानना होगा कि भारत के कुछ सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक सुधार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकारों के समय ही आए ।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# जिन्न ने सुलझाई पानी की समस्या

रामविलास जांगिड़

**नेताजी** दिल्ली की जल समस्या से खुश होकर अपने ऑफिस में बैठे थे। जल जागरूकता संबंधी बजट भतीजे को, पाइप ठेका चाचा को मिलने वाला है। खुशी में उन्होंने ऑफिस में रखी बाबर टाइप एक अलमारी के लात मारी। अलमारी गिर पड़ी। उसमें से एक धूल भरी किताब निकल आई - "अलिफ लैला की जादुई कहानियां।" नेता ने किताब खोली। उसे देखते ही पन्नों में से धुआं उठा और हातिमताई, अलिफ लैला और जिन्न प्रकट हो गए। नेताजी ने उन्हें देखा और खुशी से उछल पड़े, "वाह, तुम लोग तो सच में हो! अब तो मैं उम्र भर कुर्सी से चिपका ही रहूंगा।" हातिम बोले, "वो तो ठीक है। लेकिन अभी इस समय क्या परेशानी है, नेताजी?" नेताजी ने अपनी समस्या बताई और कहा, "दिल्ली में पानी की भारी कमी है। अमेरिका, पाकिस्तान, अफगानिस्तान सबने हमारे हिस्से का पानी रोक रखा। क्या तुम हमारी मदद कर सकते हो?" अलिफ लैला (प्यार के मारे, दो बेचारे, हमेशा रहते एक साथ एक दूजे के सहारे) मुस्कराए और बोले, "इसका हल तो मेरे पास है। लेकिन पहले थोड़े मजे कर लेते हैं। जैसे आप जन-फायदे का नाटक करके मजे लेते हो। जैसे आप सियासी पर्यटन के लिए जेल जाकर मजे लेते हो।" जिन्न ने अपनी जादुई छड़ी से एक उड़ने वाला कंबल मंगवाया। चारों उस कंबल पर सवार होकर दिल्ली की सैर करने लगे। उड़ते-उड़ते उन्होंने देखा कि यमुना नदी की स्थिति बहुत खराब है। यमुना में प्लास्टिक की थैलियां, कुरकुरे मुरमुरे के पाउच, पान मसाले की खाली थैलियां, बदबूदार कीचड़, सफेद केमिकल झाग, मरी मछलियां, गंधाते रुलाते बजबजाते केमिकल का कीचड़ आदि बहुमूल्य रत्न दिखाई दिए। इन रत्नों की गठबंधनी गंदगी को देखकर अलिफ लैला बेहोश हो गए। जिन्न ने कान में फूंक मार कर उनको ठीक किया। जिन्न बोला, "मैं यमुना को ठीक कर सकता हूं! जल समस्या एकदम खत्म हो जाएगी!" उसने जादुई मंत्र पढ़ा। अरबों-खरबों की संख्या में एक-एक बूंद पानी की शक्ल के कई जिन्न पैदा हो गए। वे सब यमुना के गंदे नाले में छलांग लगा गए। नाला शीघ्र ही नदी में बदल गया। अचानक पानी भरने लगा। नेताजी खुश हुए।

# तुझ संग प्रीत लगाई अंबुआ !

सुनील कुमार महला

**सभी को** पता है कि आम, फलों का राजा कहलाता है। गर्मी के मौसम में आम नहीं खाएं तो मजा नहीं। असली जीवन आनंद आम खाने में है। शायद यही वजह है कि मशहूर शायर सागर खय्यामी को तो आम की एक किस्म 'लंगड़ा' पर यहां तक कहना पड़ा कि- 'आम तेरी ये खुशनसीबी है, वरना लंगड़े पे कौन मरता है।' दशहरी हो या चौसा, तोतापुरी हो या अल्फांसो, हिमसागर हो या रसपुरी, आम का जायका ही कुछ ऐसा है कि हम आम के बारे में यह बात कह सकते हैं कि 'दिल ललचाए रहा न जाए।' खैर, भारतीय संस्कृति में आम, 'आम' नहीं बल्कि बहुत 'खास' है। सच तो यह है कि आदमी को 'आम' से सीखना चाहिए, 'आम होकर भी 'खास' बनना। खास इतना कि आम पर मुहावरे तक बने हैं। मसलन, 'आम के आम और गुठलियों के दाम'(दोहरा लाभ), 'आंधी के आम(अधिक मात्रा में तथा बहुत सस्ते में मिलनेवाली वस्तु), 'आम खाने कि पेड़ गिनने', 'आम होना (सामान्य रूप से प्रचलन में होना) वगैरह वगैरह। वैसे भारतीय संस्कृति में आम इतना प्रसिद्ध है कि कोई व्यक्ति यदि बिना मतलब (अनड्यू विजिट करना) कहीं पर जाता है तो अक्सर यह कहा जाता है कि 'वहां आप क्या आम लेने गये थे।' खैर जो है सो है। वैसे आम तो आम, आम की गुठलियों के लिए परिवार में बहुत लड़ाई होती है। याद आता है जब बाबूजी घर पर आम लाते थे तो गुठली वाला हिस्सा अधिक लगाव (लाड़-प्यार) वाले 'छोटे' बच्चे को खाने को मिलता था तथा औरों को आम का हिस्सा काटकर खाने को मिलता था। वैसे, आदमी को जीवन में इतना 'आम' भी नहीं बनना चाहिए कि लोग, आदमी का 'अचार' बना लें। बच्चे कभी आम के पेड़ पर पत्थर मारकर आम तोड़ते थे, लेकिन आजकल पत्थर मारकर आम तोड़ने वाला 'बचपन' तो मोबाइल में व्यस्त है। आजकल बच्चों की नजर में 'आम' नहीं मोबाइल टंगा है। भले ही बाजार में आज आम की रेहड़ियां, आम की मधुर सुंदर महक बच्चों से लेकर बूढ़ों तक के नथुनों में खलबली मचा रहीं हैं, लेकिन बच्चों को मोबाइल के गेम्स और रील्स रास आ रहे हैं। खैर, आम सबका पसंदीदा फल है लेकिन बाजार में 'आम' के 'दाम' सुनकर सिर पर 'बाम' लगाना पड़ रहा है।

# फैट्टी लेवल कम करेगा एलोवेरा जूस

*– यदि कोई दवा पहले से ले रहे हों तो एक बार एलोवेरा लेने से पहले अपने डॉक्टर की सलाह जरूर ले लें*

*– एलोवेरा में 75 एक्टिव विटामिन्स, मिनरल्स, एंजाइम्स, काबोहाइड्रेट्स, अमीना एसिड, सेलिसिलिक एसिड और फाइटोकेमिकल्स पाए जाते हैं*

*– एलोवेरा की जैली में नींबू, पानी और थोड़ा सा शहद मिक्स कर के पीने से मोटापा कम होता है*



**अभी** तक हम रोज सुबह उठकर घंटों जिम में पसीना बहा कर अपना वजन कम करने में लगे हुए थे। पर अब आपके सामने एक ऐसा उपाय आ गया है जो घर बैठे बिना पसीना बहाए आपका वजन कम कर सकता है। एलोवेरा जैल जो आपके वजन को लगाम लगाएगा। ऐलोवेरा बालों, चेहरे तथा शरीर के लिए भी काफी लाभकारी है। एलोवेरा जैल को आप पानी, जूस या उसकी स्मूदी बना कर दिन में कई बार पी सकते हैं। एलोवेरा कई पोषक तत्वों से भरा है। इसमें 75 एक्टिव विटामिन्स, मिनरल्स, एंजाइम्स, काबोहाइड्रेट्स, अमीना एसिड, सेलिसिलिक एसिड और फाइटोकेमिकल्स पाए जाते हैं। ये सभी चीजें आपका वजन बड़ी आसानी से और बिना पैसे खर्च किए कम करेंगी। अगर आप नियमित तौर पर एलोवेरा जूस का सेवन करेंगे तो आपका न केवल मोटापा घटेगा बल्कि शरीर की अन्य बीमारियां भी दूर हो जाएंगी। एलोवेरा लेने से पहले अपने डॉक्टर की सलाह जरूर लें। यदि आप एलोवेरा को किसी दवा के साथ लेंगे तो क्या आपकी सेहत पर कोई उल्ट असर पड़ेगा, इन सब चीजों के बारे में डॉक्टर से जरूर पूछ लें।

### ऐलोवेरा जूस के फायदे

**1. एलोवेरा जूस और फल का रस :** एलोवेरा को काट कर उसमें से जैल निकाल लें और उसमें अपने मन पसंद फल का रस मिला कर लें।

**2. प्लेन एलोवेरा जैल और जूस :** एलोवेरा को छील कर उसका जैल निकालें और उसे फ्रिज में आगे के इस्तमाल के लिए रख दें। आपको इसे हर सुबह खाने के 15 मिनट पहले इसका एक कप जूस पीना होगा। इस जूस को 1-2 हफ्तों तक पिएं। अगर चाहें तो एक चम्मच जैल को दिन में एक बार खा सकते हैं।

**3. एलोवेरा और नींबू :** एलोवेरा की जैली को एक गिलास में निकाल कर उसमें नींबू, पानी और थोड़ा सा शहद मिक्स कर के पी लें। नियमित रूप से पीने पर मोटापा कम होता है।

**4. एलोवेरा और शहद :** एक गिलास एलोवेरा जूस में एक चम्मच शहद मिक्स करें। इसे अच्छे से चलाएं और पी लें। इसे नियमित रूप से पीने पर मेटाबॉलिज्म बढ़ता है, पेट ठीक रहता है और अत्यधिक फैट बर्न होता है।

**5. एलोवेरा और पानी :** एक-दो चम्मच एलोवेरा जूस को पानी के साथ मिक्स कर के पिएं। इसे दिन में एक बार जरूर पिएं।

**6. एलोवेरा, फल और नारियल स्मूदी :** एक मध्यम आकार एलोवेरा की पत्ती, एक कप बादाम या नारियल दूध, आधा कप ताजा आम या रसभरी, आधा चम्मच नारियल तेल, एक चम्मच शहद, एक चम्मच अलसी के बीज, प्रोटीन पॉवडर को मिक्सी में ब्लेंड कर के दिन में एक-दो बार रोजाना पिएं।

**7. ग्रीन एलोवेरा स्मूदी :** इन सभी सामग्रियों को एक साथ ब्लेंडर में डाल कर मिक्स कर लें। जैसे, एक मुठ्ठी धुली पालक, एक बड़ा टुकड़ा एलोवेरा, छिला खीरा, एक कप कटे आम या अनानास, दो छिले संतरे, तीन/चार कप नारियल पानी, आधा चम्मच स्पिरूलीना पॉवडर मिक्स कर के स्मूदी बनाएं और इसे दिन में दो से तीन बार पिएं।

# प्याज बाल उगाए काला करे



***प्याज*** खाने में ही फायदेमंद नहीं है लगाने में भी काफी फायदेमंद साबित हुआ है। प्याज एक मैंगनीशियम का बहुत बड़ा स्रोत है। प्याज में ऐसे कई गुण है जो आपके बालों को पोशक व काले भी करते हैं। अब इसके बारे में एक और नई जानकारी हासिल हुई है कि प्याज बाल भी उगाता है। जब घर में खाना बनाने के लिए गृहणी मसाला तैयार करने के लिए प्याज काटती है तब आंखों में आंसू आने लगते हैं। उस समय हम सोचते हैं कि जल्दी से प्याज काटने का काम खत्म हो जाए, लेकिन क्या आप जानते हैं कि प्याज में सल्फर पाया जाता है जो कि बालों को दुबारा उगाने में सहायक और गिरते बालों को रोकने के लिए अच्छा होता है। अगर आपके सिर में रूसी भी है तो भी प्याज पीस कर उसका रस लगा लीजिए, इससे रूसी कुछ ही दिनों में गायब हो जाएगी क्योंकि इसमें एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं। अगर आपको अपने बालों की रंगत और पकड़ मजबूत करनी है तो उसके लिए प्याज का हेयर पैक लगाना शुरु कर दीजिए।

1. **प्याज का रस :** प्याज को मिक्सी में पीस कर उसका रस निकाल लीजिए और अपने सिर की त्वचा को इस रस से मसाज कीजिए। इसके बाद अपने सिर को तौलिये से लपेट लीजिए और आधे घंटे बाद शैंपू से बालों को धो लीजिए।
2. **प्याज का रस और हेयर ऑयल:** प्याज का रस निकालें और उसमें बालों के तेल में मिला कर सिर पर लगा लीजिए। इसे एक घंटे तक लगा रहने दीजिए और बाद में शैंपू कर लीजिए। इसके अलावा आप सुगंधित तेल भी लगा सकते हैं, जिससे बालों से प्याज की महक न आए।
3. **प्याज, ऑलिव ऑयल, नारियल तेल पैक :** इस पैक को बनाने के लिए कुछ प्याज ले कर पीस लीजिए और उसका रस निकाल लीजिए। उसमें चम्मच ऑलिव ऑयल और नारियल तेल मिलाइए। इस मिशण्रको बालों में लगाइए, जड़ों में इस तेल को न लगाएं। इसे 2 घंटे तक लगा रहने के बाद शैंपू से धो लें। इस पैक को आप रोज लगा सकते हैं।
4. **प्याज, बियर और नारियल तेल :** बियर और नारियल तेल के साथ प्याज के गूदे को मिलाइए और बालों में लगा लीजिए। इस मिशण्रको 1 घंटे तक बालों में लगा रहने दे, इसके बाद शैंपू कर लेना है। इससे बलों में शाइनिंग आ जाएगी और वह घने दिखने लगेंगे।

# पीठ दर्द को जड़ से खत्म करे मार्जरी आसन

***मार्जरी*** आसन मार्जारी आसन एक बहुत ही सरल आसन है जो कि खासतौर पर रीढ़ को लचीला बनाने के लिये किया जाता है। रीढ़ हमारे शरीर का स्तंभ होता है, अगर यह ठीक नहीं रहेगा तो आप ठीक से काम नहीं कर पाएंगे। मार्जारी आसन करने में बहुत ही आसान है। अगर आपको पीठ दर्द रहता है तो आप के लिए यह मार्जारी आसन बहुत लाभकारी होगा। पीठ दर्द की वजह से शरीर के अन्य भाग जैसे, कंधों में दर्द, मांसपेशियों में लोच की कमी, वजन का घटना, गर्दन में दर्द, कमजोरी और कभी-कभी सिरदर्द की भी शिकायत हो सकती है। मार्जारी आसन महिलाओं के लिए विशेष रूप से लाभदायक है। गर्भावस्था के दौरान पहले तीन महीने तक मार्जारी आसन का अभ्यास किया जा सकता है। यह आसन शरीर को ऊर्जावान बनाता है! आइए जानते हैं मार्जारी आसान करने की विधि और इसका लाभ।

मार्जारी आसन की विधि

दोनों घुटनों और दोनों हाथों को जमीन पर रखकर घोड़े की भाति खड़ी हो जाएं।

हाथों को जमीन पर बिलकुल सीधा रखें। ध्यान रखें कि हाथ कंधों की सीध में हों और हथेली फर्श पर इस तरह टिकाएं कि उंगलियां आगे की तरफ फैली हों।

हाथों को घुटनों की सीध में रखें, बांहें और जांघें भी फर्श से एक सीध में होनी चाहिए। घुटनों को एक-दूसरे से सटाकर भी रख सकती हैं और चाहें तो थोड़ी दूर भी। यह इस आसन की आरंभिक अवस्था है।

इसके बाद रीढ़ को ऊपर की तरफ खींचते हुए सांस अंदर खींचें। इसे इस स्थिति तक लाएं कि पीठ अवतल अवस्था में पूरी तरह ऊपर खिंची हुई दिखे।

सांस अंदर की ओर तब तक खींचती रहें जब तक कि पेट हवा से पूरी तरह भर न जाए। इस दौरान सिर को ऊपर उठाए रखें। सांस को तीन सेकंड तक भीतर रोक कर रखें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-4-5

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-2-3-७

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-2-3-5

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। आत्मविश्वास बढ़ेगा। शुभांक-3-4-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-1-3-4

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-2-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। पुराने मित्र मिलेगें। शुभांक-3-6-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेलजोल से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। शुभांक-3-6-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्यों में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-4-6

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-4-5-6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-3-6-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-3-5

## लॉफिंग ज़ोन

सोहन जोर से अपना विज्ञान का पाठ पढ रहा था- जब सेब पेड से नीचे गिरा तो न्यूटन को बहुत आश्चर्य हुआ।

उसकी छोटी बहन ने बीच में टोक कर कहा- इसमें आश्चर्य की क्या बात थी, आश्चर्य तो तब होता, जब सेब नीच से ऊपर जाता।

□ □ □

आर्टिस्ट- इस चित्र के पीछे मेरे जीवन के पांच साल बीत गये।

ग्राहक- क्या इतनी मेहनत करनी पडी?

आर्टिस्ट- चित्र तो एक सप्ताह में बन गया था, लेकिन ग्राहक पांच साल बाद मिला है।


□ □ □

अली(अपने भाई खलील से)- रात मैंने ख्वाब में देखा कि एक बहुत बडा पपीता मेरे मुंह के पास रखा है, और मैं उसे धीरे-धीरे मजे लेकर खा रहा हूं। अचानक मेरी आंख खुल जाती है, और उठकर देखता हूं तो पलंग पर कुछ भी नही है।

खलील- इसलिए तुम्हारे पलंग से तकिया गायब है।

□ □ □

## काकुरो पहेली - 4081




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




5+6+7+8+9=35
4+6+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

### काकुरो -4080 का हल



## फिल्म वर्ग पहेली-4081



**बायें से दायें:-**

१. 'दिल ने ये कहा हैदिल से' गीत वाली अक्षयकुमार, शिल्पा की फिल्म-४
४. देवआनंद, जैकी, गोविंदा, रेखा की 'इस तरह देखो ना' गीत वाली फिल्म-३
६. 'ना कजरे की धार' गीत वाली अक्षयकुमार, रवीना की फिल्म-३
१०. अनिल, माधुरी दीक्षित की 'आँखों के आगे पीछे' गीत वाली फिल्म-५
१३. 'आदमी मुसाफिर है' गीत वाली संजीव कुमार, सुलक्षणा की फिल्म-५
१४. अतिन भल्ला, संदली की 'साँवली सी इक लड़की' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'हुन हुना रे हुन हुना' गीत वाली विकास भल्ला, काजोल की फिल्म-३
१९. गोविंदा, मनीषा की 'ठहरो तो सही सोचो तो जरा' गीत वाली फिल्म-४
२०. एम. एफ. हुसैन की फिल्म 'मीनाक्सी' की नायिका कौन है-२
२१. 'बाबुल का ये घर बहना' गीत वाली मिथुन, रंजीता, पद्मिनी की फिल्म-२
२२. ऋषिकपूर, पद्मिनी की 'मेरी किस्मत में तू नहीं' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'मेरी शादी का खयाल' गीत वाली राजेश खन्ना, टीना की फिल्म-३
२६. विवेक, दीया मिर्जा की बाबूजी जरा धीरे' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'जब चाहा जजबात से खेले' गीत वाली चंदनदास का गजल एलबम-२
२८. मिथुन, रंभा की 'पीलो इश्क दी विस्की' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'सच कहते हैं हं' गीत वाली अक्षयकुमार, करिश्मा की फिल्म-४
३०. फिल्म 'राजा जानी' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका कौन थी-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. नवीन निश्चल, प्राण, रेखा की फिल्म-२
२. 'मोहब्बत हुई हुई' गीत वाली फिल्म-२
३. विश्वजीत, वहीदा रहमान की फिल्म-३
५. 'ऐ जिंदगी गले लगा' गीत वाली फिल्म-३
७. दीनो मारिया, बिपाशा बसु की फिल्म-२
८. विवेक ओबेराय, अंतरा की 'खल्लास बचके तू रहना रे' गीत वाली फिल्म-३
९. 'करवटें बदलते' गीत वाली संजीव, राजेश खन्ना, मुमताज की फिल्म-२,१,३
११. 'लंबूजी लंबूजी' गीत वाली फिल्म-२
१२. अभिषेक, भूमिका चावला की फिल्म-२
१५. फिल्म 'सब से बड़ा खिलाड़ी' में अक्षयकुमार के साथ नायिका कौन थी-३
१६. शत्रुघ्न, हेमा, मिथन की 'बचके मेरी जान बचके' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'मैं तो हर मोड़ पर' गीत वाली अनिल धवन, रेहाना सुलतान की फिल्म-३
२१. राजेश, शर्मिला, राखी की 'मेरे दिल में आज' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'ओ मेरी चूड़ियाँ बजी' गीत वाली संजयकपूर, तब्बू की फिल्म-२
२३. फिल्म 'बरसात की रात' के संगीतकार कौन थे-३
२४. विनोद खन्ना, योगिता बाली की फिल्म-२
२५. फिल्म 'बागी' में सलमान खान के साथ नायिका कौन थी-३
२६. उमादेवी का गाया गीत 'अफसाना लिख रही हूँ' किस फिल्म का है-२
२७. नसीरूद्दीनशाह, अतुल अग्निहोत्री पूजा भट्ट की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली-4080



## 4081


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | 5 | | 2 | | 4 |
| 4 | 5 | | | | 9 | 7 | 1 | 8 |
| | | | | 7 | | | 5 | 3 |
| | 8 | 2 | 7 | | 5 | | | 6 |
| 1 | 3 | | | 4 | | | 7 | 2 |
| 5 | | | 1 | | 2 | 8 | 3 | |
| 8 | 4 | | | 9 | | | | |
| 3 | 6 | 1 | 2 | | | | 9 | 5 |
| 2 | | 5 | | 1 | | 6 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### 4080

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |

## शब्द पहेली-4081



**बाएँ से दाएँ**

1.जाति,समाज,बुंधता-4
3.स्वयंवर माला,जीत-4
6.चूहे का घर-2
7.स्थिर,टिका हुआ-3
8.पार्थिव देह,लाश-2
10.सुवासित करना-4
11.थोड़ा,कम-2
13.मोटा आटा,दानेदार-4
15.गौरव,अभिमान-3
17.विष्णु,नारायण-4
20.वाहन,गाड़ी,जहाज-2
21.होशियार,दक्ष-3
23.उचित,सही-3
25.जया भादुड़ी व अमिताभ की फिल्म-2
26.करिश्मा,करतब-4
29.भर्त्सना,धिक्कार-3
31.गुलाम,परतंत्र-4
32.बेल,लतिका-2
34.आश्चर्य-4
35.नांद,टप-2
37.मग्नता-3
39.मछली-2
40.कुशलपूर्वक,सुरक्षित-4
41.मित्रतापूर्ण-4

**ऊपर से नीचे**

1.विधेयक,देयक-2
2.विजयादशमी-4
3.जीत,विजय-2
4.जुड़वा-3
5.शव,मृत शरीर-2
6.बंधु,सजातीय,भाई-4
7.एक आंख वाला-2
9.मौजूदा,आधुनिक-4
10.मदमस्त-4
12.धुन,लय,सुर-2
14.इच्छा,कामना-2
16.सुर साधना-3
18.भगवान कृष्ण का गरीब मित्र-3
19.छुट्टी,अवकाश-2
21.अच्छे कुल का-3
22.भाग्य (अंग्रेजी-2)
24.यम,मृत्यु का देवता-4
25.अपमिश्रण, खोट-4
27.निशा,रात्रि-2
28.कहासुनी,कलह-4
30.तल्ला,पैंदा-2
31.गुलामी,पराश्रित-4
33.शिक्षा(उर्दू-3)
34.अदा करना,चुकाना-2
36.एक सवारी गाड़ी-2
38.झुका हुआ-2
39.दोस्त,सखा-2

### शब्द पहेली 4080 का हल





कन्यादान करना चाहते हैं...

# अमीषा पटेल के लिए 20 साल से जीवनसाथी ढूंढ रहे संजय दत्त





अमीषा पटेल ने पांच साल बाद ब्लॉकबस्टर हिट 'गदर 2' के साथ कमबैक किया, जिसमें वो सनी देओल के साथ नजर आईं. ये फिल्म 2001 की हिट 'गदर' की सीक्वल है. फिल्म दर्शकों को काफी पसंद आई और इसे जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला. अमीषा ने एक इंटरव्यू में सितारों के बारे बात की और संजय दत्त, सलमान खान और आमिर खान को लेकर बताया कि उनका तीनों के साथ कैसा बॉन्ड है. उन्होंने जहां आमिर को बहुत ही प्रोफेशनल और बहुत ही मेथर्ड पर्सनालिटी बताया. वहीं सलमान को प्यार से अपना 'शरारती बेस्ट फ्रेंड' बताया.इसके अलावा उन्होंने संजय दत्त को लेकर कहा कि वो 20 सालों से उनके लिए जीवनसाथी ढूंढने के मिशन पर हैं. उन्होंने कहा, संजू मेरी फैमिली की तरह हैं. वो मुझे कहते हैं कि अमीषा तुम इस इंडस्ट्री के लिए बहुत ज्यादा अच्छी हो, मैं तुम्हें इस इंडस्ट्री से निकाल देता हूं. तुम बहुत सीधी-सादी हो, तुम बहुत भोली हो, तुम चलो मैं तुम्हारी शादी करवाता हूं. अमीषा आगे कहती हैं कि वो सबको बताते हैं कि अमीषा का दिल जीतना है, तो उनके साथ अच्छा बिहेव करो.

**बच्चों के साथ खेलने का इंतजार**

इसके साथ ही अमीषा ने ये भी बताया कि संजय की रिकमंडेशन पर कुछ लड़कों ने उन्हें अप्रोच भी किया. लेकिन अमीषा ने उन्हें रिजेक्ट कर दिया. यही नहीं अमीषा ने ये भी बताया संजय ने उनसे ये भी कहा कि वो उनकी शादी में उनका कन्यादान करना चाहते हैं और उनके बच्चों के साथ खेलने का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं. इस इंटरव्यू में अमीषा ने अपनी पर्सनल लाइफ से लेकर कई और बातों का भी खुलासा किया था.

**अमीषा की फिल्में**

अमीषा ने संजय के साथ 'तथास्तु' और 'चतुर सिंह टू स्टार' जैसी फिल्मों में काम किया है. वहीं आमिर खान के साथ वो फिल्म 'मंगल पांडे-द राइजिंग' में नजर आई थीं. इसके अलावा सलमान खान के साथ वो फिल्म 'ये है जलवा' में दिखी थीं. बात अगर उनकी बाकी फिल्मों की करें तो अमीषा ने अपने करियर में कई फिल्में की हैं. लेकिन हिट उनकी 3 फिल्में ही रही हैं. इनमें 'गदर', 'गदर 2' और 'कहो न प्यार है' फिल्मों का नाम शामिल है.

# जब करण जौहर की कार के पीछे भागा 'हीरामंडी' ये एक्टर, फिर इस फिल्म में मिल गया काम



अप्रैल के महीने में जब नेटफ्लिक्स पर संजय लीला भंसाली की पहली वेब सीरीज 'हीरामंडी' रिलीज हुई तो फिर उसके बाद उसमें नजर आए तमाम स्टार्स की पर्सनल लाइफ और करियर को लेकर चर्चा शुरू हो गई. एक्टर ताहा शाह बदुशा ने भी इस सीरीज में अहम किरदार निभाया. वो भी खूब लाइमलाइट में रहे. अब उन्होंने साल 2013 में रिलीज हुई एक फिल्म को लेकर बात की है, जोकि करण जौहर के प्रोडक्शन हाउस धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनी थी.वो फिल्म है 'गिप्पी', जिसे सोनम नायर ने डायरेक्ट किया था. ताहा शाह के अलावा उस फिल्म में रिया विज और दिव्या दत्ता भी दिखी थीं. द वीक को दिए एक इंटरव्यू में ताहा शाह ने वो फिल्म मिलने के पीछे की कहानी बताई है. उन्होंने कहा कि वो करण जौहर की कार के पीछे भागे थे, जिसके बाद करण से उनकी पहली मुलाकात हुई थी और फिर उन्होंने ऑडिशन दिया था.

**ताहा शाह बादुशा ने करण जौहर के बारे में क्या कहा ?**

ताहा ने कहा, "Yrf की फिल्म 'लव का दी एंड' खत्म होने के बाद मैं बाहर निकला और नेटवर्किंग शुरू की और फिर मुझे 'गिप्पी' मिली. मैं करण जौहर सर की कार के पीछे भागा, मैंने उनकी कार को टक्कर मार दी और उनसे कहा कि मुझे एक फिल्म मिली है और वो मैं आपको दिखाना चाहता हूं, प्लीज आप मुझे अपना नंबर दें. वो बहुत दयालु थे. उन्होंने मुछे अपना नंबर दिया और पूछा कि क्या मैं ठीक हूं. उन्होंने मुझे पानी पिलाया और इस तरह मैं उनसे पहली बार मिला.ताहा ने आगे बताया कि उसके बाद फिर वो करण के ऑफिस गए और 'गिप्पी' के लिए ऑडिशन दिया.जानकारी दे दें कि ताहा ने जिस 'लव का दी एंड' फिल्म का जिक्र किया, वो उनकी डेब्यू फिल्म थी. उस फिल्म में वो श्रद्धा कपूर के साथ नजर आए थे. साल 2011 में रिलीज हुई उस फिल्म को बंपी ने डायरेक्ट किया था. बहरहाल, बात अगर 'गिप्पी' की करें तो ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं हो पाई थी. बॉक्स ऑफिस इंडिया की मानें तो फिल्म का बजट 6 करोड़ रुपये था. हालांकि, वर्ल्डवाइड ये फिल्म 5.75 करोड़ का ही ग्रॉस कलेक्शन कर पाई थी.

# Hypocrisy की भी... थप्पड़ कांड के बाद कंगना रनौत का पुराना ट्वीट वायरल, जब विल स्मिथ को किया था सपोर्ट





बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत की सोशल मीडिया इन्वॉल्वमेंट काफी ज्यादा रहती है और लगभग हर विषय पर वे रिएक्ट करती हैं. हाल ही में उनके साथ जो थप्पड़ कांड हुआ वो भी उनके एक पुराने बयान के तर्ज पर हुआ. और अब उन्हीं के एक पुराने बयान को लोग इस थप्पड़ कांड से जोड़ रहे हैं और रिएक्ट कर रहे हैं. दरअसल 2022 में ऑस्कर सेरेमनी के दौरान हॉलीवुड एक्टर विल स्मिथ ने फंक्शन के होस्ट क्रिस रॉक को थप्पड़ जड़ दिया था. इसपर भी कंगना रनौत का रिएक्शन आया था और उन्होंने विल स्मिथ का सपोर्ट किया था. अब इसी तर्ज पर लोग कंगना रनौत को खरी-खोटी सुना रहे हैं.

**कंगना ने क्या कहा था ?**

साल 2022 में 94th एकेडमी अवार्ड सेरेमनी में विल स्मिथ ने स्टेज पर सबके सामने शो के होस्ट क्रिस रॉक को थप्पड़ मार दिया था. वजय ये थी कि क्रिस ने विल स्मिथ की वाइफ जाडा पिन्केट स्मिथ को लेकर कोई जोक मारा था. इसी पर विल का रिएक्शन आया था. इसके बाद कंगना ने विल को सपोर्ट करते हुए लिखा था- अगर कोई बेवकूफ मेरी मां या बेटी की बीमारी को जरिया बनाकर मजाक उड़ाएगा तो मैं उसे वैसे ही मारूंगी जैसे विल स्मिथ ने मारा. बड़ा मूव है.

अब कंगना का यही ट्वीट लोग शेयर कर रहे हैं और तरह-तरह की बातें कर रहे हैं. एक शख्स ने लिखा- अरे भाई हाइपोक्रेसी की भी सीमा होती है. एक दूसरे शख्स ने लिखा- क्या अगर किसी ऐसे शख्स ने कंगना को थप्पड़ मारा होता जो ऑफ ड्यूटी होता तब क्या इसे सही करार दिया जाता. एक शख्स ने कंगना को सपोर्ट करते हुए लिखा- वो महिला सिक्योरिटी ऑफिसर थी और उसने ड्यूटी के वक्त ऐसा किया. ये कई मायनों में गलत है.

**क्या है मामला ?**

साल 2020 में किसान आंदोलन के दौरान कंगना रनौत ने कहा था कि पंजाब की बुजुर्ग महिलाएं 100-100 रुपये में प्रोटेस्ट करने बैठी हैं. उनके इसी बयान से नाराज छ्स्ङ्घस्न की महिला जवान ने उन्हें थप्पड़ मारा और अपनी सफाई में इसी बयान का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी मां भी इस दौरान उस आंदोलन में बैठी थीं. फिलहाल महिला जवान को इस हरकत के लिए सजा मिली और सस्पेंड कर दिया गया है. वहीं इसपर कंगना रनौत का भी रिएक्शन आ चुका है. कंगना रनौत इस कांड के अलावा एक अच्छी वजह से भी चर्चा में हैं. वे पहली बार मंडी सीट से लोकसभा चुनाव लड़ी थीं और नजदीकी मुकाबले में उन्होंने जीत तर्ज की है. उन्हें हर तरफ से बधाइयां मिल रही हैं.



# अक्षय कुमार से जैकी श्रॉफ तक, कश्मीर में जुटेंगे बॉलीवुड के कई सितारे, 20 दिन चलेगी इस फिल्म की शूटिंग

फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' को लेकर नए-नए अपडेट सामने आते रहते हैं. फैन्स को फिल्म का बेसब्री से इंतजार है. साल 2007 में इसका पहला पार्ट वेलकम आया. फिर साल 2015 में वेलकम बैक रिलीज हुई. दूसरी फिल्म में जॉन अब्राहम थे. अब इस तीसरी एक्शन एडवेंचर कॉमेडी फिल्म में एक दो नहीं, कई सितारे साथ में दिखाई देने वाले हैं, जिसमें चार एक्ट्रेस हैं. अब जानकारी है कि फिल्म शूटिंग कश्मीर की घाटी में भी की जाएगी.संजय दत्त ने फिल्म को आधी शूटिंग करने के बाद छोड़ दिया. अब हाल ही में उनकी जगह जैकी श्रॉफ को फिल्म में शामिल किया गया है. अक्षय कुमार जुलाई में अगले शेड्यूल की शूटिंग शुरू करेंगे. वहीं फिल्म की आखिरी शेड्यूल की शूटिंग कश्मीर की खूबसूरत घाटी और जंगल में होगी. इस शेड्यूल की शूटिंग एंड जुलाई में शुरू होगी और 20 अगस्त तक खत्म हो जाएगी. इस दौरान में फिल्म के सभी एक्टर्स शूटिंग में शामिल होंगे. इसके लिए एक्शन डायरेक्टर अब्बास अली मोगुल ने फिल्म के लिए कुछ बेहतरीन एक्शन सेट भी तैयार किए हैं.





**फिल्म की स्टारकास्ट**

फिल्म की स्टारकास्ट की बात करें तो इसमें अक्षय कुमार और जैकी श्रॉफ के साथ रवीना टंडन, लारा दत्ता, जैकलीन फर्नांडिस, दिशा पाटनी, अरशद वारसी, परेश रावल, जॉनी लीवर, राजपाल यादव, तुषार कपूर, श्रेयस तलपड़े और कृष्णा अभिषेक जैसे कई एक्टर्स हैं. अहमद खान के डायरेक्शन में बन रही ये फिल्म इसी साल क्रिसमस के मौके पर रिलीज की जाएगी.

**अक्षय कुमार की फिल्में**

अक्षय कुमार की बात करें तो इस साल उनकी टाइगर श्रॉफ के साथ 'बड़े मियां छोटे मियां' रिलीज हुई. लेकिन फिल्म कुछ कमाल नहीं कर पाई और फ्लॉप हो गई. उनकी फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर अजय देवगन की फिल्म 'मैदान' के साथ क्लेश देखने को मिला. हालांकि कमाई मैदान भी कुछ खास नहीं कर पाई. अक्षय 'वेलकम टू द जंगल' के अलावा 'सरफिरा', 'सिंघम अगेन' जैसी फिल्मों में भी नजर आएंगे.

## वाणिज्य मंत्रालय आगामी बजट में स्टार्टअप के लिए मांग सकता है ज्यादा राशि

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय देश में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए नई सरकार द्वारा घोषित आगामी बजट में स्टार्टअप के लिए अधिक धनराशि की मांग कर सकता है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही है। नई सरकार 2024-25 के लिए जुलाई में बजट पेश कर सकती है। अप्रैल, 2021 में 945 करोड़ रुपये की धनराशि के साथ घोषित सीड फंड योजना 2025 में समाप्त हो जाएगी। मंत्रालय इसी तर्ज पर एक नई योजना प्रस्तावित करने पर विचार कर सकता है। सीड फंड योजना का उद्देश्य स्टार्टअप्स को अवधारणा के प्रमाण, प्रोटोटाइप विकास, उत्पाद परीक्षण, बाजार में प्रवेश और व्यावसायीकरण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना था। इस निधि को भारत भर में इनक्यूबेटरों के माध्यम से पात्र स्टार्टअप्स को शुरुआती वित्तपोषण प्रदान करने के लिए चार वर्षों में विभाजित किया गया था। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि किसी उद्यम की वृद्धि के प्रारंभिक चरण में उद्यमियों के लिए पूंजी की आसान उपलब्धता जरूरी है। देश में 1.17 लाख से ज़्यादा सरकारी पंजीकृत स्टार्टअप हैं। वे आयकर और अन्य लाभों के लिए पात्र हैं। इन मान्यता प्राप्त स्टार्टअप ने 12.42 लाख से ज़्यादा प्रत्यक्ष नौकरियां दी हैं। मंत्रालय द्वारा 'डीप टेक' स्टार्टअप के लिए एक समर्पित नीति प्रस्तावित करने की भी उम्मीद है। 'डीप टेक्नोलॉजी' का मतलब उन्नत वैज्ञानिक और तकनीकी सफलताओं पर आधारित नवाचारों से है। अपनी प्रकृति के कारण, उनमें भारत के सबसे महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों को हल करने की क्षमता है।

## सीएफआई ने टाटा प्रोजेक्ट्स के एमडी विनायक पई को राष्ट्रीय परिषद का अध्यक्ष चुना

**नई दिल्ली।** कंस्ट्रक्शन फेडरेशन ऑफ इंडिया (सीएफआई) ने टाटा प्रोजेक्ट्स के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनायक पई को अपनी राष्ट्रीय परिषद का अध्यक्ष चुना है। सीएफआई ने एक बयान में दो साल (2024-25 और 2025-26) के लिए राष्ट्रीय परिषद के गठन की घोषणा की। राष्ट्रीय परिषद ने टाटा प्रोजेक्ट्स के एमडी और सीईओ विनायक पई को अध्यक्ष चुना है। शापूरजी पालोनजी एंड कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के ईडी एवं सीईओ अखिल गुप्ता को उपाध्यक्ष चुना गया है, जबकि पटेल इंजीनियरिंग लिमिटेड की उप निदेशक प्रीति पटेल को कोषाध्यक्ष चुना गया है।

नव निर्वाचित राष्ट्रीय परिषद में देशभर की अग्रणी बुनियादी ढांचा निर्माण कंपनियों के प्रतिनिधि भी शामिल हैं। इनमें प्रीकास्ट इंडिया इन्फ्रास्ट्रक्चर के प्रबंध निदेशक अजीत भाटे और हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड के वाइस चेयरमैन अर्जुन धवन शामिल हैं। वर्ष 2000 में स्थापित सीएफआई नीति वकालत और उद्योग हितधारकों एवं सरकारी एजेंसियों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने में अग्रणी रहा है।

## आसुस को भारत के पर्सनल कंप्यूटर बाजार में दिखे बड़े अवसर : अर्नोल्ड सु

**ताइपे ।** भारत का पर्सनल कंप्यूटर (पीसी) बाजार बाकी दुनिया से बेहतर है और लोगों तक उपकरणों की कम पहुंच ताइवान की प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनी आसुस के लिए वृद्धि का अच्छा अवसर दे रही है। कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने यह बात कही है। ताइवानी पीसी विनिर्माता ने भारतीय बाजार में सकारात्मक वृद्धि देखी है। आसुस इंडिया के उपभोक्ता और गेमिंग पीसी के उपाध्यक्ष अर्नोल्ड सु ने पीटीआई-को बताया, भारत में प्रति घर पीसी की पहुंच करीब 10 से 11 प्रतिशत है। इसका मतलब है कि करीब 90 प्रतिशत भारतीय घरों में अभी भी पीसी नहीं है, जिसका मतलब है कि यह हमारे लिए बहुत अच्छा अवसर है। सु ने कहा कि आसुस भारत में निवेश जारी रखे हुए है और अपने उत्पाद को पूरे देश में उपलब्ध करा रहा है। ... अगर आप आज भारत में देखें, तो 750 जिलों में से हम लगभग 450 जिलों तक पहुंच बना चुके हैं। एशिया-प्रशांत पीसी कारोबार इकाई के लिए आसुस के महाप्रबंधक पीटर चांग ने बताया कि कोविड महामारी के बाद, कंपनी को वैश्विक स्तर पर और भारत में पीसी की मांग में बहुत सकारात्मक संकेत नहीं मिले हैं। उन्होंने कहा, हालांकि, इस वर्ष... लैपटॉप खरीदने में रुचि बढ़ी है, इसलिए हमारा मानना ??है कि बहुत जल्द ही बाजार सामान्य हो जाएगा।

## श्रीलंका ने ऋण पुनर्गठन के मोर्चे पर मजबूत प्रगति की

**नई दिल्ली।** नकदी संकट से जूझ रही श्रीलंका की अर्थव्यवस्था में हाल ही में पहली बार सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई थी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अब श्रीलंका की तारीफ की है। आईएमएफ का कहना है कि देश में व्यापक आर्थिक नीति में सुधार के परिणाम मिलने शुरू हो गए हैं। साथ ही उम्मीद जताई है कि देश जल्द ही बाहरी वाणिज्यिक ऋणदाताओं के साथ समझौते पर पहुंच जाएगा। बता दें, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने श्रीलंका के लिए 2.9 अरब डॉलर के बेलआउट कार्यक्रम की दूसरी समीक्षा से पहले एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बात कही। आईएमएफ के संचार विभाग की निदेशक जूली कोजैक ने कहा कि व्यापक आर्थिक नीति से श्रीलंका की अर्थव्यवस्था में सुधार देखा जा रहा है। पिछले कुछ सालों से श्रीलंका को कई मोर्चों पर चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। देश में आर्थिक संकट गहराया तो भोजन, बिजली, ईंधन और मूलभूत सुविधाओं की कमी हो गई थी। अब श्रीलंका ने ऋण पुनर्गठन के मोर्चे पर पर्याप्त रूप से मजबूत प्रगति की है।

# लगातार तीसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुए अदाणी ग्रुप के शेयर

एजेंसी

**मुंबई ।** अदाणी ग्रुप के शेयरों में कारोबारी सत्र में भी जबरदस्त तेजी देखने को मिली। चुनावी नतीजे आने के बाद यह लगातार तीसरा दिन है जब शेयरों में रैली हुई है। एसीसी, अदाणी एंटरप्राइजेज, अदाणी पोर्ट, अदाणी पावर, अंबुजा सीमेंट, अदाणी टोटल गैस, अदाणी विल्मर और एनडीटीवी के शेयर बढ़कर बंद हुए। केवल अदाणी ग्रीन का शेयर सपाट बंद हुआ। अदाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 1.1 प्रतिशत बढ़कर बंद हुआ है।

वहीं, अदाणी पोर्ट में 1.9 प्रतिशत, अदाणी टोटल गैस में 1.08 प्रतिशत, एनडीटीवी में 4.85 प्रतिशत और अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस का शेयर 2.2 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। अदाणी विल्मर भी आधा प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ है, जबकि एसीसी और अंबुजा सीमेंट 1.8 प्रतिशत और 1.9 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुए हैं।




सत्र में सेंसेक्स 1,618 अंक या 2.16 प्रतिशत की तेजी के साथ 76,693 अंक और निफ्टी 468 अंक या 2.08 प्रतिशत के उछाल के साथ 23,290 अंक पर बंद हुआ। बाजार में तेजी की वजह आई भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति को माना जा रहा है, जिसमें केंद्रीय बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि दर अनुमान को 7.2 प्रतिशत कर दिया है, जो कि पहले 7 प्रतिशत था। वहीं, महंगाई दर के आंकड़े को 4.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा है।

# 4.84 अरब डॉलर बढ़कर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा विदेशी मुद्रा भंडार

एजेंसी

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और अंतर्राष्टीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढ़ोतरी होने से 31 मई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.84 अरब डॉलर बढ़कर अबतक के रिकॉर्ड 651.5 अरब डॉलर हो गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.03 अरब डॉलर गिरकर 646.7 अरब डॉलर पर रहा था।

रिजर्व बैंक की ओर से जारी सासाहिक आंकड़े के अनुसार, 31 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 5.1 अरब डॉलर की जबरदस्त बढ़त के साथ 572.6 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 21.2 करोड़ डॉलर घटकर 56.5 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह आलोच्य सप्ताह



विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 1.7 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 18.12 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि 10 लाख डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 4.33 अरब डॉलर हो गया।

# मुथूट फिनकॉर्प ने शाहरुख खान के साथ 'बुक माई गोल्ड लोन' कैंपेन शुरू किया

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** देश में 137 साल पुराने मुथूट पप्पाचन ग्रुप की प्रमुख कंपनी मुथूट फिनकॉर्प लिमिटेड (एमएफएल) ने बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान के साथ अपना 'बुक माई गोल्ड लोन' अभियान (कैंपेन) शुरू किया। मुथूट पप्पाचन ग्रुप को मुथूट ब्लू के नाम से भी जाना जाता है। यह कैंपेन भारत में अपनी तरह की पहली सर्विस पेश करता है -- 'किसी भी समय, कहीं से भी तुरंत गोल्ड लोन बुक करें'।

नई लॉन्च की गई सुविधा ग्राहकों को एडवांस टेक्नोलॉजी और असाधारण ग्राहक सेवा को एकीकृत करते हुए एक साधारण मिस्ड कॉल के साथ लोन प्राप्त करने की सुविधा देती है। मुथूट फिनकॉर्प के सीईओ शाजी वर्गीस ने कहा, 'शाहरुख खान के साथ साझेदारी में 'बुक माई गोल्ड लोन' अभियान हमारे लिए एक बड़ी छलांग है। बुक माई गोल्ड लोन'सर्विस के साथ हमारा लक्ष्य अपने सभी ग्राहकों के जीवन को आसान बनाना है। वे हमारी किसी भी ब्रांच से ही गोल्ड लोन ले सकते हैं। हमारे लोन हमारे ग्राहकों को दैनिक रूप से अपनी इच्छाओं को पूरा करने के लिए सशक्त बनाते हैं।

यह यूनिक सर्विस ग्राहकों के लिए गोल्ड लोन को ज्यादा आसान बनाती है। यह देश भर में मुथूट फिनकॉर्प की मजबूत 'फिजिटल' उपस्थिति और 50 से ज्यादा शहरों में 3 हजार 700 से अधिक ब्रांचों और घर बैठे गोल्ड लोन के माध्यम से संचालित होती है। मुथूट फिनकॉर्प के 'बुक माई गोल्ड लोन' अभियान की संकल्पना और निर्माण हवास वर्ल्डवाइड इंडिया (क्रिएटिव) ने की




है। इसे हवास मीडिया इंडिया (मीडिया) ने लागू किया है और इसमें शाहरुख खान स्टारर एक आकर्षक टेलीविजन विज्ञापन (टीवीसी) भी शामिल है। हवास वर्ल्डवाइड इंडिया की संयुक्त प्रबंध निदेशक और मुख्य क्रिएटिव अधिकारी अनुपमा रामास्वामी ने कहा, 'हम अपनी यूनिक सुविधा 'बुक माई गोल्ड लोन' के लिए एक हस्ताक्षर संकेत के साथ आए और शाहरुख खान से दुनिया को इसके बारे में बताने के लिए कहा है। हमेशा की तरह, उन्होंने इसे एक यूनिक ट्विस्ट दिया। विज्ञापन दर्शकों को बिजनेस शुरू करने, विदेश में पढ़ाई करने और नई कार खरीदने जैसी इच्छाओं के सिलसिले से रूबरू कराता है। विज्ञापन के अंत में शाहरुख खान ने अपने मुझे कॉल करें इशारे के पीछे का जवाब, मुथूट फिनकॉर्प की 'बुक माई गोल्ड लोन' सर्विस के रूप में बताया। भारत में पहली बार शुरू की गई यह सर्विस गोल्ड लोन प्राप्त करना उतना ही आसान बनाती है, जितना कि 80869 80869 पर एक मिस्ड कॉल देकर अपने सपनों को सच में बदलना। इसके अलावा मुथूट फिनकॉर्प ने शाहरुख खान के साथ नई पहल को बढ़ावा देने के लिए एक म्यूजिक वीडियो भी जारी किया है। हवास मीडिया नेटवर्क के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहित जोशी ने कहा, लोगों के लिए फाइनेंशियल पहुंच को आसान बनाने के लिए मुथूट फिनकॉर्प का निरंतर इनोवेशन सराहनीय है। हमें विश्वास है कि बहुभाषी अभियान देश भर में बड़े पैमाने पर लोगों से सार्थक रूप से जुड़ेगा। यह अभियान हिंदी, तमिल, मलयालम, तेलुगु, कन्नड़, मराठी और गुजराती में प्रसारित किया जाएगा। इसमें ओओएच, डिजिटल प्लेटफॉर्म, टेलीविजन, प्रिंट और ऑन-ग्राउंड एक्टिवेशन शामिल होंगे। मुथूट फिनकॉर्प ने हाल ही में वित्त वर्ष 2023-24 में 61,703.26 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड तोड़ कंसोलिडेटेड लोन वितरण प्राप्त किया। 'बुक माई गोल्ड लोन' के शुभारंभ के साथ, कंपनी लोन लैंडस्केप को आसान बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण छलांग लगाने के लिए तैयार है।

# पेटीएम ने यूपीआई लेनदेन में सुधार के शुरुआती संकेत दिखाए

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत में ऑनलाइन ट्रांजेक्शन का चलन बढ़ता जा रहा है। हर कोई पेमेंट के लिए यूपीआई का उपयोग करता है। इस बीच पेमेंट एंड फाइनेंशियल सर्विस कंपनी पेटीएम को अपने यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) बिजनेस में सुधार और मजबूत स्थिरता के शुरुआती संकेत मिल रहे हैं। यह कंपनी के लिए जबरदस्त वापसी का संकेत है।

मई में पेटीएम प्लेटफॉर्म पर प्रोसेस्ड यूपीआई ट्रांसक्शन्स (लेनदेन) का कुल मूल्य बढ़कर 1.24 ट्रिलियन रुपये हो गया। इसका श्रेय कंपनी द्वारा शुरू की गई कई पहलों को जाता है -- यूपीआई पर क्रेडिट कार्ड, यूपीआई लाइट आदि। मई में प्लेटफॉर्म पर कुल लेनदेन 1.14 बिलियन पर स्थिर होने के साथ पेटीएम मार्केट हिस्सेदारी के मामले में तीसरा सबसे बड़ा प्लेयर बन गया। जबकि यह मार्च में एक थर्ड-पार्टी एप्लीकेशन प्रदाता (टीपीएपी) बन गया था। पेटीएम मार्केट हिस्सेदारी के मामले में तीसरी सबसे बड़ी कंपनी बनी हुई है। इसके अलावा, अपने मर्चेंट बेस के विस्तार को देखते हुए कंपनी पीयर-टू-मर्चेंट (पी2एम) यूपीआई लेनदेन में सबसे आगे बनी हुई है। पेटीएम एकमात्र



भारतीय कंपनी है जो गूगल पे और फोनपे के अधिकार (डुओपोली) को चुनौती दे रही है। यूपीआई ने मई 2024 में करीब 14 बिलियन लेन-देन संभालकर एक मील का पत्थर हासिल किया। यह 49 प्रतिशत साल-दर-साल की वृद्धि है और 20.45 ट्रिलियन रुपये के लेनदेन संसाधित (प्रोसेस्ड) किए गए, जो 2016 में लॉन्च होने के बाद से सबसे ज्यादा है। यह उछाल भारतीय उपभोक्ताओं और व्यवसायों के बीच डिजिटल पेमेंट के लिए बढ़ती प्राथमिकता को रेखांकित करता है। यूपीआई को लेकर पेटीएम उत्साहित है। उसने अपनी यूपीआई सर्विस को बढ़ाने के लिए एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और यस बैंक समेत विभिन्न बैंकों और वित्तीय संस्थानों के साथ साझेदारी की है।

नोएडा हेड क्वार्टर वाली कंपनी ने अपनी आय के एक हिस्से के रूप में कहा है कि इस कदम से उसके व्यवसाय मॉडल का जोखिम और कम हो गया है। पेटीएम द्वारा अपने प्लेटफॉर्म पर लॉन्च किए गए यूपीआई लाइट जैसे फीचर यूजर्स को पेमेंट विफलताओं के जोखिम से बचने के लिए आसानी से पेमेंट करने में मदद करते हैं। यह सर्विस खास तौर पर उन लोगों के लिए फायदेमंद है जो अक्सर किराने का सामान खरीदने, पार्किंग के लिए पेमेंट करने या रोज आने-जाने के लिए किराए का पेमेंट करने जैसे छोटे भुगतान करते हैं। कंपनी को वित्त वर्ष 2024 के लिए 288 करोड़ रुपये का यूपीआई प्रोत्साहन प्राप्त हुआ, जो वित्त वर्ष 2023 की चौथी तिमाही में 182 करोड़ रुपये था।

# हीट वेव, भीषण गर्मी से केले की फसल को नुकसान

एजेंसी

**पटना ।** बिहार के हाजीपुर और कोसी क्षेत्र की पहचान केले के उत्पादक के रूप में होती है। इन इलाकों में लंबी और बौनी दोनों प्रजातियों के केले की खेती की जाती है। हाल के वर्षों में हीट वेव और भीषण गर्मी ने केले की फसल को नुकसान पहुंचाया है। वैज्ञानिकों का भी मानना है कि कई वर्षों से हीट वेव (लू) की साल दर साल बढ़ती आवृत्ति और तीव्रता, विशेष रूप से 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर का तापमान, केले की खेती के लिए महत्वपूर्ण खतरा पैदा कर रहा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि अत्यधिक तापमान केले की वृद्धि और विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है।

डॉ राजेंद्र प्रसाद सेंट्रल एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी, पूसा, समस्तीपुर के विभागाध्यक्ष और अखिल भारतीय फल अनुसंधान परियोजना के प्रधान अन्वेषक प्रोफेसर डॉ. एस के सिंह ने आईएएनएस से कहा कि उच्च तापमान केले में फूल और फल लगने के लिए आवश्यक हार्मोनल संतुलन को बाधित करता है। वे कहते हैं कि फूल को बढ़ावा देने वाले हार्मोन, गर्मी के तनाव से नकारात्मक



रूप से प्रभावित हो जाते हैं, जिससे पुष्पक्रम का खराब विकास होता है।

इसके अलावा, फूल लगने की महत्वपूर्ण अवधि के दौरान गर्मी के चलते असामान्य फूल होंगे जिससे कम फल लग सकते हैं। कृषि मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, बिहार में केले की खेती 42.92 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में होती है, जिससे कुल 1968.21 हजार टन उत्पादन होता है। बिहार की उत्पादकता 45.86 टन प्रति हेक्टेयर है, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर केला 924 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में उगाया जाता है, जिससे कुल 33,062 टन उत्पादन प्राप्त होता है। बताया जाता है कि इसकी खेती के लिए आवश्यक है कि तापक्रम 13 से 40 डिग्री के बीच हो। सर्दी में न्यूनतम तापमान जब 10 से डिग्री नीचे जाता है तब केला के पौधे के अंदर द्रव का प्रवाह रुक जाता है, जिससे केला के पौधे का विकास रुक जाता है और कई तरह के विकार दिखाई देने लगते हैं। सिंह बताते हैं कि हीट वेव से केले के पकने की प्रक्रिया तेज हो जाती है, जिससे समय से पहले फल पक जाते हैं और फलों की %शेल्फ लाइफ% कम हो जाती है। उच्च तापमान पर श्वसन दर में वृद्धि के कारण स्टार्च का शर्करा में तेजी से कमी आ जाती है, जिससे फल अधिक पके और अक्सर फट जाते हैं। किसान भी मानते है कि हीट वेव से केले की फसल प्रभावित हुई है। इधर, वैज्ञानिकों का मानना है कि सिंचाई के जरिए मिट्टी की नमी के स्तर को बनाए रखा जा सकता है।

## पीएनबी बना रहा विदेश में विस्तार करने की योजना, दुबई में खोलेगा प्रतिनिधि कार्यालय

**नईअदिल्ली ।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने वैश्विक स्तर पर अपनी उपस्थिति बढ़ाने की रणनीति के तहत दुबई में अपना प्रतिनिधि कार्यालय खोलने की योजना बनाई है। पीएनबी के प्रबंध निदेशक (एमडी) अतुल कुमार गोयल ने पीटीआई-से कहा कि बैंक को दुबई में प्रतिनिधि कार्यालय खोलने के लिए निदेशक मंडल की मंजूरी मिल गई है और विनियामक मंजूरी प्राप्त करने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि अगर सभी नियामकीय मंजूरियां समय पर मिल जाती हैं तो उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष में प्रतिनिधि कार्यालय खुल जाएगा। पिछले वित्त वर्ष के अंत तक पीएनबी की दो अनुषंगी कंपनियों (ब्रिटेन में लंदन और भूटान), एक संयुक्त उद्यम (नेपाल), दो प्रतिनिधि कार्यालयों (म्यांमार और बांग्लादेश) के माध्यम से छह देशों में उपस्थिति थी। लाभप्रदता में सुधार की रणनीति पर उन्होंने कहा कि खुदरा, कृषि, एमएसएमई (आरएएम) पोर्टफोलियो का विस्तार करने, अच्छे कॉरपोरेट ऋण देने, स्लिपेज को नियंत्रित करने और वसूली में सुधार करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, विदेशी मुद्रा आय में सुधार लाने तथा गैर-ब्याज आय बढ़ाने के लिए तीसरे पक्ष के उत्पादों की बिक्री से उच्च शुल्क आय प्राप्त करने पर भी जोर दिया जाएगा।

ब्याज आय में सुधार के संबंध में उन्होंने कहा कि कम लागत वाली जमा 'कासा' (चालू खाता बचत खाता) को बढ़ाने पर ध्यान दिया




जाएगा। उन्होंने कहा कि मार्च 2024 के अंत तक कुल जमा के प्रतिशत के रूप में CASA 41.4 प्रतिशत था, तथा चालू वित्त वर्ष के अंत तक इसे 42 प्रतिशत से अधिक करने का लक्ष्य है। बैंक का इरादा चालू वित्त वर्ष के दौरान ऋण लागत को एक प्रतिशत से नीचे रखने का है।

# एचडीएफसी बैंक के ग्राहकों के लिए आई खुशखबरी, कम होगा ईएमआई का बोझ

एजेंसी

**मुंबई**

बैंक ने हाल ही में एमसीएलआर में कटौती की है। इस बदलाव के बाद होम लोन, कार लोन, पर्सनल लोन और एजुकेशन लोन की ब्याज दरें बदलेंगी। इस बदलाव के बाद अब ग्राहकों को राहत मिलेगी। ईएमआई की राशि में कमी आएगी। जानकारी के अनुसार नई दरें सात जून से लागू हो चुकी है। बैंक ने एमसीएलआर को 8.95 प्रतिशत से 9.35 प्रतिशत के बीच कर दिया है।

**एचडीएफसी बैंक की एमसीएलआर रेट**

बैंक का एमसीएलआर रेट 8.95 प्रतिशत हो गया है। बैंक ने एक महीने में एमसीएलआर रेट में




कोई बदलाव नहीं किया था। अब ये लगातार लगभग नौ प्रतिशत पर बना हुआ है। बैंक का तीन महीं का एमसीएलआर 9.15 प्रतिशत है। छह महीनों में लोन की अवधि का एमसीएलआर 9.30 प्रतिशत हुआ है।

मार्जिनल कॉस्ट ऑफ लेंडिंग रेट को एमसीएलआर कहा जाता है, जिसके जरिए बैंक होम लोन, कार लोन, पर्सनल लोन, बिजनेस लोन देता है। इसके जरिए ही बैंक लोन में ब्याज दरों को तय करता है। एमसीएलआर बढ़ने पर ईएमआई भी बढ़ती है। अगर एमसीएलआर कम होता है तो ईएमआई भी अधिक नहीं होती है।

**आरबीआई ने नहीं बदला रेपो रेट**

एचडीएफसी बैंक का निर्णय तब आया है जब एक दिन पहले ही आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने वर्ष 2024 की पहली मौद्रिक नीति का ऐलान कर दिया है। फरवरी में इस वर्ष की पहली समीक्षा बैठक के बाद सर्वसम्मति से रेपो रेट में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। इसे 6.5 प्रतिशत के दर पर ही रखा गया है। ये लगातार छठी बार है जब रिजर्व बैंक ने रेपो रेट में कोई परिवर्तन नहीं किया है। आरबीआई ने मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी यानी एमएसएफ और बैंक रेट को 6.75 प्रतिशत पर रखा है। आरबीआई ने मौद्रिक नीति की समीक्षा के फैसलों के तहत ही रेपो रेट में बदलाव नहीं किया है।

# सरकार के समर्थन के कारण ईवी सेक्टर में अगले 5 साल वृद्धि की काफी संभावनाएं : एक्सपर्ट्स

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सरकार के बढ़ते समर्थन के साथ इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास और ग्राहकों की बढ़ती जागरूकता के कारण ईवी सेक्टर में अगले पांच वर्ष काफी बढ़ोतरी की संभावना है। सेक्टर के एक्सपर्ट की ओर से ये जानकारी दी गई।

बाउंस इनफिनिटी के सह-संस्थापक और सीओओ, अनिल गिरी की ओर से कहा गया कि पिछले कुछ वर्षों में सरकार द्वारा कई नीतियां लागू की गई हैं। अर्थव्यवस्था में स्थिरता आने के कारण बिजनेस भी अच्छे से ऑपरेट कर पा रहे हैं।

आईएएनएस से बातचीत करते हुए अगली सरकार को लेकर गिरी ने कहा कि हम अगली



सरकार से नीतियों में निरंतरता की उम्मीद रखते हैं। इससे बिजनेस में विश्वास बढ़ेगा और वे अधिक निवेश कर पाएंगे। फॉर्च्यून बिजनेस इनसाइट के मुताबिक, 22.4 प्रतिशत के सीएजीआर के हिसाब से भारत का ईवी बाजार 2030 तक 117.78 अरब डॉलर पर पहुंच सकता है, जो कि 2024 में 23.38 अरब डॉलर का था।

जिप इलेक्ट्रिक के सीईओ और सह-संस्थापक आकाश गुप्ता का कहना है कि पिछले वर्षों में टेक्नोलॉजी के योगदान के कारण भारत का आर्थिक परिदृश्य तेजी से बदला है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार द्वारा लागू की गई पीएलआई जैसी स्कीम जारी रहनी चाहिए। इससे भारत में निवेश को बढ़ावा मिलेगा।

## घर में तय सीमा से अधिक सोना रखा तो देना पड़ेगा हिसाब

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सोना एक बहुमूल्य धातु और निवेश का सुरक्षित साधन है। भारतीय त्योहारों पर सोना खरीदना शुभ मानते हैं। लोग अपने बच्चों की शादी के लिए पहले से ही सोना खरीदकर घर में रखना शुरू कर देते हैं। हालांकि, ज्यादातर लोग इस बात से अनजान होते हैं कि घर में एक सीमा से ज्यादा सोना रखने पर आयकर विभाग को उसका हिसाब देना पड़ता है। दरअसल, आप घर में जितना चाहें उतना सोना रख सकते हैं। बशर्ते...कर अधिकारियों के पूछने पर आपको यह बताना पड़ेगा कि आपके घर में रखे सोने को खरीदने के लिए आपके पास पैसा कहां से आया।केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के मुताबिक, घोषित आय से की गई सोने की खरीद पर कोईकर नहीं देना पड़ता है।सीबीडीटी के नियमों के मुताबिक, कर बचत के लिए बिना किसी सबूत के घर में रखे गए सोने और उससे बने आभूषणों की मात्रा की कुछ सीमाएं तय की गई हैं। विवाहित महिला घर में बिना किसी सबूत के अधिकतम 500 ग्राम तक सोना रख सकती है।

## फ्रांस के राष्ट्रपति ने नेशनल असेंबली को भंग करने की घोषणा की

एजेंसी



**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने 2024 के यूरोपीय संसद चुनावों में अपनी पार्टी की हार के बाद रविवार शाम नेशनल असेंबली को भंग करने की घोषणा की। स्थानीय मीडिया बीएफएमटीवी ने लाइव प्रसारण से यह जानकारी दी। मैक्रॉन ने एक संक्षिप्त भाषण में कहा, मैंने वोट के माध्यम से आपको आपके संसदीय भविष्य का विकल्प वापस देने का फैसला किया है। इसलिए मैं नेशनल असेंबली को भंग कर रहा हूं। उन्होंने कहा, यह एक महत्वपूर्ण निर्णय है, लेकिन यह सबसे ऊपर विश्वास का काम है। मैक्रॉन की पार्टी को वर्ष 2024 के यूरोपीय संसद चुनावों में 15.2 प्रतिशत वोट मिले, जो कि धुर दक्षिणपंथी नेशनल रैली से काफी पीछे है, जिसे 31.8 प्रतिशत वोट मिले हैं।

## गैंट्ज़ ने आपातकालीन सरकार से इस्तीफा दिया



**यरूशलम।** इजरायल में युद्ध कैबिनेट के सदस्य बेनी गैंट्ज़ ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की आपातकालीन सरकार से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा कि गाजा संघर्ष से निपटने के लिए आपातकालीन सरकार को छोड़ने का फैसला किया है। श्री गैंट्ज़ ने एक टेलीविज़न संबोधन में कहा, नेतन्याहू हमें सच्ची जीत की ओर बढ़ने से रोक रहे हैं। यही कारण है कि हम भारी मन से लेकिन पूरे आत्मविश्वास के साथ आज आपातकालीन सरकार छोड़ रहे हैं। उन्होंने श्री नेतन्याहू से शीघ्र चुनाव की तारीख तय करने का भी आह्वान किया। श्री गैंट्ज ने मई के मध्य में कहा कि अगर आठ जून तक गाजा पट्टी में सैन्य अभियान की नई योजना नहीं अपनाई गई तो वह आपातकालीन सरकार से इस्तीफा दे देंगे।

## गरी में सत्तारूढ़ गठबंधन ने चुनावों में जीत हासिल की



**बुडापेस्ट ।** हंगरी में सत्तारूढ़ गठबंधन फ़िडेज़-क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक पीपुल्स पार्टी ने यूरोपीय संसद और स्थानीय चुनावों में जीत हासिल की है। प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन ने अभियान मुख्यालय में बोलते हुए कहा, आज हमने बुडापेस्ट और हंगरी में चुनाव कराए और दोनों में जीत हासिल की। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव नतीजे यूरोपीय संसद को दिखाते हैं कि हंगरी के नागरिक शांति चाहते हैं।

## मध्य चीन में आवासीय इमारत में आगग लगने से चार लोगों की मौत

**झेंग्झौ।** मध्य चीन के हेनान प्रांत के झेंग्झौ शहर में तडके आवासीय इमारत में आग लगने से चार लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी स्थानीय अधिकारियों ने दी।शहर के अग्नि बचाव विभाग के अनुसार, आपातकालीन कॉल प्राप्त करने के छह मिनट बाद दमकलकर्मी 03÷12 बजे घटनास्थल पर पहुंचे। आग ने लगभग 90 वर्ग मीटर के क्षेत्र को जला दिया। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

## हेती के प्रधानमंत्री कॉनिल की हालत स्थिर



**पोर्ट-औ-प्रिंस।** अस्थमा के दौरे के बाद अस्पताल में भर्ती हैती के प्रधानमंत्री गैरी कॉनिल की हालत स्थिर है। यह जानकारी उनके कार्यालय ने दी। एजेंसी फ्रांस-प्रेसे ने बताया कि अस्थमा के दौरे के बाद श्री कॉनिल को अस्पताल में भर्ती किया गया था। एजेंसी ने बताया कि प्रधानमंत्री को इलाज के लिए विदेश ले जाया जा सकता है।

# मैक्सिको में शीनबाम ने राष्ट्रपति चुनाव में जीत दर्ज की

एजेंसी

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको में सत्तारुढ़ पार्टी की उम्मीदवार क्लाउडिया शीनबाम ने राष्ट्रपति चुनाव में जीत दर्ज की है। मेक्सिको के चुनाव आयोग के मुताबिक गत दो जून को हुए आम चुनावों के वोटों की गिनती पूरी कर ली गई है और सत्तारूढ़ पार्टी की उम्मीदवार क्लाउडिया शीनबाम के राष्ट्रपति पद के चुनाव में जीत की पुष्टि हुई है।

नेशनल इलेक्टोरल इंस्टीट्यूट (आईएनई) ने यह घोषणा करने के लिए एक असाधारण सत्र आयोजित किया कि सत्तारूढ़ राष्ट्रीय उत्थान आंदोलन (मुरैना) के नेतृत्व वाले गठबंधन की उम्मीदवार क्लाउडिया शीनबाम ने 59.75 प्रतिशत वोट के साथ जीत हासिल की। आईएनई के



कार्यकारी सचिवालय कार्यालय के प्रमुख क्लाउडिया एडिथ सुआरेज़ ने कहा कि अगला कदम फेडरेशन की न्यायिक शाखा (टीईपीजेएफ) के चुनावी न्यायाधिकरण के लिए अंतिम गणना करना और परिणाम का समर्थन करना है।

आईएनई ने बताया कि चुनाव में विपक्षी गठबंधन फुएर्ज़ा वाई कोराज़ोन पोर मेक्सिको के ज़ोचिटल गैलवेज़ को 27.45 प्रतिशत वोट मिले, जबकि तीसरे उम्मीदवार सिटीजन मूवमेंट पार्टी के जॉर्ज अल्वारेज़ को 10.32 प्रतिशत वोट मिले। आईएनई के अनुसार 61.04 प्रतिशत मतदान के लिए 60,115,184 पंजीकृत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज़ ओब्रेडोर का कार्यकाल सितंबर के अंत में समाप्त हो रहा है।

## क्रू ने चुनाव में अपनी पार्टी की हार स्वीकारी

एजेंसी



**ब्रूसेल्स।** बेल्जियम के प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर डी क्रू ने कहा कि उनकी ओपन फ्लेमिश लिबरल और डेमोक्रेट पार्टी संघीय और क्षेत्रीय संसद का चुनाव हार गई है और उन्होंने जल्द से जल्द नयी सरकार बनाने का आह्वान किया है।श्री क्रू ने ब्रूसेल्स में एक सम्मेलन में कहा यह हमारे लिए बेहद कठिन शाम है। हम ये चुनाव हार गए हैं। यह वह परिणाम नहीं है जिसकी हमें उम्मीद थी। मैं इसके लिए जिम्मेदार हूं। जब तक मेरा उत्तराधिकारी नियुक्त नहीं हो जाता मैं समसामयिक मामलों पर ध्यान केंद्रित करूंगा। मुझे यकीन है कि जितनी जल्दी हो सके हमें एक नए सरकार की जरूरत है। पार्टी नेता टॉम ओन्गेना ने कहा कि ओपन वीएलडी पार्टी की भविष्य की सरकार के गठन में भाग लेने की योजना नहीं है और वह विपक्ष में बैठेगी। फ्लेमिश राष्ट्रवादी पार्टी व्लाम्स बेलांग और न्यू फ्लेमिश एलायंस बेल्जियम संघीय संसद के चुनाव में आगे चल रहे हैं और 150 सीटों वाली संसद में उन्हें क्रमशः 20 और 24 सीटें मिलेंगी। ओपन वीएलडी को केवल सात सीटें मिलेंगी।

## पाकिस्तान में कार बम विस्फोट में सात सैनिक मारे गए



एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा के लक्की मारवात शहर में एक कार बम विस्फोट में सात सैनिक मारे गए है। पाकिस्तानी सशस्त्र बलों की प्रेस सेवा ने यह जानकारी दी है। प्रेस सेवा ने एक्स पर कहालक्की मारवत जिले में सुरक्षा बलों के वाहन पर एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोट हुआ। विस्फोट में कैप्टन मुहम्मद फ़राज़ इलियास (26) कसूर जिले के निवासी ने मिट्टी के छह अन्य बहादुर बेटों के साथ अंतिम बलिदान दिया और शहादत को गले लगाया। प्रेस सेवा ने 16 मार्च को कहा कि अफगानिस्तान की सीमा से लगे खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में एक सुरक्षा बल चौकी पर आतंकवादी हमले में दो अधिकारियों सहित कम से कम सात पाकिस्तानी सैनिक मारे गए।

# लेबनान में इजरायली हवाई हमले में चार लोगों की मौत

एजेंसी

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान के गांवों पर शनिवार को इजरायली हवाई हमलों में हिजबुल्लाह के दो सदस्यों सहित चार लोग मारे गए और पांच अन्य घायल हो गए। लेबनान के सैन्य सूत्रों यह जानकारी दी है।

सूत्रों ने कहा कि एक इजरायली युद्धक विमान ने हौला गांव में एक घर को निशाना बनाया, जिसमें हिजबुल्लाह के दो सदस्य मारे गए और तीन नागरिक घायल हो गए।

सूत्रों ने बताया कि एक अन्य इजरायली हवाई हमले में हवा से सतह पर मार करने वाली दो मिसाइलों के साथ एतारौन गांव के एक वाणिज्यिक बाजार को निशाना बनाया गया जिसमें दो नागरिकों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। मारे गए नागरिकों की पहचान कॉफी शॉप के मालिक अली खलील हमद और मुस्तफा इस्सा नाम के एक युवक के रूप में की गई। इस बीच



हिजबुल्लाह ने कहा कि उसने शनिवार को इजरायल के हमले का जवाब कब्जे वाले शेबा फार्म और मलिकियाह, अल-समाका, ज़ारिट और अल-राहेब सहित कई इजरायली स्थानों पर कई हमलों के साथ दिया।

हिजबुल्लाह और इजरायली सेना के बीच तनाव तब बढ़ गया जब इजरायल ने उसके खिलाफ एक बड़े हमले के लिए अपनी सेना तैनाती करने की घोषणा की।

यह घोषणा कब्जे वाले सीरियाई गोलान हाइट्स में अल-कोश बस्ती के दक्षिण में एक इजरायली सभा पर हिजबुल्लाह द्वारा ड्रोन हमले के बाद की गई। उल्लेखनीय है कि हमास के साथ एकजुटता दिखाने के लिए हिजबुल्लाह द्वारा इजरायल की ओर लॉन्च किए गए रॉकेटों की बौछार के बाद आठ अक्टूबर 2023 से लेबनान-इजरायल सीमा पर दोनों पक्षों के बीच टकराव बढ़ गया।

इसके बाद इजरायल ने जवाबी कार्रवाई करते हुए दक्षिणपूर्वी लेबनान की ओर भारी तोपखाने से गोलीबारी शुरू कर दी।

## कनाडा में भारतीय मूल के व्यक्ति की गोली मारकर हत्या, चार लोग गिरफ्तार

एजेंसी

**ओटावा।** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में 28 वर्षीय भारतीय मूल के एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने इस मामले के संबंध में चार लोगों को गिरफ्तार किया है और उन पर हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। हत्या के मामलों की जांच करने वाली 'रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस' की इकाई ने पीड़ित की पहचान युवराज गोयल के रूप में की है। उसने बताया कि पुलिस शुक्रवार सुबह सरे में गोलीबारी की सूचना मिलने पर जब घटनास्थल पर पहुंची तो उसे वहां गोयल का शव मिला। 'ग्लोबल न्यूज' ने मृतक की बहन चारु सिंघला के हवाले से बताया कि उसका भाई सरे में कार बेचने वाले एक शोरूम में काम करता था। उसने कहा कि परिवार को नहीं पता कि युवरात की हत्या क्यों की गई। गोयल के बहन के पति बावनदीप ने बताया कि गोली लगने से ठीक पहले युवराज भारत में



रह रही अपनी मां से फोन पर बात कर रहा था। बावनदीप ने कहा, ÷वह जिम से वापस आया और वह जैसे ही अपनी कार से बाहर निकला, तभी उसे गोली मार दी गई। 'सीबीसी न्यूज' ने बताया कि पुलिस ने गोलीबारी के तुरंत बाद चार संदिग्धों सरे के मनवीर बसरा (23) , साहिब बसरा (20), हरकीरत झुट्टी (23) और ओंटारियो के केलोन फ्रेंकोइस (20) को गिरफ्तार कर लिया और उन पर हत्या के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। पुलिस ने कहा कि प्रारंभिक साक्ष्यों से संकेत मिलता है कि यह ''लक्षित गोलीबारी'' थी। उसने कहा कि यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि 28 वर्ष गोयल की हत्या क्यों की गई।

## चीन से खेती करना सीखेगा पाकिस्तान

### कृषि संबंधी प्रशिक्षण के लिए एक हजार विद्यार्थियों को भेजेंगे शहबाज शरीफ

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि कृषि क्षेत्र में आधुनिक प्रशिक्षण लेने के लिए एक हजार विद्यार्थी चीन भेजे जाएंगे। मीडिया में आई खबरों से यह जानकारी मिली है। रेडियो पाकिस्तान ने खबर दी है कि शरीफ ने चीनी शहर शिआन में एग्रीकल्चर डेमोसट्रेशन बेस की यात्रा के दौरान शनिवार को यह ऐलान किया। प्रधानमंत्री चीन की पांच दिन की यात्रा पर थे। शरीफ ने चीन के उत्तर पश्चिमी कृषि एवं वानिकी विश्वविद्यालय को पाकिस्तान में अपना परिसर खोलने के लिए भी आमंत्रित किया। 'जियो न्यूज़' ने खबर दी है कि उन्होंने चीन में पाकिस्तान के राजदूत और संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में चीनी अधिकारियों के साथ मामलों को अंतिम रूप देने का निर्देश दिया। शरीफ ने चीनी अधिकारियों से कहा, पाकिस्तान अपने कृषि क्षेत्र को





आधुनिक बनाने की कोशिश कर रहा है ताकि फसलों की प्रति एकड़ पैदावार बढ़ाई जा सके। कृषि निर्यात बढ़ाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। बाद में शरीफ अपने उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ वतन लौट आए। पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा के दौरान शरीफ ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से भी मुलाकात की थी।

## पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने कहा- इमरान खान पाकिस्तान की राजनीतिक सुलह में मुख्य बाधा हैं

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने कहा कि इमरान खान देश में राजनीतिक सुलह लिए मुख्य बाधा हैं। मीडिया की खबरों में यह जानकारी दी गई। इसमें बताया गया कि नवाज ने इस बात पर भी जोर दिया कि उनकी सत्तारूढ़ पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) किसी भी पार्टी से बदला नहीं लेने की भावना के साथ देश में राजनीतिक सुलह के लिए प्रतिबद्ध है। नवाज शरीफ ने सांसदों के साथ एक बैठक के बाद यह टिप्पणी की। बैठक में इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के साथ बातचीत के मुद्दे पर चर्चा की गई। सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के अध्यक्ष शरीफ ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री खान खुद हमारे साथ मुद्दों को सुलझाने और बातचीत करने के लिए गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं, जिससे कोई निष्कर्ष नहीं निकल रहा है। उन्होंने बातचीत की व्यवहार्यता पर सवाल उठाया क्योंकि पीटीआई इसे सुलझाने के लिए ज्यादा रुचि नहीं दिखा रही है। नवाज शरीफ ने पार्टी के सांसदों से कहा, जब कोई पक्ष गंभीर ही नहीं है तो वह बातचीत कैसे कर सकते हैं? उन्होंने पिछली कई घटनाओं का उदाहरण दिया जब खान ने पीएमएल-एन के साथ संबंधों को सुधारने वाले प्रस्तावों को ठुकरा दिया था। पूर्व प्रधानमंत्री शरीफ ने कहा, मैं खुद बानी गाला (इमरान खान का घर) गया था। हमारी ईमानदारी को हमारी कमजोरी माना जाता है।÷राजनीतिक मतभेदों के बावजूद बातचीत के महत्व का



उल्लेख करते हुए नवाज ने दिवंगत प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो के साथ अपनी मुलाकात का उदाहरण दिया। पीएमएल-एन अध्यक्ष ने कहा कि चूंकि वह राजनीतिक प्रतिशोध में विश्वास नहीं रखते इसलिए उन्होंने और पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो ने चार्टर ऑफ डेमोक्रेसी पर हस्ताक्षर किया था। शरीफ ने कहा कि उनका किसी के खिलाफ कोई राजनीतिक प्रतिशोध या दुश्मनी नहीं है, यहां तक ??कि उन लोगों के खिलाफ भी नहीं जिन्होंने अतीत में उन्हें सत्ता से बाहर रखने का प्रयास किया था।

# गुब्बारों के बदले लाउडस्पीकर, उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया में अनोखी जंग...सीमा पर बढ़ी टेंशन

एजेंसी

**सोल।** दक्षिण कोरिया ने उत्तर कोरिया की ओर से बार-बार कूड़े के गुब्बारे भेजने के जवाब में उसकी सीमा पर लाउडस्पीकर के माध्यम से प्रचार प्रसार फिर से शुरू कर दिया है। इस बीच उत्तर कोरिया ने गुब्बारों का एक अतिरिक्त बैच भेजकर जवाबी कार्रवाई की है। दक्षिण कोरियाई समाचार एजेंसी योनहाप ने देश की सेना के हवाले से यह जानकारी दी। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने अधिक विवरण दिए बिना कहा कि लाउडस्पीकर प्रसारण रविवार दोपहर को फिर से शुरू हो गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (एनएससी) द्वारा एक आपातकालीन बैठक में उपाय को मंजूरी देने के बाद



लाउडस्पीकर प्रसारण फिर से शुरू हुआ। यह पहली बार है जब दक्षिण कोरिया ने जनवरी 2016 के बाद से सीमा के पास प्योंगयांग के खिलाफ प्रचार प्रसारण फिर से शुरू किया है। दक्षिण कोरियाई सेना ने उत्तर कोरिया के चौथे परमाणु परीक्षण के जवाब में लाउडस्पीकर का इस्तेमाल किया था। इस बीच उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन की बहन और वर्कर्स पार्टी की केंद्रीय समिति के उप विभाग निदेशक किम यो जोंग ने दक्षिण कोरिया द्वारा नए प्रचार पत्रक और प्रसारण शुरू करने की स्थिति में एक नई प्रतिक्रिया की घोषणा की।

एजेंसी ने किम यो जोंग के हवाले से कहा कि अगर दक्षिण कोरिया सीमा पार पर्चे फैलाने और लाउडस्पीकर से उकसावे में शामिल होने का विकल्प चुनता है, तो इसमें कोई संदेह नहीं है, वे हमारी नयी प्रतिक्रिया देखेंगे। एजेंसी ने यह भी कहा कि प्योंगयांग ने 08 और 09 जून को 1,400 गुब्बारों में 7.5 टन गैर-प्रचार कागज दक्षिण कोरिया भेजा था और वह उसी दिन इसे रोकना चाहता था, लेकिन स्थिति बदल गई। पिछले हफ्ते उत्तर कोरिया ने 15 टन कचरा ले जाने वाले 3,500 हवाई गुब्बारे दक्षिण कोरिया के सीमावर्ती इलाकों में भेजे थे और कहा था कि यह हाल ही में दक्षिण कोरियाई कार्यकर्ताओं द्वारा उत्तर में प्योंगयांग विरोधी पत्रक भेजने के मामलों में वृद्धि की प्रतिक्रिया थी। दक्षिण कोरियाई नागरिकों को पहले की तरह एक आपातकालीन संदेश भेजा गया था जिसमें उनसे सावधान रहने, गुब्बारों के पास न जाने और पुलिस या निकटतम सेना इकाई को इसकी सूचना देने के लिए कहा गया।

# विश्व कप की करारी हार के बाद शहबाज को याद आए मोदी, नतीजों के पांच दिन बाद दी सत्ता में वापसी की बधाई

**इस्लामाबाद।** नौ जून का दिन भारत और भारतवासियों के लिए काफी ऐतिहासिक रहा। इस दिन लगातार तीसरी बार नरेंद्र मोदी ने भारत के प्रधानमंत्री के पद के लिए शपथ ली। ये भव्य शपथ ग्रहण समारोह राष्ट्रपति भवन में आयोजित किया गया था। इस दौरान पीएम मोदी के साथ-साथ कई कैबिनेट और राज्य मंत्रियों ने भी पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। वहीं, दूसरी तरफ भारत ने टी20 वर्ल्ड कप मैच में पाकिस्तान को हरा दिया। इन सबके बीच पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को याद आ गया कि नरेंद्र मोदी को पीएम बनने की बधाई देनी हैं। पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, नरेंद्र मोदी को भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं। हालांकि, शहबाज ने नतीजों के पांच दिन बाद सत्ता में वापसी की बधाई दी, जिस पर कई सवाल खड़े हो गए। शपथ ग्रहण समारोह से पहले पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने कहा था कि पाकिस्तान भारत समेत अपने सभी पड़ोसियों के साथ सौहार्दपूर्ण और सहयोगात्मक संबंध चाहता है। हम बातचीत के जरिए विवादों को सुलझाना चाहते हैं। बलोच से पूछा गया था कि क्या पाकिस्तान ने प्रधानमंत्री मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी है? इसपर उन्होंने कहा था, भारत के लोगों को अधिकार है कि वे किसे अपना नेता चुनते हैं। हमें उनकी चुनावी प्रक्रिया पर कोई बात नहीं करनी है। अभी नई सरकार ने आधिकारिक तौर पर शपथ नहीं ली है। इसलिए भारतीय प्रधानमंत्री को बधाई देने के बारे में बात करना जल्दबाजी होगी। बलोच ने कहा था, पाकिस्तान ने हमेशा भारत समेत अपने सभी पड़ोसियों के साथ सहयोगात्मक संबंध चाहा है। हमने जम्मू-कश्मीर के मुख्य विवाद समेत सभी लंबित मुद्दों को सुलझाने के लिए लगातार रचनात्मक बातचीत की वकालत की है।

## चीन में एक नाव के पलटने से 3 लोगों की मौत, चालक दल ले रहा था प्रशिक्षण

एजेंसी



**बीजिंग।** दक्षिण पश्चिम चीन के चोंगकिंग नगर पालिका में एक नाव पलटने से तीन लोगों की मौत की हो गयी है। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह घटना दोपहर शियुशान काउंटी में तब हुई, जब नाव पर चालक दल स्थानीय ड्रैगन बोट रेस के लिए प्रशिक्षण ले रहा था। उन्होंने बताया कि घटना के बाद एक व्यक्ति की मौत की पुष्टि की गई और दो अन्य को लापता घोषित कर दिया गया था, लेकिन सुबह तक लापता दो लोगों की भी मौत की पुष्टि हो गयी। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## ब्रैंडन मैकमुलेन ने खेली धांसू पारी, स?कॉटलैंड ने ओमान को रौंदकर दर्ज की लगातार दूसरी जीत

एजेंसी

**न्यूयार्क।** कप में ओमान को सात विकेट से हरा दिया। यह स्कॉटलैंड की प्रतियोगिता में दूसरी जीत है। वहीं ओमान की लगातार तीसरी हार है। बल्लेबाजी करने उतरी ओमान की टीम लड़खड़ाती नजर आई। टीम के आरंभिक बल्लेबाज प्रतीक अठावले (54) ने अर्धशतकीय पारी खेल कर पारी को संभालने का काम किया है। वहीं, अयान खान की 39 गेंदों में 41 रनों की पारी की बदौलत ओमान ने 20 ओवर में सात विकेट पर 150 रन बनाए। स्कॉटलैंड की ओर से सफयान शरीफ ने सबसे ज्यादा दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए स्कॉटलैंड के बल्लेबाजों ने शानदार शुरुआत की और पावरप्ले में ही 50 रन जोड़ लिए। हालांकि इस दौरान जार्ज (41) और जोंस (16) रन बनाकर आउट होकर पवेलियन लौट गए। लेकिन तीसरे स्थान पर आए ब्रैंडन मैकमुलेन ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करके 10 ओवर से पहले ही टीम को 100 के पार पहुंचा दिया। इसके बाद मैकमुलेन ने अविजित 61 रन की पारी खेल स्कॉटलैंड को 13.1 ओवर में ही जीत दिलाने का काम किया। ओमान की ओर से बिलाल, अकीब और मेहरान ने एक-एक विकेट चटकाए। मैकमुलेन को बेहतरीन बल्लेबाजी के लिए प्लेयर आफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

## छोटी सी पारी में रोहित शर्मा ने किया बड़ा कारनामा

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** टी20 विश्व कप 2024 के 19वें मुकाबले में आज भारतीय टीम की टक्कर पाकिस्तान से हो रही है। न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी स्टेडियम में खेले जा रहे इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत कुछ खास नहीं रही। सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली सस्ते में अपना विकेट गंवा बैठे। विराट ने जहां 3 गेंदों पर 4 रन बनाए तो वहीं रोहित ने 12 गेंदों पर 13 रन की पारी खेली। अपनी इस छोटी सी पारी में रोहित ने बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है।

**महेला जयवर्धने को पीछे छोड़ा**

रोहित शर्मा अब टी20 विश्व कप में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने श्रीलंकाई दिग्गज महेला जयवर्धने को पीछे छोड़ दिया है। महेला ने टी20 विश्व कप के 31 मैच की 31 पारियों में 39.07 की औसत और 134.74 की स्ट्राइक रेट से 1016 रन बनाए थे। इस दौरान उन्होंने 6 अर्धशतक और 1 शतक भी लगाया था। वहीं रोहित शर्मा ने टी20 विश्व कप में अब तक 41 मैच खेले हैं। इस दौरान 38 पारियों में उन्होंने 1028 रन बनाए हैं। टूर्नामेंट में रोहित शर्मा की औसत 35.44 की और स्ट्राइक रेट 128.17 रही है। टी20 विश्व कप में रोहित के नाम 10 अर्धशतक दर्ज हैं। उनका सर्वाधिक स्कोर नाबाद 79 रन है।

## अंतर सचिवालय हॉट वेदर टी-10 फाइनलः महिला वर्ग में सचिवालय एवेंजर्स और पुरुष में डेंजर ने दर्ज की जीत

**देहरादून।** देहरादून के महाराणा प्रताप क्रिकेट ग्राउंड में अंतर सचिवालय हॉट वेदर टी-10 प्रतियोगिता के पुरुष एवं महिला वर्ग के खिताबी मुकाबले खेले गए। देहरादून सचिवालय द्वारा आयोजित टूर्नामेंट के महिला वर्ग का फाइनल मैच रविवार को सचिवालय एवेंजर्स और सचिवालय रॉयल चैलेंजर्स के बीच खेला गया। महाराणा प्रताप क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए मैच में टीम एवेंजर्स ने पहले बल्लेबाजी की और कुल 12 ओवरों में 02 विकेट पर 109 रन बनाए। जवाब में रॉयल चैलेंजर्स की टीम 12 ओवरों में 05 विकेट पर 70 रन ही बना पाई। इस तरह एवेंजर्स ने यह मैच 39 रन से जीत लिया। फाइनल में मैन ऑफ द मैच का अवॉर्ड पूजा ध्यानी को उनके शानदार 57 रन के लिए दिया गया। पुरुष वर्ग का फाइनल मैच सचिवालय डेंजर और सचिवालय पैंथर के बीच खेला गया। डेंजर की टीम कुल 12 ओवर में 102 रन पर ऑल आउट हो गई। टीम के खिलाड़ी नूर ने 41 रन बनाए। जवाब में पैंथर की टीम 73 रन पर ऑल आउट हो गई। इस तरह मनोज भट्ट की कप्तानी में डेंजर ने इस मैच को 29 रन से जीत लिया। फाइनल मुकाबले में नूर मोहम्मद को उनके ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का अवॉर्ड दिया गया।

## भारतीय रणबांकुरों को बधाई : अरुण साव

**रायपुर।** राज्य के डिप्टी सीएम अरुण साव ने टीम इंडिया को जीत की बधाई दी। X पर उन्होंने बधाई संदेश में लिखा, भारतीय रणबांकुरों को बधाई। टी20 वर्ल्ड कप 2024 में पाकिस्तान पर भारत की शानदार व अविस्मरणीय विजय की सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। भारतीय क्रिकेट टीम के सभी ऊर्जावान खिलाड़ियों को बधाई एवं आने वाले मैचों के लिए शुभकामनाएं! वो कहते हैं ना जीतने के लिए सिर्फ जिद चाहिए, हारने के लिए तो एक डर ही काफी है...ये लाइन इंडिया वर्सेस पाकिस्तान मुकाबले पर एकदम सटीक बैठती है। टी20 वर्ल्ड कप 2022 का इंडिया वर्सेस पाकिस्तान मुकाबला तो हर किसी को याद होगा जब भारत ने विराट कोहली के दम पर पाकिस्तान के मुंह से जीत छीनी थी। उस मुकाबले में एक समय ऐसा था जब भारत का जीत का प्रतिशत 3.4 रह गया था, तब किंग कोहली की जिद ने ही उस मैच में भारत को अविश्वसनीय जीत दिलाई थी।

# फ्रेंच ओपन 2024 : अल्कराज ने ज्वेरेव को हराकर जीता अपना पहला रोलैंड गैरोस खिताब

एजेंसी

**पेरिस।** स्पेनिश टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने रविवार रात क्ले कोर्ट पर बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पांच सेटों तक चले रोमांचक मुकाबले में अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर अपना पहला फ्रेंच ओपन खिताब जीता। रोमांचक फाइनल में तीसरे वरीय अल्कराज ने 4 घंटे और 19 मिनट तक चले मुकाबले में जर्मन खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-3, 2-6, 5-7, 6-1, 6-2 से हराकर खिताब जीता और तीनों सतहों पर ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए।सेमीफाइनल में जननिक सिनर के खिलाफ अपने प्रदर्शन की तरह ही, अल्काराज ने पिछड़ने के बावजूद धैर्य बनाए रखा। दाहिने हाथ की चोट के कारण तीन सप्ताह तक खेल से दूर रहने के बाद, अल्काराज ने अपने खेल में सुधार किया और अंतिम 15 मैचों में से 12 में जीत हासिल की और रोलांड गैरोस में आने पर लगातार तीसरे साल एक प्रमुख



खिताब जीता। ज्वेरेव ने अपने दूसरे मेजर फाइनल की शुरुआत बैक-टू-बैक डबल फॉल्ट करके की, जिससे जर्मन खिलाड़ी को अपना रैकेट बदलना पड़ा। पहले सेट में उनकी सर्विस तीन बार टूटी और उन्हें अपने एक सर्विस गेम को 2-4 पर बनाए रखने के लिए दो ब्रेक के मौकों को रोकना पड़ा। हालांकि अल्काराज ने ज्वेरेव के प्रवाह को बाधित करने के लिए कई तरह की रणनीति का इस्तेमाल किया। पहला सेट हारने के बावजूद, ज्वेरेव ने अपना ध्यान केंद्रित रखा। उन्होंने दूसरे सेट के पहले गेम में तीन ब्रेक पॉइंट गंवाए, लेकिन मैच में वापस आने के लिए पांचवें और सातवें गेम में कोई गलती नहीं की। चौथे वरीयता प्राप्त जर्मन खिलाड़ी ने तीसरे वरीयता प्राप्त अल्काराज के खिलाफ दूसरे और तीसरे सेट दोनों को हासिल करने के लिए लगातार पांच गेम जीते। तीसरे सेट में 5-2 की बढ़त लेने के बाद अल्काराज ने नियंत्रण हासिल कर लिया, लेकिन ज्वेरेव ने बढ़त हासिल करने के लिए अपना शानदार खेल जारी रखा। अल्काराज और ज्वेरेव दोनों ने अपने विरोधियों को उलझन में डालने की कोशिश की, लेकिन महत्वपूर्ण समय पर बड़े अंक स्कोर करने की अल्काराज की क्षमता ही अंततः निर्णायक साबित हुई। अल्काराज ने 16 ब्रेक पॉइंट में से नौ को भुनाया, जबकि ज्वेरेव ने 23 में से केवल छह को भुनाया। अल्काराज, जिनका ग्रैंड स्लैम मैचों में रिकॉर्ड 52-10 है, फ्रेंच ओपन जीतने वाले सातवें स्पेनिश खिलाड़ी हैं।

## टी-20 अंतरराष्ट्रीय में भारत के लिए तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने जसप्रीत बुमराह

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत के लिए तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। बुमराह ने इस मामले में हार्दिक को पीछे छोड़ दिया है। बुमराह ने यह उपलब्धि न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी इंटरनेशनल स्टेडियम में आईसीसी टी20 विश्व कप मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ मैच में हासिल की। भारत ने यह मैच छह रन से जीता।

बुमराह ने मैच में 3.50 की इकॉनमी रेट से चार ओवर में सिर्फ 14 रन देकर तीन विकेट लिए। बुमराह ने कप्तान बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और इफ्तिखार अहमद के विकेट लिए। बुमराह ने 64 टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 18.67 की औसत और 6.44 की इकॉनमी रेट से 79 विकेट लिए हैं, जिसमें 3/11 का सर्वश्रेष्ठ आंकड़ा है। हार्दिक ने 94 टी-20 अंतराष्ट्रीय में 4/16 के सर्वश्रेष्ठ आंकड़ों के साथ 78 विकेट लिए हैं। टी-20 प्रारूप में भारत के लिए अग्रणी विकेट लेने वाले स्पिन अनुभवी युजवेंद्र चहल हैं, जिन्होंने 80 खेलों में 25.09 की औसत और 8.19 की इकॉनमी रेट से 6/25 के सर्वश्रेष्ठ आंकड़ों के साथ 96 विकेट लिए हैं। दूसरे स्थान पर भारत के स्विंग विशेषज्ञ भुवनेश्वर कुमार हैं, जिन्होंने 87 मैचों में 23.10 की औसत और 6.96 की इकॉनमी रेट से 90 विकेट लिए हैं, तथा उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/4 रहा है। न्यूजीलैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउथी टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, जिन्होंने 123 मैचों में 23.15 की औसत और 8.13 की इकॉनमी रेट से 157 विकेट लिए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/13 रहा है।

## टी20 विश्वकप : भारत ने 6 रन से पाकिस्तान को हराया

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** टी20 विश्व कप में ग्रुप-ए मुकाबले में भारतीय टीम ने पाकिस्तान को 6 रन से हरा दिया है। भारत की इस जीत के हीरो टीम इंडिया के गेंदबाज रहे, जिन्होंने 120 गेंदों में पाकिस्तान को 120 रन भी नहीं बनाने दिए। पाकिस्तान की टीम 20 ओवर में 7 विकेट खोकर मात्र 113 रन ही बना सकी। जसप्रीत बुमराह को शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। बुमराह ने मात्र 14 रन खर्च कर तीन विकेट चटकाए थे।

भारत की ओर मिले 120 रन के लक्ष्य के पीछा करते हुए पाक टीम ने अच्छी शुरुआत की। पहले विकेट के लिए कप्तान बाबर आजम (13 रन) और मो. रिजवान (33 रन) ने साथ मिलकर 26 रन जोड़े। हालांकि बाबर के आउट होते ही टीम के रन बनाने की गति धीमी पड़ गई। टीम ने 10 ओवर में बाबर के बाद उस्मान खान (13 रन) का विकेट खोकर मात्र 57 रन बनाए। इसके बाद फखर जमान 13 रन, इमाद वसीम 15 रन, शादाब खान 4 रन और इफ्तिखार अहमद 5 रन ही बना सके। आखिरी ओवर में पाकिस्तान को जीत के लिए 16 रन की जरूरत



थी लेकिन नसीम शाह के दो चौकों के बावजूद टीम 9 रन ही बना सकी। इस तरह भारत ने 6 रन से पाकिस्तान को हरा दिया। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह ने तीन विकेट और हार्दिक पांड्या ने दो विकेट झटके जबकि अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल को एक-एक सफलता मिली। इससे पहले, टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 19 ओवर में 119 रन बनाए। कप्तान रोहित शर्मा ने 13 रन, ऋषभ पंत ने 42 रन और अक्षर पटेल ने 20 रन का योगदान किया। इनके अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई का आकड़ा नहीं छू सका। पाकिस्तान के लिए नसीम शाह और हरीश राउफ को तीन-तीन सफलता मिली। जबकि मो. आमिर ने दो और शाहीन शाह आफरिदी ने एक विकेट अपने नाम किया।

## लक्ष्य का पीछा करते समय टीम ने जरूरत से ज्यादा दबाव ले लिया : पाक कोच गैरी कर्स्टन

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** आईसीसी टी 20 विश्व कप मैच में भारत के खिलाफ छह रन से मिली हार के बाद, पाकिस्तान के मुख्य कोच गैरी कर्स्टन ने स्वीकार किया कि टीम ने खुद पर जरूरत से ज्यादा दबाव डाला।

ऋषभ पंत की बेहतरीन पारी के बाद जसप्रीत बुमराह के तीन विकेटों की बदौलत पाकिस्तानी बल्लेबाजों पर दबाव बना और भारत ने नासाऊ काउंटी स्टेडियम में 6 रन से जीत दर्ज की। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कर्स्टन ने कहा, ये सभी खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं और वे जानते हैं कि जब वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर रहे होते हैं, तो उन पर दबाव डाला जाता है। यह समझ में आता है, लेकिन इनमें से बहुत से खिलाड़ियों ने कई सालों में दुनिया भर में बहुत सारे टी20 क्रिकेट खेले हैं और यह वास्तव में उन पर निर्भर करता है कि वे अपने खेल को कैसे आगे ले जाते हैं। नासाउ काउंटी स्टेडियम की खेल सतह पर, कर्स्टन ने कहा कि यह किसी भी तरह से खतरनाक नहीं था, सिवाय एक-दो गेंद के जो तेजी से ऊपर उठ रही थी।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हमारे बल्लेबाज स्कोर करने में सक्षम थे और साथ ही आउटफील्ड भी काफी धीमी थी, इसलिए यह कभी भी बड़ा स्कोर नहीं होने वाला था। मैं कहता कि उस पिच पर 140 का स्कोर वास्तव में अच्छा होता। इसलिए, भारत को वह स्कोर नहीं मिला, इसलिए मुझे लगा कि हमने मैच जीत लिया है। हम जानते थे कि यह कड़ा मुकाबला होने वाला है, लेकिन कभी-कभी इस तरह के खेल देखना भी मजेदार होता है। यह हमेशा छक्के और हिटिंग, 230 और 240 रन बनाने के बारे में नहीं होता है। वास्तव में 120 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आप वास्तव में एक मनोरंजक खेल खेल सकते हैं। इसलिए, मुझे नहीं लगता कि यह खेल के लिए बुरा है। कर्स्टन ने कहा कि लक्ष्य का पीछा करते समय टीम को संदेश दिया गया कि ढीली गेंदों को बाउंड्री में बदलें और स्ट्राइक को अच्छी तरह से रोटेट करें।

उन्होंने कहा, हमने इसे एक गेंद पर एक रन पर बनाए रखा, और फिर हमने विकेट खो दिए और फिर हमने रन बनाना बंद कर दिया और फिर हम बाउंड्री की तलाश में थे और एक बार जब आप उस बिंदु पर पहुंच गए तो यह हमेशा कठिन होने वाला था। इसलिए, संदेश यह था कि हम 15 ओवरों तक वही करें जो हमने किया था। कोच ने कहा कि इस तरह की सतह पर, स्ट्राइक को अच्छी तरह से रोटेट करना महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा, कभी-कभी इस तरह का खेल देखना मजेदार होता है, जहाँ सिर्फ बाउंड्री लगाना ही नहीं होता, बल्कि आपको 120 गेंदों का भी सही से इस्तेमाल करना होता है। जैसा कि मैंने कहा, हमने 15 ओवर तक ऐसा किया और फिर हम अपनी रणनीति से भटक गए।

## टी20 विश्व कप : भारत से मिली हार के बाद बाबर ने कहा- हमने बहुत ज्यादा डॉट बॉल खेली

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** आईसीसी टी 20 विश्व कप मैच में भारत के खिलाफ छह रन से हार के बाद, पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने स्वीकार किया कि उनकी टीम ने पारी के दूसरे भाग में अधिक डॉट बॉल खेली, जिससे शानदार गेंदबाजी के बावजूद उनकी हार हुई।

न्यूयॉर्क के नासाऊ काउंटी स्टेडियम में गेंद और बल्ले के बीच रोमांचक मुकाबले में 120 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रही पाकिस्तान की टीम एक समय जीत की स्थिति में थी, लेकिन इसके बाद जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पांड्या ने अपनी गेंदबाजी से मैच को वापस खींच लिया और भारत को 6 रन से जीत दिला दी। मैच के बाद बाबर ने कहा, हमने अच्छी गेंदबाजी की। बल्लेबाजी में, हमने लगातार दो विकेट खोए और बहुत सारी डॉट बॉल खेली। रणनीति सामान्य रूप से खेलना आसान था। बस स्ट्राइक रोटेशन और कुछ बाउंड्री।



लेकिन उस अवधि में (उनके रन-चेज़ के दूसरे भाग में) हमने बहुत सारी डॉट बॉल खेली। हम टेलएंडर्स से बहुत उम्मीद नहीं कर सकते। हमारा दिमाग बल्लेबाजी में पहले छह ओवरों का उपयोग करने पर था। लेकिन एक विकेट गिरने के बाद, हम फिर से उस चरण में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। पिच अच्छी दिख रही थी।

गेंद अच्छी तरह से आ रही थी। यह थोड़ी धीमी थी, और कुछ गेंदें अतिरिक्त उछाल वाली थीं। हमें आखिरी दो मैच जीतने हैं। बैठकर अपनी गलतियों पर चर्चा करेंगे, लेकिन आखिरी दो मैचों का बेसब्री से इंतजार है।

इस रोमांचक मुकाबले में जीत के बाद भारत दो मैचों में दो जीत और चार अंकों के साथ ग्रुप ए में शीर्ष पर है। पाकिस्तान चौथे स्थान पर है, जिसने अमेरिका और भारत से अपने दोनों मैच हारे हैं। नॉकआउट चरण में उनके पहुंचने की संभावना कम ही दिखती है।

## रामा कॉन्टिनेंटल और चौधरी नौनिहाल को पूरे अंक

एजेंसी

**प्रयागराज।** होटल रामा कॉन्टिनेंटल ने होटल एडवांटेज इन को सात विकेट और चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब ने फोर्ड स्कूल क्लब को 90 रन से हराकर न्याज़ टी-20 कैशमनी क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। चौधरी क्लब के शिवाकांत शुक्ला ने अर्धशतकीय पारी खेली।

ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज मैदान पर होटल एडवांटेज इन ने 20 ओवर में सात विकेट पर 140 रन (पीयूष मिश्र 44, मानस प्रवाल 26, सक्षम अवस्थी 2-22, अभिषेक पाण्डेय 2-26) बनाए। जवाब में होटल रामा कॉन्टिनेंटल ने 17.3 ओवर में तीन विकेट पर 146 रन (अंकित यादव 74 नाबाद, रोहित राजपाल 39, अमजद अली 2-28) बना लिए। मैच में राहुल सिंह और मोहम्मद आरिफ अम्पायर एवं गौरव विजय स्कोरर रहे।

केपी कॉलेज मैदान पर चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 178 रन (शिवाकांत शुक्ला 93, सत्येंद्र 22, कुणाल मिश्र 3-26) बनाकर फोर्ड स्कूल क्लब को 19.5 ओवर में 88 रन (कुणाल मिश्र 23, कुलदीप मिश्र 3-04, कृष्णा यादव 2-16) पर समेट दिया। मैच में हितेश श्रीवास्तव व अजय कुमार अम्पायर एवं प्रितेश सोनकर स्कोरर

## फीफा विश्वकप क्वालिफायर मैच में छेत्री का स्थान लेंगे गुरप्रीत, कतर के खिलाफ होंगे कप्तान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय फुटबाल को अलविदा कह चुके सुनील छेत्री की बतौर कप्तान जगह गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू लेंगे। फीफा विश्वकप क्वालिफायर में भारत का सामना 11 जून को कतर के साथ होना है। कतर ग्रुप में शीर्ष पर है और तीसरे दौर में जगह बना चुका है। वहीं, भारत को तीसरे दौर में जगह बनाने के लिए कतर को हराना होगा, जो आसान काम नहीं है।

भारतीय टीम के क्रोएशियाई कोच इगोर स्टिमेच ने कहा कि छेत्री के स्थान पर कप्तानी देने के लिए ज्यादा दिमाग लगाने की जरूरत नहीं थी। छेत्री के बाद गुरप्रीत सबसे अनुभवी फुटबालर हैं। वह 71 मैच खेल चुके हैं। कतर के खिलाफ मुकाबले के लिए स्टिमेच पहले ही 23 सदस्यीय टीम की घोषणा कर चुके हैं। भारत के लिए यह मुकाबला करो या मरो वाला है। भारत अगर



कतर से पराजित होता है तो क्वालिफायर से बाहर हो जाएगा। फिर से एशियाई चैंपियनशिप केलिए क्वालिफाई करने के लिए अलग से संघर्ष करना होगा। मुकाबला ड्रॉ रहता है तो भारत को कुवैत और अफगानिस्तान के परिणाम पर निर्भर रहना होगा। ये दोनों टीमें भी ड्रॉ खेलती हैं तो भारत बेहतर गोल औसत के आधार पर तीसरे दौर में प्रवेश कर जाएगा। अफगानिस्तान ने भी पिछला मैच कतर से गोल रहित ड्रॉ खेला है।

## भारतीय महिला हॉकी टीम को ब्रिटेन से मिली 2-3 से हार, लगातार आठवां मैच हारी टीम इंडिया

एजेंसी

**लंदन।** भारतीय महिला हॉकी टीम को अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) प्रो लीग में रविवार को ग्रेट ब्रिटेन से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम की यह लगाता आठवीं हार है। भारतीय टीम ने मैच में ज्यादातर समय अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन बावजूद इसके टीम को अंततः हार झेलनी पड़ी। मेजबान टीम की ग्रेस बाल्डसन ने 56वें और 58वें मिनट में दो गोल कर भारत के हाथ से जीत छीन ली। एक वीडियो रिव्यू सहित दो फैसले के कारण कोच हरेंद्र सिंह काफी हताश भी हुए। एक समय स्कोर 2-2 से बराबरी पर था और अंतिम हूटर बजने ही वाला था कि ग्रेस ने दमदार हिट के साथ गोल कर दिया। यह वहीं ग्रेस हैं जिन्होंने तीन साल पहले टोक्यो ओलंपिक में भारत के खिलाफ विजयी गोल दागा और अपनी टीम को कांस्य पदक दिलाया



था। ग्रेस के गोल से कोच हरेंद्र के मार्गदर्शन में टीम का पहली जीत के लिए इंतजार और बढ़ गया। वाटसन ने तीसरे मिनट में गोल कर ब्रिटेन को बढ़त दिलाई लेकिन लालरेमसियामी ने 14वें मिनट में गोल दागकर 1-1 की बराबरी दिला दी थी। उसके बाद नवनीत कौर ने 23वें मिनट में भारत को 2-1 से आगे किया था।

## उत्तर प्रदेश की बेटी ने रचा इतिहास, यूएफसी फाइट जीतने वाली पहली महिला बनी, डेब्यू में मचाया धमाल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पूजा तोमर ने यूएफसी मैच जीतकर इतिहास रच दिया है। वह अल्टीमेट फाइटिंग चैंपियनशिप मैच जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गई हैं। अपने डेब्यू मैच में उन्होंने रेयान अमांडा डॉस सैंटोस को हराकर 30-27, 27-30, 29-28 के विभाजित निर्णय से जीत हासिल की। मुकाबला जीतने के बाद पूजा ने अपना अनुभव साझा किया। उन्होंने कहा, 'हमारे भारतीय गीत और भारतीय ध्वज के साथ बाहर निकलते हुए मेरे रोंगटे खड़े हो गए और मुझे गर्व महसूस हुआ।'

**'साइक्लोन' के नाम से हैं मशहूर**

'साइक्लोन' के नाम से मशहूर पूजा तोमर को भारतीय सर्किट की सबसे बेहतरीन महिला फाइटर्स में से एक माना जाता है। 28 वर्षीय खिलाड़ी ने जीत के बाद कहा, 'यह जीत मेरी जीत नहीं है। यह जीत सभी भारतीय प्रशंसकों और सभी भारतीय सेनानियों के लिए है। इससे पहले कि हर कोई सोचता कि भारतीय सेनानी कहीं नहीं टिकते। मैंने केवल यही सोचा कि मुझे जीतना है और दुनिया को दिखाना है कि भारतीय सेनानी हारे नहीं हैं।' पूजा ने शुरुआत में वुशू को अपनाया। वह इस खेल में पांच बार राष्ट्रीय चैंपियन बनीं। वह कराटे और ताईक्वांडो में भी दखल रखती हैं।



उन्होंने वुशू की विश्व चैंपियनशिप में भी देश का प्रतिनिधित्व किया।

**कौन हैं पूजा तोमर?**

उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के बुढाना गांव में जन्मीं तोमर पिछले साल यूएसी के साथ अनुबंध हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला फाइटर बनीं। पूर्व राष्ट्रीय वुशु चैंपियन तोमर ने मैट्रिक्स फाइट नाइट और वन चैंपियनशिप सहित अन्य चैंपियनशिप में शामिल हो चुकी हैं। लगातार चार हार के बाद, उन्होंने वन चैम्पियनशिप छोड़ दी और 2021 में मैट्रिक्स फाइट नाइट में शामिल हो गईं। उन्होंने एमएफएन में चार मुकाबले जीते, आखिरी बार जुलाई में रूस की अनास्तासिया फेओफानोवा के खिलाफ खिताब का बचाव किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह इंडोनेशिया के बाली में सोमा फाइट क्लब में ट्रेनिंग करती हैं, जहां अंशुल जुबली ने यूएफसी फाइट्स के लिए ट्रेनिंग ली थी।

# अनोखे अंदाज में दिखे यूनिवर्स बॉस क्रिस गेल, रोहित-विराट और पंत को गले लगाया, ऑटोग्राफ भी लिया

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** भारत और पाकिस्तान के मैच से पहले यूनिवर्स बॉस के नाम से प्रसिद्ध वेस्टइंडीज के पूर्व विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल भी मैदान पर नजर आए। इस दौरान गेल अनोखे अंदाज में दिखे और उन्होंने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को गले लगाया और इनके ऑटोग्राफ भी लिए।

**गेल का अनोखा अंदाज**

गेल ने एक अनोखा ब्लेजर पहना हुआ था जिसमे एक बांह पर तिरंगा और दूसरे बांह पर पाकिस्तानी झंडा बना हुआ था। गेल मैदान पर दोनों टीमों के खिलाड़ियों से मिले। सबसे पहले वह भारतीय खिलाड़ियों की तरफ गए और कोहली और पंत से मिले। इसके बाद उन्होंने रोहित को गले लगाया तथा बाद में उनका ऑटोग्राफ भी लिया। मैदान पर सचिन तेंदुलकर और युवराज सिंह भी मौजूद थे। गेल फिर पाकिस्तानी खिलाड़ियों से भी मिले और उन्होंने



कप्तान बाबर आजम को भी गले लगाया।

**कोहली के साथ खेला फुटबॉल**

गेल कई बार मैदान पर मस्ती करते नजर आए हैं और ऐसा ही उन्होंने न्यूयॉर्क में भी किया। बारिश के कारण जब टॉस में देरी हुई तो दोनों टीमों के खिलाड़ी मैदान में ही हल्का अभ्यास कर रहे थे। उस वक्त कोहली टीम के अन्य साथी खिलाड़ियों के साथ फुटबॉल खेल रहे थे और भारतीय खिलाड़ियों के फुटबॉल खेलता देख गेल भी फुटबॉल को किक मारने से नहीं रोक सके।

गेल का यह अनोखा अंदाज प्रशंसकों को काफी पसंद आया और देखते ही देखते गेल की भारत और पाकिस्तान की टीमों के साथ मस्ती करते फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 11 जून 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

# भोजशाला: खुदाई में मिली मूर्तियां

## सर्वे के 80वें दिन सीढ़ियों के नीचे बंद कमरे से भगवान गणेश, मां वाग्देवी, मां पार्वती, हनुमानजी व अन्य देवी प्रतिमाएं मिली

**एएसआई सर्वे**

**▶▶ सनातनी आकृतियों वाले शंख-चक्र, शिखर समेत करीब 79 अवशेष मिले हैं**



**टीम एक्शन इंडिया**

**इंदौर: मप्र के** धार में भोजशाला का एएसआई सर्वे चल रहा है। हैं। इसके साथ सनातनी आकृतियों वाले शंख-चक्र, शिखर समेत करीब 79 अवशेष मिले हैं। 8 बाय 10 फीट का यह कमरा दोनों पक्षों की मौजूदगी में खोला गया। हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस के याचिकाकर्ता ने इसे भोजशाला के प्रमाणित होने की अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि बताया। वहीं मुस्लिम पक्षकार ने कहा कि इन सभी चीजों को यहां पर बाद में रखा गया था।

**देवी, गणेशजी, हनुमानजी समेत कई मूर्तियां मिली:** जीपीआर मशीन की जांच के बाद मिले डाटा के आधार पर सर्वे के लिहाज से इसे खोला गया। जहां एक फर्श हटाने के बाद टीम ने जैसे-जैसे मिट्टी हटाई इसके बाद कमरे से सबसे पहले भगवान गणेश, मां वाग्देवी, पार्वती, महिषासुरमर्दिनी, हनुमानजी की प्रतिमा निकली। कोई प्रतिमा डेढ़ फीट की तो कोई दो से ढाई फीट की है।

**मुस्लिम पक्ष दर्ज करवाएगा आपत्ति:** मुस्लिम पक्ष के अब्दुल समद का कहना है यह सर्वे पूरी तरह से हाई कोर्ट के आदेश पर गोपनीय तरीके से हो रहा है। मिट्टी हटाने के साथ परिसर में लेवलिंग का भी काम चला है। जो अवशेष सफाई में मिले वह बाद में रखे गए थे। इन अवशेषों के सूचीबद्ध करने पर इनके रखे जाने वाले वर्ष को शामिल कराने की आपत्ति एएसआई को दर्ज कराई जाएगी।

**क्या है भोजशाला विवाद:** धार जिले की ऑफिशियल वेबसाइट के मुताबिक भोजशाला मंदिर को राजा भोज ने बनवाया था। राजा भोज परमार वंश के महान राजा थे जिन्होंने 1000 से 1055 ईस्वी तक राज किया। बताया जाता है कि 1305 ईस्वी में अलाउद्दीन खिलजी ने भोजशाला पर हमला किया था और 1401 ईस्वी में दिलवार खान गौरी ने भोजशाला के एक हिस्से में और 1514 ईस्वी में महमूद शाह खिलजी ने दूसरे हिस्से में मस्जिद को बनवाया था। 19वीं शताब्दी में यहां पर खुदाई हुई तो सरस्वती देवी की प्रतिमा मिली जिसे अंग्रेज अपने साथ ले गए। यह प्रतिमा अभी लंदन के संग्रहालय में है। इस प्रतिमा को वापस भारत लाने के लिए भी विवाद चल रहा है। देश की आजादी के बाद भोजशाला में पूजा और नमाज को लेकर विवाद बढ़ने लगा। कोर्ट ने अभी यहां पर हिंदुओं को मंगलवार को प्रवेश के साथ पूजा की मंजूरी दी है और मुस्लिम समाज को शुक्रवार को परिसर में नमाज अदा करने की मंजूरी दी है। जब भी शुक्रवार को बसंत पंचमी आती है तो विवाद बढ़ जाता है। दोनों पक्ष अपनी पूजा और नमाज के लिए विवाद करते हैं। अब कोर्ट के आदेश पर ही यहां एएसआई का सर्वे चल रहा है।

### यज्ञशाला की मिट्टी हटाई तो मिली पुरातन चीजें

**उत्तरी** हिस्से में भी मिट्टी की लेवलिंग के दौरान पिलर के बेस, बीच के हिस्से समेत करीब 6 अवशेष निकले हैं। यज्ञशाला के समीप मिट्टी हटाने के दौरान छह बड़े सनातनी अवशेष मिले हैं। इन्हें एएसआई ने जांच में शामिल किया। हिंदू पक्ष के गोपाल शर्मा ने बताया बारिश के चलते भोजशाला के आसपास बनाई गई ट्रेंच को भी मिट्टी भरकर बंद कर रहे हैं। जो अवशेष मिले वह प्रमाणित हैं और अब तक हुए सर्वे में एक दिन में सबसे ज्यादा मिले हैं। हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस के सदस्य व याचिकाकर्ता आशीष गोयल ने दावा किया है कि भोजशाला के भीतर बंद कमरा एएसआई के अधीन होकर सालों से बंद पड़ा है।

# समाज के सेवक हैं, शासकीय अधिकारी-कर्मचारी: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव



**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि शासकीय अधिकारी-कर्मचारी इस भावना से कार्य करें कि वे सरकार के नहीं समाज के सेवक हैं। उनकी कार्यशैली में मानवीयता व संवेदना का सदैव प्रकटीकरण होना चाहिए। शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों को प्राप्त अधिकार जन-आकांक्षाओं और जनहित की पूर्ति के लिए हैं और उनकी जनता के प्रति जबावदारी है। शासकीय सेवा बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करती है साथ ही यह परीक्षा भी लेती है। सामान्यतः व्यक्ति जब अधिकार संपन्न होता है तो उसमें ठहराव और स्थिरता का भाव आ जाता है, जबकि हमें निरंतर सचेत और सक्रिय रहना है। शासकीय सेवा केवल नौकरी नहीं अपितु समाज के लिए सर्वश्रेष्ठ करने की बड़ी जिम्मेदारी है। हमें जो भी भूमिका मिल रही है उसे हम पूर्ण आत्मविश्वास के साथ बेहतर से बेहतर तरीके से निभाने का प्रयत्न करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को प्रशासन अकादमी भोपाल में भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय वन सेवा, राज्य सेवा अधिकारियों के संयुक्त आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को नई दिल्ली से ऑनलाइन संबोधित करते हुए यह बात कही।

**जवाबदारी**

**▶▶ कर्मचारियों को प्राप्त अधिकार जन-आकांक्षाओं और जनहित की पूर्ति के लिए हैं : सीएम**

**मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षुओं से किया संवाद:** आर.सी.पी.वी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल में भारतीय प्रशासनिक सेवा 2023 बैच का राज्य प्रशिक्षण कार्यक्रम, भारतीय वन सेवा 2022 बैच का आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम और राज्य सिविल सेवा 2019-20 बैच का संयुक्त आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम 10 जून से आरंभ हो रहा है। वन जे.एन. कंसोटिया, सचिव सामान्य प्रशासन जी.वी. रश्मि तथा संचालक प्रशासन अकादमी मुजीबुर्रहमान ने दीप प्रज्वलित कर किया।

# चुनावी हार के कारण तलाश रही बसपा ने की समीक्षा बैठक



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** लोकसभा चुनाव में लखनऊ सहित प्रदेश के तमाम लोकसभा सीटों पर बसपा को करारी हार मिली। चुनावी हार के कारण तलाशने के लिए बसपा के पदाधिकारी अपने क्षेत्रों में बैठकें कर रहे हैं। लखनऊ में भी मण्डल कार्यालय पर हार के कारणों की समीक्षा बैठक की गयी। गोरखपुर मंडल में बसपा का हाथी मजबूत स्थिति में होने के बावजूद चल नहीं सका। बसपा बहुत सारे समीकरण बनाने के बाद मंडल की तीन लोकसभा सीटों पर जीत के दावे कर रही थी। फिर भी परिणाम विपरीत आया। गोरखपुर मंडल में बसपा को अपेक्षा के अनुरुप जीत नहीं मिली, अब दायित्व वाले कार्यकर्ताओं से चुनावी हार की समीक्षा की जा रही है। लखनऊ में बिजली पासी किला क्षेत्र स्थित मंडल कार्यालय में बसपा के कार्यकताओं ने चुनावी समीक्षा की। चुनाव में हार की समीक्षा में मुस्लिम कंडिडेट के दिये जाने से समाजवादी पार्टी को फायदा होने, अपने मुख्य कैडर को पीछे करने, मीडिया मैनेजमेंट में बसपा के पीछे होने, जमीनी कार्यकताओं को सुविधाएं न मिल पाने जैसे बिन्दु निकल कर सामने आये। सुल्तानपुर और जौनपुर में बसपा के तेजतर्रार प्रत्याशियों की हार की समीक्षा कर रहे कार्यकर्ताओं ने बसपा के वोट बैंक के समाजवादी पार्टी की ओर सरक जाने की बात कही। जौनपुर में अपने पदाधिकारियों के भी लालच में आकर चुपके से पलटने की बात बसपा के कार्यकताओं ने की। बसपा कार्यकताओं ने बड़ी बैठक कर समीक्षा करने पर जोर दिया। प्रदेश में बसपा की हार के बाद समीक्षा के लिए बड़े स्तर पर भी विचार मंथन हो रहा है।

**हार के कारण**

**▶▶ गोरखपुर मंडल में बसपा का हाथी मजबूत स्थिति में होने के बावजूद चल नहीं सका**

# कलकत्ता हाईकोर्ट पहुंचे भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी



**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकत्ता:** देश में हुए लोकसभा चुनाव का परिणाम 4 जून को चुनाव आयोग ने जारी किया। भाजपा नेतृत्व वाली एनडीए ने केंद्र में सरकार बनाई। रविवार को हुए शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री पद की तीसरी बार नरेंद्र मोदी ने शपथ ली। जिसमें विपक्षी दल शामिल नहीं हुए। हालांकि विपक्षी दलों के नेताओं को शनिवार देर शाम आमंत्रण भेजा गया था। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे इस समारोह का हिस्सा बने थे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी ने स्पष्ट किया था कि वे इस समारोह का हिस्सा नहीं बनेंगी। न ही उनकी पार्टी का कोई अन्य नेता इसमें शामिल होगा। वहीं सोमवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने कलकत्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के बाद राज्य में चुनाव बाद हिंसा की कई घटनाएं हो रही हैं। भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी के वकील बिल्वादल भट्टाचार्य ने पीठ के समक्ष कहा कि याचिकाकर्ता पीड़ितों की सुरक्षा के लिए आदेश की मांग कर रहा था। जिसमें न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य भी शामिल थे।

मुख्य न्यायाधीश टी एस शिवगणनम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि अदालत भाजपा नेता की याचिका पर बुधवार को सुनवाई करेगी।

**चुनाव बाद हिंसा**

**▶▶ दावा किया कि लोकसभा चुनाव के बाद राज्य में चुनाव बाद हिंसा की कई घटनाएं हो रही हैं**

# सपा नेता आजम खां को कोर्ट से मिली एक और राहत



**टीम एक्शन इंडिया**

**मुरादाबाद:** समाजवादी पार्टी के नेता आजम खां से जुड़े डूंगरपुर के एक और मामले में फैसला आ गया है। कोर्ट ने इस मामले में सपा नेता आजम खां समेत चार लोगों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। सपा नेता आजम खां के खिलाफ 2019 में डूंगरपुर बस्ती में रहने वाले लोगों ने बस्ती को खाली कराने के नाम पर लूटपाट, चोरी, मारपीट, छेड़खानी समेत अन्य धाराओं में गंज थाने में 12 मुकदमे दर्ज कराए थे। जिनमें चार मुकदमों में फैसला आ चुका है। दो मामलों में सपा नेता बरी हो चुके हैं, जबकि दो में सजा हो चुकी है। सपा नेता फिलहाल सीतापुर जेल में बंद हैं। बस्ती निवासी एक व्यक्ति द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे में दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी होने के बाद सोमवार को कोर्ट ने इस मामले में अपना फैसला सुनाया।

# सिक्किम: भारी बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन

**टीम एक्शन इंडिया**

**सिक्किम:** दक्षिण सिक्किम के नामची जिले में लगातार हुई भारी बारिश के बाद ऊपरी यांगांग में सोमवार सुबह अचानक बाढ़ आ गई। इसमें अभी तक तीन लोगों की मौत की खबर है जबकि एक महिला की हालत गंभीर है और एक व्यक्ति लापता बताया गया है। घायल को सिंगताम जिला अस्पताल ले जाया गया है। बाढ़ के कारण कई घर बह गए और भारी नुकासन हुआ। सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने से पहले हालात का जायजा लिया। राहत और बचाव का काम जारी है। अधिकारियों ने बताया कि रविवार रात से जारी भारी बारिश के चलते दक्षिण सिक्किम के नामची जिले के ऊपरी यांगांग के माजुआ में गांव में सोमवार सुबह अचानक बाढ़ आ गई।

**बेघर हुए**

**▶▶ यांगांग में सोमवार सुबह अचानक बाढ़ आ गई। इसमें अभी तक तीन लोगों की मौत की खबर है**

# प्रज्ज्वल रेवन्ना को 14 दिन की न्यायिक हिरासत



**टीम एक्शन इंडिया**

**बंगलूरू:** जनता दल सेक्युलर (जेडी-एस) से निष्कासित किए गए नेता और पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रहीं। पहले उन पर कई महिलाओं के यौन शोषण और दुष्कर्म के आरोप लगे। इसके बाद उन्हें हासन लोकसभा सीट से हार भी झेलनी पड़ी और अब उन पर कानून का शिकंजा कसता जा रहा है। यौन शोषण और दुष्कर्म के आरोप में बंगलूरू की एक विशेष अदालत ने रेवन्ना को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

**अदालत में एसआईटी ने रेवन्ना पर लगाई कई आरोप:** बता दें कि कर्नाटक सरकार ने मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया था। एसआईटी द्वारा रेवन्ना को अदालत में पेश किया गया है। इससे पहले 31 मई को अदालत ने रेवन्ना को 6 जून तक एसआईटी की हिरासत में भेजा था। इसके बाद हिरासत को 10 जून तक बढ़ाया गया। जेडी-एस से निष्कासित नेता को हिरासत में विस्तृत जांच का सामना करना पड़ा। एसआईटी ने इकट्ठा किए गए सबूत, गवाहों के बयानों के आधार पर रेवन्ना से पूछताछ की। इसके बाद अदालत में पूर्व सांसद के खिलाफ कई आरोप दायर किए। इसके बाद कोर्ट ने भी आरोपों की गंभीरता को समझते हुए रेवन्ना की हिरासत को 14 दिन के लिए बढ़ा दिया। अब प्रज्वल को 24 जून तक एसआईटी की कड़ी पूछताछ का सामना करना होगा। अदालत ने आरोपों की गंभीरता और एसआईटी द्वारा पेश किए गए सबूतों को ध्यान में रखते हुए उन्हें 24 जून तक 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजने का फैसला किया। हासन लोकसभा सीट में मतदान से ठीक पहले प्रज्वल के विवादित और आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुए थे।

**राहत नहीं**


**▶▶ निष्कासित किए गए नेता और पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रहीं**

# यमुनोत्री की यात्रा पर आए यूपी के तीर्थयात्री की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**बड़कोट(उत्तरकाशी):** उत्तराखंड में यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आए एक श्रद्धालु की मौत हो गई। इसके साथ ही यमुनोत्री धाम में जान गंवाने वाले यात्रियों की संख्या 23 पहुंच गई है। जबकि चारधाम यात्रा के दौरान जान गंवाने वाले यात्रियों की संख्या 100 से ज्यादा पहुंच गई है। यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आए उत्तर प्रदेश निवासी रमा शंकर त्रिपाठी(65) की जानकीचट्टी यमुनोत्री पैदल मार्ग पर भैरव मंदिर के पास तबीयत बिगड़ गई।

# टारगेट किलिंग: कनाडा में लुधियाना के युवक की हत्या, जांच जारी



**टीम एक्शन इंडिया**

**कनाडा:** पंजाब के लुधियाना से कनाडा में पढ़ने गए भारतीय छात्र की वहां गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह 2019 में छात्र वीजा पर कनाडा गया था, वर्तमान में कनाडा का स्थायी निवासी का दर्जा मिल गया था। जानकारी के मुताबिक, 28 वर्षीय युवराज सेल्स एक्जिक्यूटिव था। उसके पिता राजेश गोयल लकड़ी का कारोबार करते हैं, वहीं मां शकुन गृहिणी हैं। युवराज का कोई क्रिमिनल रिकॉर्ड नहीं है न ही उसकी किसी से कोई दुश्मनी थी। कनाडा पुलिस हत्या की जांच में लगी हुई है। वहीं परिवारजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। 7 जून सुबह 8:46 बजे सरे पुलिस को एक कॉल आया, जिसमें पता चला कि 164 गली के 900 वें ब्लॉक में गोली चली है। जब पुलिस वहां पहुंची तो पता चला कि युवराज मर चुका है। हालांकि पुलिस चार संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया है। जिसमें सरे से 23 वर्षीय मनवीर बसरम, 20 वर्षीय साहिब बसरा, 23 वर्षीय हरकीरत और ऑनटेरियो से काइलोन फ्रानकोइस को शनिवार को गिरफ्तार किया है। इन पर प्रथम डिग्री हत्या का आरोप है। युवराज गोयल की बहन चारू सिंघला ने बताया कि वह कार डीलरशिप कंपनी में काम करता था। चारू ने बताया कि उसके परिवार को कोई आइडिया नहीं है कि उसे क्यों मारा गया। उन्हें नहीं पता कि युवराज का किसी घटना से कोई संबंध है या नहीं। युवराज के जीजा भवदीप ने बताया कि गोली लगने से ठीक पहले युवराज ने फोन पर अपनी मां से बात की थी। भवदीप ने बताया कि युवराज अपनी दिनचर्या के अनुसार जिम से वापस लौटा था। उसे कार से बाहर निकालकर गोली मार दी गई। वहीं पुलिस ने बताया कि गोलीबारी के तुरंत बाद अधिकारियों को एक वाहन में आग लगने की सूचना मिली थी। पुलिस ने यह भी बताया कि प्रारंभिक साक्ष्यों से पता चलता है कि यह लक्षित गोलीबारी थी।

**चार गिरफ्तार**

**▶▶ पंजाब के लुधियाना से कनाडा में पढ़ने गए भारतीय छात्र की वहां गोली मारकर हत्या कर दी गई।**

# अभी नहीं मिलेगी गर्मी से राहत




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** गर्मी से राहत की उम्मीद लगाए बैठे लोगों को मौसम विभाग ने बड़ा झटका दिया है। विभाग ने बताया कि अभी कई राज्यों में तापमान में एक बार फिर बढ़ोत्तरी देखने को मिलेगी और फिर से इन इलाकों में गर्म हवाएं चलेंगी। विभाग ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। गौरतलब है कि उत्तरी भारत के कई हिस्सों में कुछ दिनों से तापमान में गिरावट दर्ज की गई थी लेकिन फिर से इसके बढ़ने के आसार हैं। दक्षिणी राज्यों में मानसून की आहट के बीच उत्तर पश्चिम एवं पूर्वी भारत में हालात फिर से बिगड़ने वाले हैं। मौसम विभाग की मानें तो इन इलाकों में भीषण गर्मी का एक और दौर शुरू हो गया है और अगले पांच दिनों में तापमान में दो से तीन डिग्री की वृद्धि हो सकती है। आईएमडी ने एक बयान में कहा कि अगले पांच दिनों के दौरान उत्तर-पश्चिम और पूर्वी भारत में लू से गंभीर लू चलने की संभावना है। मौसम कार्यालय ने कहा कि गर्मी की लहर का असर जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, झारखंड, ओडिशा और गंगीय पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों पर देखा जा सकता है। इससे पहले भारत में अप्रैल और मई में तीव्र और लंबी गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल किया था। यहां तक कि उत्तर प्रदेश, बिहार और ओडिशा सहित कई राज्यों से हीटवेव से लोगों की मरने की भी खबरें आई थीं। विशेषज्ञों का कहना है कि इसके लिए प्राकृतिक रूप से होने वाली अल नीनो घटना जिम्मेदार थी, जोकि मध्य और पूर्वी प्रशांत महासागर में समुद्री सतह की असामान्य गर्मी और वातावरण में ग्रीनहाउस गैसों की तेजी से बढ़ते कंसंट्रेशन के परिणामस्वरूप होती है।

**चेतावनी**

**▶▶ कई राज्यों में फिर बढ़ेगा पारा, मौसम विभाग ने दी लू चलने की चेतावनी**

**जलभराव**

## मुंबई के कुछ स्थानों पर 62-87 प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं के चलने की संभावना है, भारी बारिश के कारण सड़कों पर गाड़ियां डूब गई

# मानसून की दस्तक के बाद भारी बारिश से मुंबई पानी-पानी, लोग परेशान



**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुंबई में रविवार को भारी बारिश के कारण कई जगहों पर जलभराव की स्थिति पैदा हो गई। मौसम विभाग के अनुसार, मुंबई के कुछ स्थानों पर 62-87 प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं के चलने की संभावना है।

भारी बारिश के कारण सड़कों पर गाड़ियां डूब गई। मौसम विभाग ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। बीएमसी के एक अधिकारी ने कहा कि मुंबई के पूर्वी हिस्सों में 61.29 मिमी और पश्चिमी क्षेत्रों में 73.78 मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने कहा, "अगले तीन से चार दिनों के भीतर मुंबई, ठाणे और रायगढ़ जिलों के विभिन्न स्थानों पर 62-87 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं के साथ बिजली गिरने और भारी बारिश होने की संभावना है।" बृहन्मुंबई नगर निगम के अनुसार, "रविवार रात 11 से 12 बजे तक एक घंटे की अवधि में 55-77 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।"

**मछुआरों को उत्तरी-दक्षिणी महाराष्ट्र के पास न जाने की सलाह:** पूर्वी उपनगरों में 28-40 मिलीमीटर तक बारिश हुई, जबकि पश्चिमी उपनगर में 48-77 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। बारिश की स्थिति को देखते हुए मछुआरों को नौ से 13 जून तक उत्तरी और दक्षिणी महाराष्ट्र के पास जाने से मना किया गया है। मौसम विभाग ने कहा, "नौ से 13 जून को उत्तर महाराष्ट्र तट और उसके आसपास 45-55 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से 65 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तूफानी हवा चलने की संभावना है। इस दौरान मछुआरों को सलाह दी जाती है कि वे इस समय उत्तर महाराष्ट्र तट पर और उसके बाहर न जाएं।" मौसम एजेंसी ने बताया कि महाराष्ट्र की अनुकूल परिस्थिति के कारण दक्षिण-पश्चिम मानसून 11 जून की अपनी सामान्य अवधि से दो दिन आगे बढ़ गया है। बता दें कि मानसून आमतौर पर 11 जून तक आता है, लेकिन पिछले साल अरब सागर के ऊपर चक्रवात बिपरजॉय के कारण इसकी शुरूआत 24 जून को हुई थी। मौसम एजेंसी ने महानगरों के लिए यलो अलर्ट जारी कर दिया है।"। इसी के साथ मौसम विभाग ने स्थानीय लोगों को आज अपने घरों से बाहर निकलते समय सावधानी बरतने की सलाह भी दी है।

**यलो अलर्ट**

**▶▶ बारिश के कारण रेड अलर्ट, रत्नागिरी के लिए ऑरेंज अलर्ट और रायगढ़ के लिए यलो अलर्ट जारी**